दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शुक्रवार, 23 अक्टूबर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-239 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

पुलिस जिप्सी व कार की भिड़ंत में दारोगा समेत सात घायल

बेतिया। पश्चिमी चंपारण जिला अंतग्रत चनपटिया-बेतिया मुख्य सड़क पर मुसहरी के पास गुरुवार की शाम कार और सहोदरा थाना की जिप्सी के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर में चार पुलिसकर्मियों समेत सात लोग घायल हो गये। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। घायल पुलिसकर्मियों में सहोदरा थाना की एसआई प्रतिमा दुबे, जयप्रकाश सिंह, भुवनेश्वर प्रसाद यादव और अर्पण कुमारी शामिल हैं। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार संख्या बीआर-22-बीएस-6937 में सवार पति-पत्नी और एक बच्चा भी घायल हो गये। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीण और चनपटिया पुलिस मौके पर पहुंची।

आईसा की छात्र नेता नेहा बोरा ने अभिजीत दीपके को ही दे दिया झटका

नई दिल्ली (एजेंसी)। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के अभिजीत दीपके को आईसा की छात्रनेता नेहा बोरा ने बड़ा झटका दिया है। दिल्ली कोर्ट में पुलिस के बॉन्ड वाले नोटिस के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान नेहा बोरा ने बड़ी बात कही है। बोरा की ओर से बताया गया है कि वह कनॉट प्लेस में हुए प्रोटेस्ट में शामिल नहीं थी, उनका प्रदर्शन सीजेपी वाले प्रोटेस्ट से अलग था। उन्होंने मंडी हाउस में प्रोटेस्ट बुलाया था। कोर्ट में यह बोलकर नेहा बोरा ने खुद को दीपके के तिरंगा यात्रा वाले प्रोटेस्ट से अलग कर लिया।

छत्तीसगढ़ में पेड़ से टकराई बस, 6 की मौत

छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-चिमरी-भरतपुर जिले में एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है, जहां मनेंद्रगढ़ से केल्हारी जा रही यात्री बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई. इस दर्दनाक हादसे में करीब 6 लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। बस में महिलाएं और मासूम बच्चे भी सवार थे। दुर्घटना होते ही आसपास मौजूद लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायलों की मदद की और उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। हादसा इतना भीषण था कि बस के परखच्चे उड़ गए हैं। जिले की एसपी रत्ना सिंह ने बताया कि यह हादसा दोपहर बाद सेमारमठानी मोड़ के पास हुआ।

जनहित से जुड़ी जानकारी समय पर लोगों तक पहुंचे : सीएम

सूचना एवं जन-संपर्क विभाग की समीक्षा बैठक

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सूचना एवं जन-संपर्क विभाग की समीक्षा बैठक की। सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी पहलों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। वहीं बैठक में



भ्रामक खबरों पर त्वरित कार्रवाई के लिए केआरटी को करें सक्रिय

सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के सचिव नवीन कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभाग के कार्यों की अद्यतन जानकारी दी। सीएम ने कहा कि सूचना एवं जन-संपर्क विभाग सरकार और जनता के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है। विभाग यह सुनिश्चित करे कि जनहित से जुड़ी सूचनाएं समय पर लोगों तक पहुंचें और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल की जाए।

सीएम से बिहार मूल के विदेश सेवा के अधिकारियों ने की मुलाकात

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से लोकसेवक आवास के संकल्प सभागार में बिहार मूल के विदेश सेवा के अधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों ने सीएम से अपने कार्य अनुभव साझा करते हुये बिहार के पर्यटन स्थलों और राज्य के उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सीएम ने कहा कि आपके द्वारा दिए गए सुझावों पर सरकार गंभीरता से विचार करेगी।

सीएम ने कहा कि विकास कार्यों, विधि-व्यवस्था तथा अन्य महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों की निगरानी तथा नकारात्मक एवं भ्रामक खबरों पर त्वरित कार्रवाई के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम को सक्रिय करने को लेकर कार्य किया जाय। सीएम ने कहा कि पत्रकारों की पेंशन योजना से संबंधित नियमों और प्रावधानों की जानकारी सभी को प्राप्त हो ताकि पत्रकार लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि लोगों की जो समस्यायें या सुझाव सोशल मीडिया साइट्स पर आते हैं उसका प्रभावी विश्लेषण करें। सरकार के स्तर पर उसको लेकर जो कार्रवाई की जाती है, उसके संबंध में जानकारी लोगों को दें।

बिहार को एआई के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाएं : सम्राट

पटना। लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में गुरूवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार एआई नीति 2026 को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में सूचना प्रावैधिकी विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से एआई नीति के विभिन्न प्रावधानों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में राज्य को अग्रणी बनाने पर जोर दिया गया।

सीएम ने कहा कि बिहार में एआई कंपनियों, स्टार्टअप्स और डिजिटल उद्यमों के लिए बेहतर अवसर विकसित किए जाएं, ताकि राज्य नई तकनीक और नवाचार का प्रमुख केंद्र बन सके। सीएम ने संबंधित विभाग को नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक विशेष टीम गठित करने तथा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की दिशा में कार्य करने का निर्देश



सीएम ने बिहार एआई नीति 2026 को लेकर की समीक्षा बैठक

दिया। बिहार एआई नीति 2026 का उद्देश्य राज्य में नई तकनीक, नवाचार, कौशल विकास और डिजिटल उद्यमिता को बढ़ावा देना है, ताकि बिहार के युवाओं को नए अवसर मिलें और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। बैठक में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह उपस्थित थे।

2,996 विद्यालय के नए भवनों तथा 16,440 कक्षाओं का होगा निर्माण

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संकल्प सभागार में उच्च शिक्षा विभाग की बैठक की। इस दौरान सीएम ने नवस्थापित 211 डिग्री महाविद्यालयों के स्थाई कैंपस के निर्माण को लेकर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। बैठक में शिक्षा तथा उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से स्थाई कैंपस का डिजाइन प्लान, साईट प्लान, फ्लोर प्लान सहित निमार्ण हेतु भूमि की उपलब्धता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में विद्यालय भवनों के निर्माण की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। सीएम ने निर्देश दिया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 2,996 विद्यालय के नए भवनों तथा उनमें कुल 16,440 कक्षाओं के निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाए। निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

बिहार विधान परिषद की 8 सीटों के लिए वोटिंग आज

150 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे 5.32 लाख मतदाता

पटना (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद की 8 सीटों पर गुरूवार को द्विवार्षिक चुनाव के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। 23 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा, जबकि 27 अक्टूबर को मतगणना के बाद नतीजे घोषित किए जाएंगे। इस चुनाव में 4 स्नातक और 4 शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की सीटों पर कुल 150 उम्मीदवार मैदान में



सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा मतदान

हैं। इनमें स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों से 90 और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से 60 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कुल 5,32,847 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इसके लिए 933 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

इधर, पटना शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचन निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य गुरूवार को बांकीपुर गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्थित डिस्पैच सेंटर पर सहायक निवार्ची पदाधिकारी-सह-डीएम कुंदन कुमार ने मतदान कर्मियों, मजिस्ट्रेट एवं संबंधित पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की। उन्होंने सभी कर्मियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए पूरी निष्पक्षता, सतर्कता एवं सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। वहीं पटना एसएसपी कार्तिकेय के. शर्मा ने सभी थानाध्यक्ष को निदेश दिया कि अपने अपने क्षेत्र में बाइक क्यूआरटी की टीम भी तैयार रखें। डायल 112 की गाड़ी भी निरंतर संवेदन शील इलाकों में भ्रमणशील रहे। किसी भी प्रकार की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल कंट्रोल रूम या वरीय पदाधिकारी को सूचित करें। 42 फ्लाइंग स्क्वायड टीम, 11 जोनल दंडाधिकारी एवं 6 सुपर जोनल दंडाधिकारी अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में सक्रिय रहकर निर्वाचन गतिविधियों पर निरंतर नजर रखेंगे। इसके अतिरिक्त, दियारा क्षेत्रों में अश्वारोही गश्ती की व्यवस्था की गई है, जिसके लिए 6 अश्वारोही दूप तैनात किए गए हैं। बता दें पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पटना जिले में कुल 46 मतदान केंद्र तथा पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कुल 80 मतदान केंद्र निर्धारित हैं। इस प्रकार दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में पटना जिले के अंतर्गत कुल 126 केंद्रों पर मतदान संपन्न कराया जाएगा।

बैंगनी स्केच पेन से ही देनी होगी अभ्यर्थियों को अधिमान्यता

मतदान के दौरान मतदाता अपनी पसंद के अभ्यर्थी के पक्ष में अधिमान्यता अंकित करने के लिए मतदान पदाधिकारी की ओर से उपलब्ध कराए गए आधिकारिक बैंगनी रंग के स्केच पेन का ही इस्तेमाल करेंगे। किसी अन्य कलम से निशान लगाने पर मतपत्र अमान्य हो सकता है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार, प्रत्येक मतदाता को मतदान केंद्र पर निर्धारित बैंगनी रंग का पेन उपलब्ध कराया जाएगा। मतदान के बाद पेन वापस लेना भी अनिवार्य होगा। संबंधित पदाधिकारियों को इस व्यवस्था का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

सूबे में 57 पुलिस अधिकारियों का फेरबदल

आईपीएस अपराजित को पटना विधि-व्यवस्था एसपी का प्रभार

पटना (एनएसबी)। बिहार में गृह विभाग ने गुरुवार को 57 पुलिस अधिकारियों के फेरबदल और नई पोस्टिंग से जुड़ी अधिसूचना जारी की। इसमें आईपीएस अधिकारियों के साथ डीएसपी स्तर के कई अधिकारी शामिल हैं। पटना में विधि-व्यवस्था से लेकर रेल पुलिस, अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी), निगरानी अन्वेषण ब्यूरो और आर्थिक अपराध इकाई तक में बदलाव किया गया है।



मुकुल रंजन समस्तीपुर और आलोक रंजन भागलपुर के ग्रामीण एसपी

2020 बैच के आईपीएस अधिकारी अपराजित को पटना में पुलिस अधीक्षक (विधि-व्यवस्था) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वह फिलहाल बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-16, पटना के कमांडेंट हैं। वहीं पटना के विधि-व्यवस्था एसपी रहे 2010 बैच के आईपीएस मुकुल कुमार रंजन को समस्तीपुर का ग्रामीण एसपी बनाया गया है। इसके अलावा, पुलिस मुख्यालय में पदस्थापन की प्रतीक्षा कर रहे 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी आलोक रंजन को भागलपुर का ग्रामीण एसपी बनाया गया है। इसी तरह पटना में कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। मधुबनी की अपर पुलिस अधीक्षक रश्मि को पटना में रेल अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। वहीं बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर से अजय प्रसाद को हटाकर सीआईडी के विशेष अपराध प्रभाग में अपर पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। अंकुर कुमार को पटना रेल डीएसपी बनाया गया है। कंचन राज को रेल पुलिस से हटाकर सीआईडी के विशेष अपराध प्रभाग में डीएसपी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

24 से पटना एयरपोर्ट पर विंटर शेड्यूल होगा लागू

पटना (एनएसबी)। पटना एयरपोर्ट पर 24 अक्टूबर से विंटर शेड्यूल लागू होगा। इससे विमानों की आवाजाही बढ़ने और यात्रियों को उड़ानों के अधिक विकल्प मिलने की उम्मीद है। इस शेड्यूल के तहत एयरलाइंस उड़ानों के समय और परिचालन में बदलाव करती हैं। गर्मी के मौसम में पटना एयरपोर्ट से औसतन 40 जोड़ी विमानों का परिचालन होता था। जून से सितंबर 2026 के दौरान यह संख्या घटकर औसतन 32 जोड़ी रह गई। कुछ दिनों में आवाजाही 28 जोड़ी तक सिमट गई थी। विंटर शेड्यूल में उड़ानों की संख्या बढ़ने से यात्रियों को राहत मिल सकती है। फिलहाल एयर इंडिया की पटना से दिल्ली और मुंबई के लिए चार फ्लाइट हैं। इंडिगो की दिल्ली, कोलकता, मुंबई, नवी मुंबई, बेंगलुरु, रांची, लखनऊ, हैदराबाद, चेन्नई, अहमदाबाद, चंडीगढ़, पुणे और भुवनेश्वर के लिए प्रतिदिन 27 विमान हैं।

कुछ लोग विदेशों में भारत को बदनाम कर रहे : पीएम मोदी

कांग्रेस कब तक अपने फेल प्रोडक्ट की लॉन्चिंग के लिए देश को दांव पर लगाती रहेगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि दुनिया जहां नए ऑर्डर की तलाश में है। कुछ लोग भारत में डिसऑर्डर के सपने देख रहे हैं। कुछ लोग दुनिया में जाकर भारत को बदनाम कर रहे हैं। मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि पता नहीं कब तक कांग्रेस अपने फेल प्रोडक्ट की लॉन्चिंग के लिए देश को दांव पर लगाती रहेगी।

मोदी नई दिल्ली में एनडीटीवी वर्ल्ड समिट 2026 में स्पीच दे रहे थे। यहां उन्होंने दुनिया की मौजूदा राजनीति, अर्थव्यवस्था, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) और भारत की भूमिका पर बात की पीएम ने कहा कि कोरोना के समय जब दुनिया को सहयोग की जरूरत थी, तब सबने अपने स्वार्थ को प्राथमिकता दी। तब मैंने कहा था कि दुनिया के लिए एक नए वर्ल्ड ऑर्डर की जरूरत है। आजकल नए वर्ल्ड ऑर्डर की चर्चा भी



हर कोई कर रहा है, क्योंकि इसका असर आम लोगों के जीवन पर पड़ रहा है। समझना होगा कि वर्ल्ड ऑर्डर बदल क्यों रहा है और भारत की भूमिका क्या है। दूसरे विश्व युद्ध ने दुनिया को एक बड़ा सबक दिया था। दुनिया ने समझा था कि सम्मान, सहयोग और विवादों का समाधान भी जरूरी है। इसी ने यूएन की नींव रखी। टेक्नोलॉजी ने दुनिया को पूरी तरह बदल दिया। पहले जो देश उस वक्त ग्लोबल ऑर्डर का हिस्सा नहीं थे, अब वो भी आ गए हैं। यूएन के सामने आज की चुनौतियां साफ दिखाई देती हैं। जब दुनिया की समस्याएं बदल जाएं और समाधान का तरीका नहीं बदले तो दूरियां दिखती हैं। आज वही हो रहा है। आज ट्रेड वेपनाइजेशन का माध्यम बन रहा है, समुद्री रास्ते आज जियोपॉलिटिकल टेंशन का केंद्र बन रहे हैं। चुनौती ये है कि नई वास्तविकताओं को जगह कैसे मिले। यहां से भारत की भूमिका भी सामने आती है।

2020 में मैंने कहा था कि दुनिया के लिए एक नए वर्ल्ड ऑर्डर की जरूरत है यानी ऐसी व्यवस्था, जिसके केंद्र में लोग हों। ये भी समझना जरूरी है कि हम कैसे इस बदलती दुनिया में बदलती आवाजों को भी मुख्यधारा का हिस्सा बना सकेंगे। हमारे यहां चाणक्य ने कहा है कि व्यवस्था कमजोर पड़ती है तो मत्स्य न्याय पैदा होता है। यानी बड़ी मछली छोटी मछली को निगल जाती है।

अमित शाह का राहुल पर तंज

कांग्रेस 30 साल तक सत्ता में नहीं आएगी



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नई दिल्ली के द्वारका में यमुना पुनरुद्धार से जुड़ी 8,941 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर आयोजित समारोह में उन्होंने यमुना को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। विपक्ष के वोट चोरी के आरोपों पर तंज कसते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जब मैं कहता हूं कि 30 साल तक भाजपा की सरकार रहेगी तो ये जनता से कहते हैं कि देखो वोट चोरी है, वरना अमित शाह को कैसे मालूम पड़ा। आप जिस तरह से नकारात्मक राजनीति कर रहे हैं, उसके आधार पर मैं कहता हूं कि 2030 तक आपकी सरकार कभी नहीं बनने वाली है। मुझे मालूम है कि आप विदेश में हैं, अगले 30 साल आपका नंबर नहीं लगने वाला।

पटना में ब्लिंकिट, नाइन टू नाइन स्टोर पर खाद्य सुरक्षा छापेमारी

पटना (एनएसबी)। आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य संरक्षा आयुक्त कुमार रवि के निर्देश पर



पटना के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों, ब्लिंकिट एवं नाइन टू नाइन स्टोर में छापेमारी की गई। इस दौरान खाद्य पदार्थों के भंडारण, साफ-सफाई, स्वच्छता मानकों एवं एक्सपायरी उत्पादों की जांच की गई। निरीक्षण में कई अनियमितताएं सामने आईं। नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित प्रतिष्ठानों को सुधार नोटिस जारी किए गए। साथ ही, क्षतिग्रस्त एवं एक्सपायरी खाद्य पदार्थों को नष्ट कराया गया। ब्लिंकिट वेयर हाउस, नसीरपुर, ताजपुर, बायपास रोड, पटना के निरीक्षण के दौरान होल फार्म ब्रांड नाम का 276 प्रकार के खाद्य सामग्रियों का 25 टन के वितरण पर रोक लगाई गई। बेसिक ब्रांड नाम के 3102 किग्रा. विभिन्न प्रकार के दाल बिक्री पर रोक लगाई गई। सामग्रियों का मूल्य लगभग 2,13,99,535 रुपये है। नाइन टू नाइन एसके नगर, पटना स्थित प्रतिष्ठान में निरीक्षण के दौरान क्षतिग्रस्त एवं एक्सपायरी खाद्य पदार्थ एक स्थान पर भंडारित पाए गए। खाद्य सुरक्षा टीम ने प्रतिष्ठान संचालक की उपस्थिति में इन खाद्य पदार्थों को नष्ट कराया, ताकि इनकी दोबारा बिक्री न हो सके।

बख्तियारपुर में पिकअप डिवाइडर से टकराकर पलटी, एक की मौत, एक दर्जन मजदूर घायल

पटना (एनएसबी)। बख्तियारपुर-पटना फोरलेन पर माधोपुर गांव के पास मजदूरों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा लोगों घायल होने की सूचना है। सभी काम करने के लिए हाजीपुर जा रहे थे। मृतक की पहचान मल्लिक राय के रूप में हुई है। मृतक और घायल मोकामा थाना क्षेत्र के मेकरा और कन्हाईपुर गांव के रहने वाले हैं। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी बख्तियारपुर में भर्ती कराया गया।

CEC पर नया महाभियोग नोटिस आया तो जांच होगी : बिरला



नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने दिल्ली में गुरुवार को कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए विपक्ष कोई नया महाभियोग प्रस्ताव लाता है, तो उस पर नियमों और तय प्रक्रिया के तहत विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नोटिस मिलने पर उसकी जांच होगी। ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए विपक्ष अब तक दो बार नोटिस दे चुका है। पहली बार लोकसभा और राज्यसभा से नोटिस खारिज कर दिए गए थे। दूसरी बार राज्यसभा में दिए गए नोटिस पर अभी फैसला होना बाकी है। सरकार इसी महीने संसद का विशेष सत्र बुला सकती है। इसमें विपक्ष तीसरी बार ज्ञानेश कुमार को हटाने का प्रस्ताव ला सकता है। विपक्ष समेत कई संगठन स्वक्र में गड़बड़ी का आरोप लगाकर देश के अलग-अलग हिस्सों में ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग तको लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

खबरें : एक नजर में

विधान परिषद चुनाव में मतदान के लिए आज विशेष आकस्मिक अवकाश, शिक्षा विभाग ने भी जारी किया आदेश

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राज्य सरकार ने बिहार विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक चुनाव में मतदान के लिए शुक्रवार को विशेष आकस्मिक अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए दिया गया है।

सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, पटना स्नातक, तिरहुत स्नातक, दरभंगा स्नातक, कोसी स्नातक, तथा पटना शिक्षक, तिरहुत शिक्षक, दरभंगा शिक्षक और सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओं को इस अवकाश का लाभ मिलेगा।

अधिसूचना के मद्देनजर शिक्षा विभाग ने भी गुरुवार देर शाम कार्यालय आदेश जारी कर विशेष छुट्टी की घोषणा की है। इस विशेष अवकाश का उद्देश्य मतदाताओं को मतदान के लिए सुविधा मुहैया कराना है। यह विशेष अवकाश सिर्फ संबंधित स्नातक, एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचकों के लिए ही लागू होगा।

एमएलसी चुनाव को लेकर खुसरूपुर में पुलिस अलर्ट, अधिकारियों ने निकाला फ्लैग मार्च

खुसरूपुर / पटना (दैनिक नवसंदेश)। आगामी एमएलसी चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए खुसरूपुर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी कड़ी में गुरुवार को पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में खुसरूपुर के विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस ने आम लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया।

फ्लैग मार्च का नेतृत्व ग्रामीण एसपी कोमल मीणा, फतुहा डीएसपी-2 संजीव कुमार और खुसरूपुर थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। भारी संख्या में पुलिस बल के



साथ अधिकारियों ने थाना परिसर से मार्च की शुरुआत की और क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में भ्रमण किया।

इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उन्हें शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान अशांति फैलाने, मतदाताओं को डराने-धमकाने या अफवाह फैलाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारा बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। साथ ही किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस को देने का आग्रह किया, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

खुसरूपुर स्टेशन पर रेलवे का जनसंवाद कार्यक्रम, यात्रियों ने पेयजल, सफाई, ट्रेन ठहराव व सुरक्षा की समस्याएं उठाई

खुसरूपुर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। स्टेशन परिसर पर रेलवे ने अपने स्पेशल कैम्पेन के जरिए जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर दानापुर रेल डिवीजन से सीनियर डी एफ एम विराज सिंह, ए डी एफ एम अमूज कुमार, स्टेशन अधीक्षक संजय कुमार, बुकिंग सुपरवाइजर राजेश कुमार एवं अधिकारी मौजूद थे। जन संवाद कार्यक्रम के जरिए यात्री जन सुविधा एवं स्टेशन परिसर पर बड़े एवं छोटे समस्याओं की जानकारी आम



यात्रियों से बात कर लिया। इस जन संवाद के मौके पर यात्रियों ने कई समस्यों को अधिकारी के सामने रखी। मसलन पेय जल, लाइट, ट्रेन ठहराव, साफ सफाई, स्टेशन परिसर का विस्तार एवं यात्री शेड, शौचालय और सुरक्षा को लेकर उसके समाधान की मांग किया। रेलवे अधिकारियों ने खुसरूपुर के आम यात्रियों की मांगो और समस्याओं को सूचीबद्ध किया और बताया कि यात्री जन समस्याओं का आकलन कर उनका समाधान किया जाएगा ताकि यात्रियों को कोई दिक्कत नहीं हो। भारतीय रेल की ओर से यात्रियों से सीधा संवाद कर विभिन्न स्टेशनों पर जन सुविधा को सुढ़ करने एवं पूर्व से जारी सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए यह संवाद कार्यक्रम किया जा रहा है। खुसरूपुर स्टेशन की सुविधाओं को और बेहतर करने के विषय पर अधिकारियों से यहां के लोगो ने खुलकर अपनी बात रखी। वोही प्रखंड के पूर्व प्रमुख रहे भोला सिंह ने अधिकारियों से प्लेटफार्म नंबर दो के मेन रास्ते पर लगाए जाने वाले अवैध टेम्परेरी दुकानों को अविलंब हटाने की बाते रखी। पूर्व प्रमुख ने अधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि प्लेटफार्म नंबर दो के आने जाने वाले रास्ते पर फल और अनाज की दुकानें स्थानीय रेलवे अधिकारी के मिली भगत से लगाया जाता है। इससे यात्रियों को आने और जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। आये दिन दुर्घटनाएं होती है। अधिकारियों ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और इसका त्वरित समाधान करने का आश्वासन दिया। हालांकि इस महती कार्यक्रम में पी एफ ए नीरज वर्मा की आने की सूचना थी लेकिन वे अपनी व्यस्तता के कारण नहीं आ सके। मौके पर रेल यात्री सुविधा मंच की ओर से पिंकू कुमार कोरांच ने अपनी ओर से रेलवे क्रसिंग एवं अन्य समस्याओं को लेकर बाते रखी।

निर्वाचन कार्य को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराएं : डीएम

पटना शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन को लेकर प्रशासन की व्यापक तैयारी, मतदान कर्मियों को निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने का निर्देश

42 फ्लाइंग स्क्वायड टीम, 11 जोनल दंडाधिकारी एवं 6 सुपर जोनल दंडाधिकारी रहेंगे सक्रियय दियारा क्षेत्रों में अश्वारोही गश्ती की व्यवस्था'



सहायक निर्वाची पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, पटना कुंदन कुमार ने मतदान कर्मियों, मजिस्ट्रेट एवं संबंधित पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की।

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचन निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। इसी क्रम में बांकीपुर गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्थित डिस्पैच सेंटर पर सहायक निर्वाची पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, पटना कुंदन कुमार ने मतदान कर्मियों, मजिस्ट्रेट एवं संबंधित पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की। उन्होंने सभी कर्मियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए पूरी निष्पक्षता, सतर्कता एवं सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सभी पदाधिकारी एवं कर्मी पूरी तरह निष्पक्ष रहें एवं निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुरूप कार्य करें। यह निर्वाचन अत्यंत संवेदनशील है। अतः सभी कर्मी पूरी सतर्कता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। निर्वाचन की निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि डिस्पैच सेंटर से मतदान सामग्री प्राप्त करने के बाद सभी मतदान कर्मी सीधे अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर जाएंगे। मतदान समाप्त होने के उपरांत बैलेट बक्स एवं मतदान से संबंधित अन्य सभी सामग्रियों को जमा करने के लिए सीधे निर्धारित स्ट्रान्ग रूम पहुंचेंगे। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी व्यक्ति से अनावश्यक संपर्क अथवा बातचीत नहीं करेंगे। किसी प्रकार की समस्या या असुविधा होने पर तत्काल वरीय पदाधिकारी को सूचित करेंगे, ताकि समय पर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि मतदान के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंगनी रंग के कलम का ही उपयोग किया जाएगा। मतदान केंद्र पर आने वाले प्रत्येक मतदाता को निर्धारित कलम उपलब्ध कराया जाएगा तथा मतदान के बाद उसे वापस लेना सुनिश्चित किया जाएगा। इस निर्देश का सख्ती से अनुपालन करने को कहा गया।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा एवं सतर्कता बरतने का दिया निर्देश : इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने भी मतदान कर्मियों, मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पूरी सजगता, सतर्कता एवं निष्पक्षता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया।

उन्होंने सभी थानाध्यक्ष को निदेश दिया कि अपने अपने क्षेत्र में टीम भी तैयार रखें ।डायल 112 की गाड़ी भी निरंतर संवेदन शील इलाकों में भ्रमण शील रहे।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या, असामान्य गतिविधि अथवा विधि-व्यवस्था से संबंधित स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल कंट्रोल रूम या वरीय पदाधिकारी को सूचित करें। जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आवश्यक सहायता एवं सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

पटना जिले में शिक्षक निर्वाचन के 46 तथा स्नातक के 80 मतदान केंद्रों पर होगा मतदान : पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पटना जिले में कुल 46 मतदान केंद्र तथा पटना ातक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कुल 80 मतदान केंद्र निर्धारित हैं। इस प्रकार दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में पटना जिले के अंतर्गत कुल 126 मतदान केंद्रों पर मतदान संपन्न कराया जाएगा।

मतदान के दौरान आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई है। इसके तहत 42 फ्लाइंग स्क्वायड टीम, 11 जोनल दंडाधिकारी एवं 6 सुपर जोनल दंडाधिकारी अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में सक्रिय रहकर निर्वाचन गतिविधियों पर निरंतर नजर रखेंगे।

इसके अतिरिक्त दियारा क्षेत्रों में अश्वारोही गश्ती की व्यवस्था की गई है, जिसके लिए 6 अश्वारोही टूप तैनात किए गए हैं। इनके माध्यम से संबंधित क्षेत्रों में सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था को और सुढ़ बनाया जाएगा। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन अथवा किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी । सभी मतदान भवनो पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं सभी मतदान केंद्रों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था है।

जिला एवं अनुमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित : निर्वाचन संबंधी शिकायतों के त्वरित निष्पादन एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला एवं अनुमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं।

विवाहिता की संदिग्ध मौत मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

खुसरूपुर / पटना (दैनिक नवसंदेश)। थाना क्षेत्र के सोमर टोला बैकठपुर में गुरुवार की दोपहर एक 22 वर्षीय विवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान स्वर्गीय शंकर कुमार की पत्नी नीतू कुमारी के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, नीतू के पति शंकर की तीन महीने पहले एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। पति के निधन के बाद से नीतू अपने मायके नालंदा जिले के नूरसराय थाना अंतर्गत चरुहि पर गांव में रह रही थी। बुधवार को ही नीतू के ससुर और अन्य ससुराल वाले उसे मायके से विदा कराकर बैकठपुर लाए थे। बताया जा रहा है कि घर में किसी बात को लेकर कलह चल रही थी। नीतू की मौत की खबर मिलते ही मायके पक्ष के लोग बैकठपुर पहुंचे। उन्होंने ससुराल वालों पर नीतू की हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही बैकठपुर मंदिर ओपी प्रभारी संतोष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से कई वैज्ञानिक साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। ओपी प्रभारी ने बताया कि मृतका के परिजनों की ओर से लिखित शिकायत मिलने पर आगे की प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगा कि यह हत्या है या आत्महत्या। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर मामले की छानबीन कर रही है।

7 वें एग्री-वोल्टेइक्स विश्व सम्मेलन में कृषि एवं स्वच्छ ऊर्जा के एकीकृत मॉडल पर चर्चा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन '7वीं एग्री-वोल्टेइक्स विश्व सम्मेलन (पावरिंग द ग्लोबल साउथ) में भाग लिया। इस अवसर पर विश्वभर के नीति-निर्माताओं, कृषि वैज्ञानिकों एवं ऊर्जा विशेषज्ञों के साथ कृषि और सौर ऊर्जा के समन्वय से किसानों की आय बढ़ाने, कृषि भूमि के बहुआयामी उपयोग, अत्याधुनिक एग्रीवोल्टाइक्स तकनीकों तथा सतत एवं जलवायु-अनुकूल कृषि को बढ़ावा देने की संभावनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।



कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ।

इस कार्यक्रम में मंत्री ऊर्जा विभाग बिहार शैलेश कुमार , कनक वर्धन सिंह देव , उप मुख्यमंत्री, ओडिशा, मंत्री ऊर्जा विभाग, उत्तर प्रदेश, अरविंद कुमार शर्मा, मंत्री कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश, सूर्य प्रताप शाही एवं मंत्री नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, मध्य प्रदेश, राकेश शुक्ला उपस्थित रहे।

विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन तथा केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भारत पारंपरिक कृषि को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए किसानों को 'अन्नदाता से ऊर्जादाता' बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है।

श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का लक्ष्य है कि कृषि उत्पादकता को बनाए रखते हुए स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा दिया जाए तथा किसानों के लिए आय के अतिरिक्तअवसर सृजित कर उन्हें आर्थिक रूप से अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाया जाए।

उन्होंने कहा कि एग्री वोल्टेइक्स के माध्यम से एक ही भूमि पर खाद्यान्न उत्पादन के साथ सौर ऊर्जा का उत्पादन कृषि क्षेत्र में नवाचार, संसाधनों के कुशल उपयोग और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। यह पहल न केवल कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने और पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगी, बल्कि किसानों के लिए अतिरिक्त आय के अवसर सृजित कर उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता को भी मजबूत आधार प्रदान करेगी।

एक खेत, दो लाभ : खाद्यान्न उत्पादन के साथ सौर ऊर्जा का सृजन

सूर्य के प्रकाश से बिजली, मिट्टी से अन्न', खुशहाल किसान, हर घर प्रसन्न : विजय कुमार सिन्हा

श्री सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार में औसत जोत का आकार लगभग 0.39 हेक्टेयर होने के कारण यहाँ किसान उत्पादक समूहों एवं सहकारी समितियों के माध्यम से सामूहिक रूप से एग्री-वोल्टाइक्स परियोजनाओं का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी और व्यावहारिक हो सकता है।

दीपावली एवं छठ महापर्व को लेकर पटना नगर निगम चलाएगा विशेष अभियान 'स्वच्छता संकल्प'

25 अक्टूबर से 10 नवंबर 2026 तक सभी वार्डों में कचरा उठाव से लेकर सड़क, नाला एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई पर रहेगा विशेष जोर

पटना (दैनिक नवसंदेश)। दीपावली एवं छठ महापर्व के अवसर पर शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पटना नगर निगम द्वारा "25 अक्टूबर से 10 नवंबर 2026 तक विशेष स्वच्छता अभियान 'स्वच्छता संकल्प'" चलाया जाएगा। यह अभियान पटना नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में संचालित होगा।

त्योहारों के दौरान घरों, दुकानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों में विशेष साफ-सफाई की जाती है, जिसके कारण सामान्य दिनों की तुलना में कचरे की मात्रा बढ़ने की संभावना रहती है। ऐसे में कचरे का समय पर उठाव, समुचित निष्पादन तथा शहर के सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई सुनिश्चित करना नगर निगम की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से निगम प्रशासन ने विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

कचरा प्वाइंट की सफाई एवं दोबारा कचरा जमा होने पर रोक : शहर में निजी खाली भूखंडों, ट्रांसफर्मर के आसपास, सड़क किनारे तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कचरा जमा होने वाले स्थानों को चिति कर विशेष अभियान के तहत उनकी सफाई कराई जाएगी। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सफाई के बाद संबंधित स्थलों पर दोबारा कचरा जमा न हो।

इसके लिए स्थानीय नागरिकों के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा तथा अनधित रूप से कचरा फेंकने वाले व्यक्तियों की पहचान की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले घरों, दुकानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों पर नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा। बार-बार कचरा फेंकने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध लागू नियमों के अनुसार सील करने सहित आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

कचरा परिवहन वाहनों का प्रतिदिन तीन ट्रिप करना अनिवार्य : अभियान के दौरान कचरे के त्वरित उठाव एवं परिवहन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सभी कचरा परिवहन वाहनों से प्रतिदिन तीन ट्रिप सुनिश्चित कराए जाएंगे, ताकि विभिन्न वार्डों से एकत्रित कचरे का समय पर उठाव एवं निष्पादन हो सके। निर्धारित ट्रिप पूरा नहीं करने वाले वाहनों की निगरानी की जाएगी तथा संबंधित प्रावधानों के अनुसार भुगतान की राशि में कटौती की जाएगी।

इसके अतिरिक्त शहर के सभी चिति येलो स्पट एवं रेड स्पट की विशेष सफाई और नियमित धुलाई सुनिश्चित की जाएगी।

24 को सभी माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी

बिहार की गौरवशाली परम्पराएं होगी इस माह की संगोष्ठी की थीम

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राज्य के सभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 24 अक्टूबर को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। इस माह की संगोष्ठी की थीम बिहार की गौरवशाली परम्पराएं' रखी गई है। इसके तहत विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बिहार की समृद्ध परम्पराओं, सांस्कृतिक विरासत और गौरवशाली इतिहास से परिचित कराने पर जोर दिया जाएगा।

संगोष्ठी और विद्यालयों में आधारभूत संरचना से जुड़ी जरूरतों की समीक्षा के लिए गुरुवार को शिक्षा विभाग की ओर से ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के आलोक में सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) सहित अन्य विद्यालयों में आधारभूत संरचना के बारे में जिलों से प्राप्त प्रतिवेदनों की समीक्षा की गई।

बैठक में सरस्वती विद्या निकेतन के प्रधानाध्यापकों द्वारा दिए जाने वाले दैनिक प्रतिवेदन की स्थिति पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही विद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशाला और आईएसएम लैब के प्रभावी उपयोग की समीक्षा की गई।

बैठक में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) शामिल हुए। वहीं, सरस्वती विद्या निकेतन के प्रधानाध्यापक अपने-अपने जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष से ऑनलाइन बैठक में जुड़े।

कॉफ्फेड की अनूठी पहल : जलकुंभी बनेगी मछुआरों की आर्थिक समृद्धि का आधार : कश्यप

जलकुंभी से उपयोगी उत्पादों के निर्माण, कौशल विकास, महिला सशक्तीकरण एवं स्वरोजगार को मिलेगा बढ़ावा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ (कॉफ्फेड) के तत्वावधान में गुरुवार को मीन भवन सभागार, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना में जलकुंभी हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। कॉफ्फेड के वेस्ट टू वेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य जलाशयों में पाई जाने वाली जलकुंभी को उपयोगी एवं मूल्यवर्धित हस्तशिल्प उत्पादों में परिवर्तित कर मछुआरा समुदाय के लिए स्वरोजगार एवं अतिरिक्तआय के नए अवसर विकसित करना है।

कार्यक्रम में प्रदीप कुमार सहनी, निदेशक, कॉफ्फेड, दीनबंधु चौधरी, मंत्री, बिहटा प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति, विजय कुमार बिंद, मंत्री, नावानगर प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति तथा ओम प्रकाश चौधरी, सदस्य, मनेर प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति सहित मत्स्य सहकारिता क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों की सहभागिता रही।

इस अवसर पर कॉफ्फेड के पदाधिकारीगण् मुनव्वर अली, प्रमोद कुमार रजक, मोनू कुमार, रानी सहनी, कंचन वाला, अमृतेश आनंद, सुप्रिया, भारती कुमार, स्वास्तिका राज, रवि सहनी, प्रकाश कुमार एवं चंदन कुमार।



मीन भवन, पटना में जलकुंभी हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह में बोलते अधिकारी।

कार्यक्रम के दौरान घोषणा की गई कि 24 अक्टूबर 2026 से नालंदा जिले की परवलपुर प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति से जलकुंभी हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से कॉफ्फेड के सदस्यों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे स्थानीय स्तर पर उपलब्ध प्रातिक संसाधनों का सदुपयोग करते हुए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

इस अवसर पर कॉफ्फेड के प्रबंध निदेशक ऋषिकेश कश्यप ने जलकुंभी के व्यावसायिक उपयोग एवं मछुआरा समुदाय के आर्थिक सशक्तीकरण की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कॉफ्फेड का उद्देश्य पारंपरिक मत्स्यपालन के साथ-साथ मछुआरा परिवारों को आय के वैकल्पिक साधनों से जोड़ना है। जलकुंभी का उपयोग हस्तशिल्प उत्पादों के निर्माण में किए जाने से एक ओर जलाशयों के प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर मछुआरा परिवारों, महिलाओं और युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर विकसित किए जा सकेंगे। इस पहल में टैक्सटाईल मंत्रालय, उद्योग विभाग, होप एवं आदार का सहयोग कफेड को लगातार प्राप्त हो रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम चरण नालंदा जिले की परवलपुर प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति से प्रारंभ किया जाएगा। इसके माध्यम से समिति के सदस्यों को जलकुंभी के संग्रहण, प्रसंस्करण एवं हस्तशिल्प उत्पाद निर्माण से संबंधित व्यावहारिक कौशल प्रदान करने की योजना है।

कार्यक्रम में मुकेश कुमार, असिस्टेंट डायरेक्टर, टेक्सटाइल, भारत सरकार ने जलकुंभी आधारित हस्तशिल्प उद्योग की संभावनाओं तथा ग्रामीण स्तर पर कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जलकुंभी जैसी प्रातिक सामग्री से आकर्षक एवं उपयोगी हस्तशिल्प उत्पादों का निर्माण ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हो सकती है। उन्होंने इस क्षेत्र में आधुनिक डिजाइन, उत्पाद की गुणवत्ता, पैकेजिंग, कौशल विकास तथा बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादन को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

खबरें — खास-खास

मीठी क्रांति : मधुमक्खी पालन से आत्मनिर्भर बन रहीं जीविका दीदियां, 5. 4 करोड़ रुपये तक पहुंचा कारोबार

जीविका के 71.47 लाख रुपये के शुरुआती सहयोग से खड़ा हुआ महिला उद्यमिता का मजबूत नेटवर्क

11,855 जीविका दीदियों को मधुमक्खी पालन और शहद उत्पादन से मिला आजीविका का अवसर, महिलाओं की आय और आत्मविश्वास में हो रहा इजाफा : श्रवण कुमार

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार के गांवों में शहद की मिठास अब ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता और उद्यमिता की नई पहचान बन रही है। बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) के सहयोग से मधुमक्खी पालन और शहद उत्पादन का कारोबार महिलाओं के लिए रोजगार, नियमित आमदनी और आर्थिक सशक्तीकरण का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। इस पहल से जुड़ी महिला उद्यमिता का एक उल्लेखनीय उदाहरण वैशाली की 'मधुग्राम महिला प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड' है, जिसका संचयी कारोबार अब तक लगभग 5.4 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है।



ग्रामीण विकास तथा सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के मंत्री एवं जदयू विधायक दल के नेता - सह- उत्तर प्रदेश संगठन प्रभारी श्रवण कुमार ।

14 अक्टूबर 2020 को गठित इस कंपनी को जीविका की ओर से शुरुआती तौर पर 71. 47 लाख रुपये का वित्तीय सहयोग मिला था। इस सहायता ने मधुमक्खी पालन, शहद उत्पादन और उसके व्यावसायिक विपणन को संगठित रूप देने में अहम भूमिका निभाई। आज कंपनी से वैशाली, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, भागलपुर और समस्तीपुर जिलों की 675 महिला शेयरधारक जुड़ी हुई हैं। यह पहल ग्रामीण महिलाओं के सामूहिक प्रयास, उद्यमशीलता और आर्थिक आत्मनिर्भरता की प्रेरक मिसाल बन रही है।

मधुग्राम महिला प्रोड्यूसर कंपनी वित्तीय वर्ष 2022-23 से लगातार मुनाफा अर्जित कर रही है। इस उद्यम के माध्यम से राज्यभर में 11,855 जीविका दीदियों को मधुमक्खी पालन और शहद उत्पादन से आजीविका के अवसर उपलब्ध हुए हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा मिलने के साथ महिलाओं की आमदनी के नए रास्ते खुले हैं।

आईटीबीपी के 136 हिमवीर महानिदेशक सम्मान से अलंकृत

10 कार्मिकों को महानिदेशक रजत स्मृति चिन्ह, 126 को प्रशस्ति पत्र

एक वर्ष में 2,500 से अधिक कार्मिकों की शिकायतों का समाधान, 299 आवासों का निर्माण पूर्ण

महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने हिमवीरों से किया संवाद प्रशिक्षण, स्वास्थ्य और कल्याण पर दिया विशेष बल

अलवर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के केंद्रीय प्रशिक्षण महाविद्यालय (सीटीसी), अलवर में आयोजित 'हिमवीर सम्मान समारोह' में महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बल के 136 कार्मिकों को उनके साहस, समर्पण एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया। इनमें 10 कार्मिकों को 'महानिदेशक रजत स्मृति चिन्ह' तथा 126 को 'महानिदेशक प्रशस्ति पत्र' प्रदान किए गए। प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वालों में इंजीनियरिंग एवं पायनियर शाखा के 12 कार्मिक भी शामिल हैं।



उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया।

समारोह में हिमवीरों से संवाद करते हुए महानिदेशक ने उनके शौर्य और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। उन्होंने कहा कि दुर्गम हिमालयी सीमाओं की सुरक्षा से लेकर आंतरिक सुरक्षा और आपदा राहत एवं बचाव तक, आईटीबीपी के कार्मिक कठिन परिस्थितियों में भी समर्पण के साथ राष्ट्रसेवा कर रहे हैं। उनका मनोबल, प्रशिक्षण, स्वास्थ्य और कल्याण ही बल की वास्तविक शक्ति है।

महानिदेशक ने कार्मिक कल्याण से जुड़ी उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि इस वर्ष 2,500 से अधिक हिमवीरों की शिकायतों का त्वरित समाधान किया गया है तथा 299 नए आवासों का निर्माण पूर्ण हुआ है। अग्रिम चौकियों पर तैनात कार्मिकों को गुणवत्तापूर्ण वस्त्र, आधुनिक उपकरण और बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के प्रयास भी जारी हैं। उन्होंने बदलती सुरक्षा चुनौतियों के अनुरूप आधुनिक प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता और निरंतर क्षमता संवर्धन को बल की प्रमुख प्राथमिकता बताया।

महानिदेशक ने कहा कि हिमवीरों के साथ उनके परिवारों का कल्याण भी संगठन की महवपूर्ण जिम्मेदारी है। आयुष्मान सीएपीएफ योजना के अंतर्गत कार्मिकों एवं उनके परिजनों को चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। वहीं, हिमवीर वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (हावा) द्वारा दिव्यांग बच्चों को व्हीलचेयर, चिकित्सा एवं शैक्षणिक उपकरण तथा आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। खेलों में उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले हिमवीरों के बच्च

संक्षिप्त खबरें

द्वितीय अपील के 08 मामलों की सुनवाई

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा आज बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के अंतर्गत द्वितीय अपील के कुल 08 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें मुख्य रूप से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित मामले शामिल थे। सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक मामले की विस्तृत समीक्षा करते हुए अपीलार्थियों द्वारा उठाए गए बिंदुओं तथा संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी ली गई। मामलों के निस्तारण में उत्पन्न परिस्थितियों एवं उपलब्ध अभिलेखों की भी समीक्षा की गई। सुनवाई के क्रम में कुल 03 मामलों का निष्पादन सुनिश्चित किया गया।

नए राशन कार्ड निर्माण हेतु लंबित आवेदनों की समीक्षा



आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिलाधिकारी, मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नए राशन कार्ड निर्माण हेतु प्राप्त आवेदनों के लंबित ई-केवाईसी कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा नए राशन कार्ड निर्माण हेतु प्राप्त आवेदनों के ई-केवाईसी की अद्यतन स्थिति एवं लंबित आवेदनों की प्रखंडवार समीक्षा की गई। इस क्रम में बताया गया कि खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार सरकार द्वारा नए राशन कार्ड निर्माण हेतु लंबित आवेदनों का ई-केवाईसी पूर्ण कराने के लिए विशेष अभियान संचालित करने का निदेश दिया गया है।

अज्ञात बुजुर्ग महिला समेत दो की मौत

आरा (दैनिक नवसंदेश)। ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात बुजुर्ग महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना पीरो थाना क्षेत्र के बचरी रेलवे लाइन के समीप की है। जहां गुरुवार की सुबह रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात 65 वर्षीया बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। दूसरी घटना कारीसाथ स्टेशन के समीप डाउन लाइन पर गुरुवार सुबह की है। जहां ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात 40 वर्षीय से युवक की मौत हो गई।

छापेमारी में देशी कट्टा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। उदवंतनगर थाना पुलिस द्वारा सूचना के आधार पर छापेमारी थाना क्षेत्र के देवरिया गांव में छापेमारी कर एक देसी कट्टा बरामद किया। हालांकि आरोपी मौके से भाग निकला था, लेकिन पुलिस ने कुछ घंटे बाद ही उसे देवरिया गांव से ही गिरफ्तार कर लिया गया। वह उदवंतनगर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी राममोहन बैठा का पुत्र छोटक बैठा है। पुलिस अधीक्षक को अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी।

विवाद को लेकर दो दोस्तों को मारी चाकू

आरा (दैनिक नवसंदेश)। बड़हरा थाना क्षेत्र के बड़का लौहर गांव में गुरुवार की सुबह विजयदशमी के दिन हुए विवाद को लेकर दो दोस्तों को चाकू मार दी गई। इससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जख्मियों में बड़हरा थाना क्षेत्र के बड़का लौहर गांव निवासी संतोष सिंह का 23 वर्षीय पुत्र लखनदेव सिंह एवं उसी थाना क्षेत्र के छपरा पर गांव निवासी मुन्ना यादव का 22 वर्षीय पुत्र बिटू यादव है। बिटू यादव ने बताया कि विजयदशमी के दिन गांव के एक लड़के की मोबाइल चोरी हो गई थी। वह दोनों युवकों पर आरोप लगा रहा था। जिसको लेकर उस दिन झगड़ा भी हुआ था। हालांकि खत्म हो गई थी। बावजूद इसके वह उन्हें मारने की धमकी भी दे रहा था। गुरुवार की सुबह जब वे दोनों दूध लेकर पैदल घर लौट रहे थे। तभी उक्त लड़कों ने लखनदेव सिंह को घेर कर उसे चाकू मार दी। जब वह बीच-बचाव करने गया तो, उनके द्वारा उसके कंधे पर दांत से काट दिया गया और उसे दाहिने हाथ में चाकू मार दी गई।

संभावना के छात्र श्रेयांश सिंह ने लहराया सफलता का परचम



आरा (दैनिक नवसंदेश)। शुभ नारायण नगर मझौंवा स्थित संभावना आवासीय उच्च विद्यालय के छात्र श्रेयांश कुमार सिंह ने वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में अपनी सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्र श्रेयांश कुमार सिंह ने विद्यालय भारत्तोलन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उसने भोजपुर जिला खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। वही प्रमंडल खेलकूद प्रतियोगिता में भी उसने प्रथम स्थान लाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके बाद बिहार राज्य खेलकूद प्रतियोगिता में उसने उच्चस्तरीय खेल का प्रदर्शन करते हुए सेकंड स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल को अपने नाम किया। उसकी इस उपलब्धि पर विद्यालय की निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र एवं प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने बधाई दी है। प्राचार्या डॉ.अर्चना सिंह ने कहा कि होनहार छात्र श्रेयांश कुमार सिंह पर विद्यालय को गर्व है, उसने अपने मेहनत और काबिलियत के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उसकी इस उपलब्धि से संभावना विद्यालय का नाम पूरे बिहार स्तर पर रोशन हुआ है। निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र ने कहा कि श्रेयांश कुमार सिंह ने विद्यालय का नाम रोशन कर मान-सम्मान बढ़ाया है।

करंट से महिला की मौत

आरा (दैनिक नवसंदेश)। कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव में गुरुवार की दोपहर विद्युत प्रवाहित तार की चपेट महिला की मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतका कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव निवासी बाली पासवान के 28 वर्षीया पत्नी ममता कुमारी है।

शहीद-ए-आजम भगत सिंह पर पुस्तक का लोकार्पण

आरा (दैनिक नवसंदेश)। डॉ. विमल कुमार सिंह द्वारा लिखित पुस्तक 'क्रांतिकारी आंदोलन में शहीद-ए-आजम भगत सिंह का योगदानः एक ऐतिहासिक विश्लेषण' का लोकार्पण रहा। इस अवसर पर भगत सिंह के क्रांतिकारी विचारों, स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान और भारतीय युवाओं के लिए उनकी वैचारिक विरासत के महत्व को रेखांकित किया गया।

नूतन छात्रावास में रची जा रही थी उपद्रव मचाने की साजिश, हथियार के साथ सरपंच समेत छह गिरफ्तार

मूर्ति विसर्जन के दौरान उपद्रव की सूचना पर पुलिस की छापेमारी में मिली बड़ी कामयाबी, एसपी बोले: छात्रावास के खिलाफ कार्रवाई को भेजी जाएगी विस्तृत रिपोर्ट

आरा (दैनिक नवसंदेश)। नवादा थाना क्षेत्र के करमन टोला स्थित नूतन छात्रावास में मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन के दौरान शहर में उपद्रव मचाने की साजिश रची जा रही थी। उसके लिए छात्रावास में अवैध हथियार और कारतूस जमा किया गया था। बाहरी लोगों का जमावड़ा भी हुआ था। पुलिस ने मौके से एक सरपंच सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। दंडाधिकारी गुड्डू कुमार सिंह की मौजूदगी में छापेमारी के दौरान छात्रावास एक पिस्टल, दो मैगजीन, आठ जिंदा कारतूस, एक दाब, दो ब्लूटूथ, नौ मोबाइल, एक बाइक और रेलवे की चोरी की दस चादर बरामद किये गये हैं। साथ ही कुछ अन्य आपत्तिजनक सामान भी जब्त किए हैं। गिरफ्तार लोगों में बड़हरा थाने के केशोपुर गांव निवासी प्रदुमन कुमार, शाहपुर थाना के गरेया गांव निवासी अभिजीत कुमार चैबे, आयर थाना क्षेत्र के बलिगांव गांव निवासी मोहित कुमार सिंह, अगिआंव बाजार थाने के अमेहता गांव निवासी लवकुश तिवारी, मुफस्सिल थाना के भदेया गांव निवासी गोलू कुमार सिंह और बक्सर जिले के सिकरौल थाने के परमेश्वरपुर गांव निवासी धीरज कुमार शामिल हैं। प्रदुमन कुमार और गोलू कुमार सिंह का पूर्व से भी आपराधिक इतिहास रहा है। मोहित कुमार सिंह सरपंच बताया जा रहा है। इस मामले में मत्स्य पदाधिकारी सह दंडाधिकारी गुड्डू कुमार सिंह के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। छात्रावास के संचालक खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस की ओर से विस्तृत रिपोर्ट उचित प्राधिकार को भेजने की तैयारी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने बताया कि बुधवार की शाम सूचना मिली कि नूतन छात्रावास में मूर्ति विसर्जन के दौरान किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की साजिश की जा रही है।

क्षत्रिय नेता सह पूर्व अधिकारी की हत्या में शामिल आरोपियों का पुलिस ने कराया गुंडा परेड

आरोपियो को गुंडा परेड कराते हुए न्यायालय ले गई पुलिस ● सड़क के दोनों ओर अभियुक्तों को देखने के लिए उमड़ी रही भीड़ ● लोगों ने कहा: पुलिस के इस कार्रवाई से अपराधियों का गिरेगा मनोबल





आरा (दैनिक नवसंदेश)। चर्चित पूर्व कस्टम अधिकारी सह क्षत्रिय कल्याण संघ के अध्यक्ष रामकुमार सिंह की हत्या में मुख्य आरोपित चंदन सिंह सहित तीन अभियुक्तों का पुलिस ने गुंडा परेड कराया। नवादा थाना की पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी नगर थाना क्षेत्र के बड़की सिंगही गांव निवासी चंदन सिंह, बिंद टोली निवासी अभिषेक यादव और नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा हाउसिंग कॉलोनी निवासी टीपू कुमार को न्यायालय में भेजने से पहले गुंडा परेड कराया। इस दौरान पुलिस टीम नवादा थाना से तीनों अभियुक्तों को लेकर पैदल करमन टोला, मठिया मोड़, महावीर टोला, रमना रोड होते हुए न्यायालय पहुंची। गुंडा परेड को देखने के लिए सड़क के दोनों और लोगों की भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान नवादा थानाध्यक्ष कुमार रजनीकांत के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस कर्मी तैनात रहे। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की काफी सराहना की है, कहा कि पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों का मनोबल गिरेगा। बता दें कि 15 अक्टूबर की सुबह करीब छह बजे कनकपुरी मोहल्ले में मॉर्निंग वॉक पर जाने के लिए घर से निकल रहे क्षत्रिय कल्याण संघ के अध्यक्ष सह पूर्व कस्टम अधिकारी रामकुमार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। कार निकालने के बाद गैराज में ताला बंद करने के दौरान घात लगाए बाइक सवार बदमाशों की ओर से उन्हें सात से आठ गोलियां मारी गयी थी। इस मामले में पूर्व अधिकारी के बेटे अमित कुमार उर्फ गोल्डी के बयान पर मुकदमा दर्ज किया गया है। उसमें चंदन सिंह, मुफस्सिल के तत्कालीन थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राम कल्याण यादव और राजस्व कर्मचारी विष्णु देव सिंह सहित 14 लोगों को नामजद किया गया है। चंदन सिंह सहित अन्य लोगों पर गोली मारने, जबकि इंस्पेक्टर राम कल्याण एवं राजस्व कर्मचारी विष्णु देव सिंह सहित अन्य लोगों पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने घटना के दिन ही एक आरोपित मनोज सिंह उर्फ लक्की को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि चंदन और अभिषेक की गिरफ्तारी कोलकाता से हुई। वहीं टीपू को आरा से गिरफ्तार किया गया।

कोर्ट में गवाही नहीं देने की दी धमकी, एक गिरफ्तार, दो फरार

पीड़ित धर्मेंद्र कुमार सिंह के बयान पर सात पर नामजद प्राथमिकी

आरा(दैनिक नवसंदेश)। नवादा थाना क्षेत्र के विष्णु नगर पानी टंकी के समीप शुक्रवार की रात्रि केस के गवाह को जान से करने के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जबकि दो अन्य भागने में सफल हो गए। गिरफ्तार नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ला निवासी स्व. मनोज तिवारी का पुत्र नीतीश कुमार उर्फ मंगरु है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक दीक्षित ने गुरुवार को प्रेस नोट जारी कर दी। बताया जाता है कि नवादा थाना क्षेत्र के विष्णु नगर नाला रोड निवासी सीताराम सिंह के पुत्र धर्मेंद्र कुमार सिंह बुधवार की रात अपने अंगरक्षक रूपेश कुमार के साथ जब पानी टंकी स्थित दुर्गा पूजा पंडाल जा रहे थे। जैसे ही वह पानी टंकी के पास पहुंचे तो, वहां विपुल कुमार राय, शुभम चौधरी एवं नीतीश कुमार उर्फ मंगरु ने उन्हें घेर लिया और हत्या करने का प्रयास किया। तभी दुर्गा पंडाल पास मौजूद पुलिस द्वारा नीतीश कुमार उर्फ मंगरु को गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि विपुल कुमार राय और शुभम चौधरी अपने हाथ में लिए हथियार से धमकी देते हुए भाग निकले। इस संबंध में नवादा थाना क्षेत्र के विष्णु नगर नाला रोड निवासी सीताराम सिंह के पुत्र धर्मेंद्र सिंह ने स्थानीय थाने में लिखित आवेदन देकर नाम जड़ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि 21 अक्टूबर की रात 1 बजे दुर्गा पूजा पंडाल पानी टंकी के पास मेरा पुत्र साहिल कुमार, मेरा अंगरक्षक रूपेश कुमार जा रहे थे। तब मैं पानी टंकी पहुंचा, तो देखा कि जगदेव नगर निवासी विपुल राय, जगदीशपुर के परसिया, निवासी शुभम चौधरी, जगदेव नगर निवासी नितीश उर्फ मंगरु इन लोगों के गिरोह के कुछ लड़का वहां पर था। इन लोगों ने हमारी घेराव कर हत्या करने का प्रयास किया। दुर्गा पूजा पंडाल के पास प्रशासन नीतीश कुमार उर्फ मंगरु को पकड़ लिया, तो विपुल और शुभम हाथ में पिस्टल लिए हमको धमकी देते हुए भागने लगे। बोले की तुम अगर गवाही दोगे, तो समझ लेना। इस बार नहीं बचोगे तुम्हारा सारा परिवार को हम जान से मार देंगे। प्राथमिकी में कहा गया है कि ये लोग 2 महीने पूर्व से ही जान से मारने की योजना बनाई रहे थे, जिसमें जेल में बंद सुमन राय बिट्टू राय, दीपक पांडेय, जेल से बाहर पाल मार्केट निवासी चंदन कुमार राय है। जो संगठित गिरोह चलते हैं, मेरे भाई उपेंद्र सिंह उर्फ मिथुन सिंह की हत्या भी इन्हीं लोगों द्वारा किया गया। उक्त हत्या में मैं आंखों देखा गवाह हूं। कोर्ट में गवाही देने के कारण मेरा बार-बार हत्या करने की नियोजित ढंग से प्रयास किया जाता है। यह लोग दो महापुर भी हमें जान से मारने की योजना बना रहे थे, जो मेरे करीबी द्वारा बताया गया कि तुमको जान से करने की योजना बना रहे थे जिसे जेल में बंद सुमन राय बिट्टू राय दीपक पांडे जेल से विपुल राय धर्मेंद्र कुमार सिंह द्वारा नवादा थाना में नीतीश कुमार उर्फ मंगरु, शुभम चौधरी एवं विपुल कुमार राय सहित सात लोगो के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया की बीते 28 सितंबर वर्ष 2020 को उनके भाई उपेंद्र सिंह उर्फ मिथुन सिंह नामजद लोगों द्वारा हत्या कर दी गई थी। उस केश में वह चश्मदीद गवाह है।

महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, घर में मचा कोहराम

परिजन ने ससुराल वालों पर हत्या का लगाया आरोप



आरा(दैनिक नवसंदेश)। शहर से सटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के यादोपुर गांव में गुरुवार को एक महिला ने गले में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।घटना को लेकर गांव एवं आसपास की इलाके में सनसनी मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है। जबकि मायके वालों द्वारा ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मृतका मुफस्सिल थाना क्षेत्र के यादोपुर गांव निवासी आशीष सिंह की 31 वर्षीया पत्नी शिवानी है। उसका पति सीआरपीएफ जवान है। इधर, कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के नरगदा गांव निवासी मृतका के चचेरे भाई अर्जुन सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी बहन शिवानी की शादी वर्ष 7 दिसंबर 12 को आशीष सिंह से की थी। शादी के बाद से ही उनके पति का अफेयर किसी अन्य लड़की से था। वह उससे बातचीत करता था। जब भी उसकी बहन शिवानी उसे मना करती तो, उसके साथ मारपीट की जाती थी। बहन ने इसकी शिकायत घर वालों एवं मां से भी की थी। दूसरी तरफ मृतका के चचेरे भाई अर्जुन सिंह ने उसके पति के अवैध संबंध के कारण पति एवं ससुराल वालों द्वारा उसकी गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि मृतका पति सीआरपीएफ में जवान है। वर्तमान में वह छत्तीसगढ़ के रायपुर में पोस्टेड है। उसे दो पुत्र आदित्य एवं आयुष है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया। उसकी मां मंजू देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

रेल जन संवाद में आम यात्रियों ने मुखर होकर रखी समस्याएं



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल अंतर्गत आरा-सासाराम रेलखंड के हसन बाजार स्टेशन हाल्ट पर रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित रेल जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान आम रेल यातरियों ने काफी मुखर होकर अपनी समस्याओं को उठाया। रेलवे के सीटीआई रंजीत कुमार की मौजूदगी में आयोजित इस रेल जन संवाद कार्यक्रम के दौरान ज्यादातर स्थानीय रेल यात्रियों ने पटना-भभुआ इंटरसिटी (13249, 13250) के हसनबाजार स्टेशन हाल्ट पर ठहराव की मांग प्रमुखता से की। यात्रियों ने बताया कि उक्त ट्रेन का हसनबाजार स्टेशन हाल्ट पर ठहराव नहीं होने से स्थानीय लोगों को 10 किलोमीटर दूरी तय कर बिक्रमगंज या पीरो जाकर ट्रेन पर सवार होना पडता है। इसी तरह हसनबाजार स्टेशन हाल्ट पर प्लेटफार्म को ऊंचा करने, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, कम्प्यूटराइज्ड टिकट व साफ-सफाई सुनिश्चित करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। रेलवे के वरीय अधिकारी आनलाइन पूरे जनसंवाद कार्यक्रम को देखकर रहे थे। वैसे सीटीआई ने यात्रियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निदान का भरोसा दिलाया। मौके पर समाजसेवी आनंद कुमार, रामनाथ प्रसाद, कातर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कन्हैया सिंह, नारायणपुर पंचायत मुखिया गुड्डू कुमार, जेठवार पंचायत मुखिया मुन्ना कुमार, कातर ग्राम कचहरी के सरपंच शारदा देवी एवं उपसरपंच गीता देवी, बाबा जी विजेंद्र चैधरी, वीरेंद्र गुप्ता, श्री राम कुशवाहा, सुभाष साह सहित बहुत सारे विद्यार्थी व दैनिक यात्री मौजूद थे।

चक्का लिफ्टिंग में भारी वाहनों से एक लाख जुर्माना



कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। यातायात नियमों की अनदेखी कर चक्का लिफ्टिंग के जरिए भारी वाहन चलाने वालों के खिलाफ कोईलवर में प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। गुरुवार को चलाए गए वाहन जांच अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले तीन भारी वाहनों से करीब एक लाख रुपये जुमार्ना वसूला गया। अभियान में रॉन्ग साइड परिचालन, ओवरलोडिंग और वाहनों के चक्के ऊपर उठाकर चलाने के मामलों की जांच की गई। आरटीओ के एसआई अनिल कुमार सिंह ने बताया कि कई 12 चक्का वाले भारी वाहनों के चालक पीछे के दो चक्कों को ऊपर उठाकर केवल 10 चक्कों के सहारे वाहन चलाते हैं। चक्का लिफ्टिंग कर परिचालन करने वाले ऐसे वाहन चालकों को चेतावनी देने के साथ जुमार्ना भी लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।एसआई अनिल कुमार सिंह के अनुसार, निर्धारित क्षमता के मुताबिक 12 चक्का वाले वाहनों को 36 टन तक वजन लेकर चलना चाहिए। लेकिन, दो चक्कों को ऊपर उठाकर वाहन चलाने से भार का दबाव बाकी चक्कों पर पड़ता है। इससे सड़क पर अतिरिक्त दबाव बनता है और सड़क के जल्दी क्षतिग्रस्त होने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे परिचालन से सड़क की गुणवत्ता और उसकी उम्र पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इसी को देखते हुए वाहन जांच अभियान के दौरान चक्का लिफ्टिंग कर चल रहे तीन भारी वाहनों पर कार्रवाई करते हुए करीब एक लाख रुपये जुमार्ना वसूला गया।

वीर कुंवर सिंह विवि के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

शैक्षणिक अराजकता एवं भ्रष्टाचार पर चिंता



आरा (दैनिक नवसंदेश)। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के स्थापना दिवस पर आरा क्लब, आरा में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय पूर्ववर्ती छात्र संघ एवं शाहाबाद सिविल सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में एक सभा एवं संवाद का आयोजन किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति, उच्च शिक्षा की गिरती गुणवत्ता, संस्थागत चुनौतियों, शैक्षणिक अराजकता, भ्रष्टाचार तथा विश्वविद्यालय के गौरवशाली अतीत को पुनर्स्थापित करने के उपायों पर व्यापक चर्चा हुई। परिचर्चा का मुख्य विषय ह्वबीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा की गिरती गुणवत्ताः चुनौतियाँ, जवाबदेही एवं शैक्षणिक पुनरुद्धार का रोडमैप था। वक्ताओं ने विश्वविद्यालय की वर्तमान स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा किसी भी समाज के बौद्धिक, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास का आधार होती है। ऐसे में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता में गिरावट केवल एक शैक्षणिक संस्थान की समस्या नहीं, बल्कि पूरे शाहाबाद क्षेत्र के भविष्य, विद्यार्थियों के रोजगार, शोध एवं नवाचार की संभावनाओं और सामाजिक विकास से जुड़ा गंभीर विषय है। अध्यक्षता वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय पूर्ववर्ती छात्र संघ की कार्यकारी अध्यक्ष एवं महिला महाविद्यालय की पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. कमल कुमारी ने की। पूर्व सांसद रामेश्वर प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। संचालन डॉ. शशि कुमार सिंह ने किया। परिचर्चा में वक्ताओं ने कहा कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की स्थापना शाहाबाद क्षेत्र में उच्च शिक्षा के विस्तार, विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र की शैक्षणिक आकांक्षाओं को पूरा करने के उद्देश्य से की गई थी। विश्वविद्यालय से भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिलों के लाखों विद्यार्थियों की उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। समारोह में यह भी रेखांकित किया गया कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय केवल एक शैक्षणिक संस्था नहीं, बल्कि शाहाबाद क्षेत्र की बौद्धिक चेतना, सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक प्रगति का महत्वपूर्ण केंद्र है। विश्वविद्यालय की मजबूती से क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा तथा उच्च शिक्षा के लिए अन्य क्षेत्रों पर उनकी निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। सभा में नन्द कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, डॉ कंचन कुमारी, डॉ योगेंद्र सिंह, दिलीप पाण्डेय, जितेंद्र शुक्ला, शशि कांत तिवारी, प्रो अरुण कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, सचितानंद यादव, डॉ ममता मिश्रा, डॉ रेणु मिश्रा, सत्यदीप कुमार, दिलीप कुमार सिंह, राजेंद्र दुबे, धनञ्जय सिंह, रामेश्वर भोजपुरिया, आदि थे।

जमाबंदी अद्यतीकरण एवं नामांतरण अभियान की प्रगति की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिलाधिकारी, मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जमाबंदी अद्यतीकरण एवं नामांतरण विशेष अभियान की प्रगति तथा भूमि विवाद से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्त्ता (राजस्व), भोजपुर, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जमाबंदी अद्यतीकरण एवं नामांतरण विशेष अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस क्रम में संबंधित पदाधिकारियों को अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही, लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने तथा आमजनों को राजस्व संबंधी सेवाओं का लाभ सुगमतापूर्वक उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया।

निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण मतदान की सभी तैयारियां पूरी : कौशल कुमार

जिलाधिकारी ने मतदान कर्मियों को दिया दिशा निर्देश कहा किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं



मतदान कर्मियों को ब्रीफिंग करते डीएम एसपी व अन्य।



ब्रीफिंग में भाग लेते मतदान कर्मी।

दरभंगा (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद निर्वाचन-2026 के अंतर्गत 05-दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की तैयारियों को लेकर आज प्रेक्षागृह, दरभंगा में मतदान दल, माइक्रो प्रेक्षक, जोनल एवं सुपर जोनल दंडाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग आयोजित की गई।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित मतदान संपन्न कराने का निर्देश दिया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 23 अक्टूबर 2026 को प्रातः 8 बजे से संध्या 4 बजे तक मतदान निर्धारित है। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ करने को कहा।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी मतदाता मोबाइल फोन एवं कलम लेकर मतदान कक्ष में प्रवेश नहीं करेगा।मतदाता को मतदान कक्ष में प्रवेश से पहले निर्धारित व्यवस्था के तहत अपना मोबाइल फोन एवं कलम मतदान केंद्र पर प्रतिनियुक्त कर्मियों के पास जमा करना होगा। मतदान दल मतपेटिका लेकर जाते समय रास्ते में किसी भी रेस्टोरेंट, दुकान अथवा ढाबे पर नहीं रुकेंगे। मतपेटिका की सुरक्षा एवं निर्धारित गंतव्य तक समय पर पहुंचाना संबंधित कर्मियों की जिम्मेदारी होगी।जिले में कुल 75 मतदान केंद्र बनाए गए हैं तथा सभी मतदान केंद्रों के लिए मतपेटिका भेजी गई है। सभी मतदान केंद्रों पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतदान कराना सुनिश्चित किया जाए। मतदान समाप्त होने के बाद मतपेटिकाओं को निर्धारित संग्रहण स्थल तक सुरक्षित पहुंचाने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। यदि कोई मतदाता बार-बार मतदान केंद्र पर आता है अथवा उसकी गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होती हैं, तो संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उस पर सतर्कतापूर्वक नजर बनाए रखें तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करें। यदि कोई व्यक्ति फर्जी मतदाता के रूप में मतदान करते हुए पकड़ा जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज कराने सहित आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मतदान केंद्रों पर लगातार वीडियोग्राफी कराने का निर्देश दिया। वीडियोग्राफी के दौरान मतदान की गोपनीयता किसी भी परिस्थिति में भंग न हो। उन्होंने माइक्रो प्रेक्षकों, जोनल एवं सुपर जोनल दंडाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर मतदान प्रक्रिया की निगरानी करने और किसी भी समस्या की सूचना तत्काल वरीय पदाधिकारियों को देने का निर्देश दिया। चारों जिलों से संबंधित मतपेटिकाओं को निर्धारित प्रक्रिया के तहत लहेरियासराय स्थित नया खेल भवन परिसर में, जिला अतिथिगृह के निकट बनाए गए निर्धारित संग्रहण स्थल पर जमा कराया जाएगा। मतपेटिकाओं के सुरक्षित परिवहन, प्राप्ति एवं जमा कराने की प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने पुलिस पदाधिकारियों को निर्वाचन के दौरान पूरी तरह सक्रिय एवं सतर्क रहने का निर्देश दिया। उन्होंने वाहनों के चालकों को निर्धारित रूट एवं मार्ग व्यवस्था की समुचित जानकारी देने पर बल दिया, ताकि मतदान दल एवं निर्वाचन सामग्री का परिवहन सुचारू रूप से हो सके।उक्त ब्रीफिंग में नगर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार चौधरी, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक साक्षी कुमारी, अपर समाहर्ता (राजस्व) रोहित कुमार, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर कुमार गौरव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

आज डी एम सी एच के चार नंबर फीडर की बिजली रहेगी बाधित

दरभंगा (एनएसबी)। दिनांक 23 अक्टूबर,2026 को 33/ 11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र डीएमसीएच में 11 केवी 4 नंबर फीडर के भीसीबी का मेंटेनेंस का कार्य एमआरटी के द्वारा कराया जाना है, जिसके कारण 11 बजे पूर्वाहन से एक बजे अपराह्न तक 11 केवी 4 नंबर फीडर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित होने वाले क्षेत्र-शाहगंज, हॉस्पिटल रोड, एमएलए अकैडमी, अयाचीनगर, भटवा पोखर, आर सतयवती,22 नंबर गुमटी, रामानन्द पथ, अल्लपट्टी , बेता चौक आदि।

विधान परिषद चुनाव में कुशेश्वरस्थान के 491 मतदाता करेंगे मतदान

कुशेश्वरस्थान पूर्वी (एनएसबी)। विधान परिषद चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूर्ण कर ली गई है। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र संख्या 05 से कुल मतदाता 12 है,जिसमें पुरुष 12 हैं और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र संख्या 05 से कुल मतदाता 479 हैं ,जिसमें महिला वोटर 64 तथा पुरुष मतदाता 415 है। यहां 23 अक्टुबर को मतदान सुबह 8 बजे से आरंभ होगा और अपराह्न 4 बजे तक चलेगा।

बेरि चौक में माता रानी का विसर्जन संपन्न, अनुमंडल प्रशासन का रहा सहयोग



विसर्जन जुलुस मे शामिल श्रद्धालु एवं अन्य।

कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)। बेरि चौक स्थित श्री श्री 108 दुर्गा पूजा समिति द्वारा शारदीय नवरात्र के समापन पर माता रानी के भव्य प्रतिमा का विसर्जन बड़ी भक्ति भाव और गाजे बाजे के साथ बाबा पोखर में किया गया। बुधवार को जैसे ही माता की डोली बाबा पोखर पहुंची तो पूरा वातावरण दुर्गा मैया की जय" और बोलो सांचे दरबार की जय" के जयकारों से गूंज उठा। सैकड़ो श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता को विदाई दी। गुलाल अबीर उड़ाकर युवाओं ने माता को अगली बार फिर आने का न्योता दिया। वही विसर्जन जुलूस को शांतिपूर्ण सुरक्षित और सुरक्षित सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में अनुमंडल प्रशासन का सराहनीय योगदान रहा। एसडीएम शशांक राज, एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी एवं कुशेश्वरस्थान थाना प्रभारी गौरव प्रसाद के सहयोग से शांति व्यवस्था बनी रही।समिति ने प्रशासनिकअधिकारियों का हृदय से आभार प्रकट किया। वही सचिव सत्येंद्र कुमार अध्यक्ष राहुल कुमार ने कहा कि पूजा को सफल बनाने मे समिति सदस्यों सहित कन्हैया कुमार, नथुनी साह,प्रमोद कुमार, बबलू राय, संतोष भगत, बहादुर भगत, मौजे मुखिया आदि ने व्यवस्था को पूरा संभाला।

नवरंग दुर्गा पूजा समिति ने शहर का परिक्रमा करते हुए किया प्रतिमा विसर्जन



प्रतिमा विसर्जन जुलूस में शामिल श्रद्धालु।

दरभंगा (एनएसबी)। जिले में कई दुर्गा पूजा समितियां ने गुरुवार को मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन जुलूस निकाला। हसन चौक के नवरंग दुर्गा पूजा समिति द्वारा लगभग तीन चार घंटे तक टावर चौक एवं अन्य स्थानों का परिक्रमा करते हुए मनोकामना मंदिर के सामने स्थित तालाब में प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिसकर्मी मौजूद रहे। रंग गुलाल उड़ाते फूल की वर्षा करते और पटाखा छोड़ते विभिन्न धुनों पर उत्साहपूर्वक श्रद्धा वालों ने प्रतिमा विसर्जन जुलूस में भाग लिया।

28 अक्टूबर को होगा 30वाँ जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 का आयोजन

दरभंगा (एनएसबी)। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि जिले के युवाओं की कला एवं संस्कृति से जुड़ी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 30वाँ जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 का आयोजन 28 अक्टूबर 2026 को प्रेक्षागृह-सह-आर्ट गैलरी, लहेरियासराय, दरभंगा में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों तथा संस्थानों के पात्र युवा भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। उत्सव के तहत समूह लोक नृत्य, समूह लोकगीत, चित्रकला, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। नुक्कड़ नाटक का विषय नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारतह्न निर्धारित किया गया है।उन्होंने कहा कि समूह लोक नृत्य एवं समूह लोकगीत के लिए प्रत्येक दल में अधिकतम 10 प्रतिभागी शामिल होंगे। इनमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के अधिकतम 7 कलाकार तथा 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के 3 सहयोगी कलाकार शामिल हो सकेंगे। प्रस्तुति के लिए 5 से 8 मिनट का समय निर्धारित है। समूह लोक नृत्य में रिकॉर्डेड संगीत की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ ही नुक्कड़ नाटक के लिए प्रत्येक दल में अधिकतम 10 प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे। प्रस्तुति के लिए अधिकतम 7 मिनट का समय निर्धारित है। जबकि कविता लेखन के लिए कविता की अधिकतम शब्द सीमा 500 शब्द होगी तथा लेखन के लिए डेढ़ घंटे का समय निर्धारित किया गया है।उन्होंने कहा कि चित्रकला प्रतियोगिता निर्धारित नियमों के अनुसार आयोजित की जाएगी। निर्धारित नियमों के अनुसार, प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक ही विधा में भाग ले सकेगा। पात्रता के लिए प्रतिभागियों की आयु 17 अगस्त 2026 तक 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इच्छुक प्रतिभागी अपना आवेदन 24 अक्टूबर 2026 को शाम 5 बजे तक जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय, प्रेक्षागृह-सह-आर्ट गैलरी, लहेरियासराय, दरभंगा में जमा कर सकते हैं।

समूह लोक नृत्य, समूह लोकगीत, चित्रकला, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताओं में युवा दिखाएंगे प्रतिभा

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर, शाम 5 बजे तक

एमएलएसएम कॉलेज में अंतर-महाविद्यालय हैंडबॉल खेल प्रतियोगिता का सफल समापन

दरभंगा (एनएसबी)। एम.एल.एस.एम. कॉलेज, दरभंगा के प्रांगण में आयोजित अंतर-महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण माहौल में भव्य समापन हो गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न कॉलेजों की कुल 16 टीमों (8 बालक वर्ग एवं 8 बालिका वर्ग) ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

बालक वर्ग में आरबीएस कॉलेज तिहाई और बालिका वर्ग में एमआरजीडी कॉलेज बेगूसराय बनी विजेता

प्रतियोगिता के रोमांचक परिणाम

बालक वर्ग

प्रथम (विजेता): आर.बी.एस. कॉलेज, तिहाई, बेगूसराय, द्वितीय (उपविजेता): एम.एल.एस.एम. कॉलेज, दरभंगा, **तृतीय स्थान :** पी.जी. एथलेटिक्स, एलएनएमयू, दरभंगा,चौथा स्थानः एस.बी.एस.एस. कॉलेज, बेगूसराय।

बालिका वर्ग

प्रथम (विजेता): एम.आर.जी.डी. कॉलेज, बेगूसराय,द्वितीय (उपविजेता): आर.बी.एस. कॉलेज, तिहाई, बेगूसराय **तृतीय स्थानः** एम.एल.एस.एम. कॉलेज, दरभंगा,चौथा स्थानः पी.जी. एथलेटिक्स, एलएनएमयू, दरभंगा।

समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में विश्वविद्यालय के खेल पदाधिकारी अमृत कुमार झा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।विशिष्ट अतिथि खेल निदेशालय के निदेशक डॉ. अजयनाथ झा ने विजेताओं व उपविजेताओं को बधाई दी। आयोजन समिति के अध्यक्ष सह एमएलएसएम कॉलेज के प्राचार्य प्रो. शंभू कुमार यादव ने अंतर-महाविद्यालय टूर्नामेंट की मेजबानी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने खिलाड़ियों की खेल भावना की सराहना करते हुए कॉलेज के शारीरिक शिक्षा निदेशक एवं आयोजन टीम के उत्कृष्ट प्रबंधन का बड़प्पन स्वीकार किया। अपने प्रेरणादायी संबोधन के साथ प्राचार्य ने प्रतियोगिता के औपचारिक समापन की घोषणा की। महाविद्यालय के खेल प्रभारी उदय कुमार साह ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित किया।

गृह मंत्री के जन्मदिन पर सांसद ने कुशेश्वर नाथ महादेव मंदिर में किया जलाभिषेक



कुशेश्वरस्थान में पूजा अर्चना करते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर।

दरभंगा (एनएसबी)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के जन्मदिन के अवसर पर दरभंगा के सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कुशेश्वरस्थान पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की तथा वैदिक विद्वानों के मंत्रों के साथ विधिवत जलाभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने भगवान त्रिभुवन स्वामी भगवान भोलेनाथ से गृह मंत्री अमित शाह के यशस्वी जीवन, उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु होने एवं राष्ट्रसेवा के पथ पर निरंतर अग्रसर रहने की कामना की।

सांसद ने अमित शाह के यशस्वी जीवन, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की

सांसद डॉ ठाकुर ने गृह मंत्री के यशस्वी होने की कामना करते हुए कहा कि भोलेनाथ गृह मंत्री को देश की सेवा करने के लिए निरंतर शक्ति, ऊर्जा एवं सामर्थ्य प्राप्त होती रहे तथा उन्होंने उनके नेतृत्व में राष्ट्र की एकता, अखंडता, आंतरिक सुरक्षा तथा विकास के संकल्प को और अधिक मजबूती मिलती रहे। इन्होंने अपने दृढ़ संकल्प, संगठनात्मक क्षमता और राष्ट्र के प्रति समर्पण से देश की राजनीति एवं सार्वजनिक जीवन में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उनका जीवन राष्ट्रसेवा, कर्तव्यनिष्ठा और जनकल्याण के प्रति समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विनय पासवान लोजपा नेता प्रभाकर ठाकुर भाजपा नेता मणिकांत झा पिंटू झा रामसागर ठाकुर संतोष झा राहुल झा आदि मौजूद थे।

बेनीपुर में तीन बूथों पर मतदान आज, सभी तैयारी पूरी

बेनीपुर (एनएसबी)। विधान परिषद के शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव को लेकर बेनीपुर प्रखंड में सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रखंड में दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कुल तीन मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए अंचल कार्यालय में मतदान केंद्र बनाया गया है। यहां कुल 227 मतदाता मतदान करेंगे, जिनमें 195 महिला एवं 32 पुरुष शामिल हैं। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रखंड मुख्यालय में दो मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान केंद्र संख्या 49 पर कुल 1293 मतदाता (952 महिला, 340 पुरुष) और मतदान केंद्र संख्या 39 पर कुल 1279 मतदाता (923 महिला, 356 पुरुष) अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस प्रकार स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2572 मतदाता हैं। एसडीओ मनीष कुमार झा ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी हैं। मतदान केंद्रों पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात किया गया है। मतदान केंद्रों के 200 गज की परिधि में निषेधाज्ञा लागू की गई है, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

प्रतिमा विसर्जन में आर्म्स व पांच कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

धरमपुर मोहल्ला मे मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन यात्रा में खलल डालने की कोशिश हुई नाकाम



जुलूस में शामिल श्रद्धालु।

दरभंगा (एनएसबी)। सदर थाना क्षेत्र के धरमपुर मोहल्ला से बीती शाम निकल रही मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन यात्रा में दो आपराधिक चरित्र वाले युवकों को पुलिस ने दबोच लिया। दोनों अपराधी किसी वारदात को अंजाम देने वाले थे । बताया जाता है कि प्रतिमा विसर्जन जुलूस में दो युवक संदिग्ध हालात में मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा में शामिल थे। प्रतिमा विसर्जन जुलूस बड़ी धूमधाम से निकाली जा रही थी, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे। इसी दौरान विसर्जन मार्ग में

पुलिस ने संदेह होने पर घेराबंदी कर तलाशी ली तो एक युवक ने अपनी कमर से हथियार निकाल कर फेंक दिया। दूसरे युवक ने उस पिस्टल को उठाकर भागने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा में तैनात जवानों ने उसे दबोच लिया। पुलिस को तलाशी में उसके पास से पांच कारतूस भी बरामद हुए।सदर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पकड़े गए युवकों की पहचान निशांत कुमार, पिता रामविलास यादव और सुमन कुमार, पिता शंभू पोद्दार के रूप में हुई है। दोनों लक्ष्मीसागर, जेपी चौक, वार्ड नंबर-16 का निवासी है।पकड़े गए युवकों से पूछताछ की जा रही है और उनके अन्य फरार साथियों की भी तलाश की जा रही है।

जनसंवाद कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक ने यात्रियों से लिया फीडबैक

दरभंगा (एनएसबी)। समस्तीपुर मंडल के डीआरएम ज्योति प्रकाश मिश्र ने गुरुवार को रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के बीच जनसंवाद कार्यक्रम किया।जनसंवाद में डीआरएम श्री मिश्र ने कहा कि पूरे देश में भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान के तहत गुरुवार को सभी स्टेशनों पर यात्रियों के साथ जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दरभंगा जंक्शन पर भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।उन्होंने कहा कि हम यात्रियों से सुझाव ले रहे हैं और जो समस्या सामने आती है, उसे डायरी में नोट कर उस पर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही मीडिया से भी संपर्क किया जा रहा है, उनके माध्यम से बहुत सी जानकारियां प्राप्त होती हैं। इस क्रम में ट्रेन की साफ-सफाई, यात्री सुविधाओं सहित कई अन्य मुद्दों पर यात्रियों से जनसंवाद किया गया।



दरभंगा जंक्शन पर यात्री सुविधा का निरीक्षण करते डीआरएम।

डीआरएम श्री मिश्र ने सभी रेल पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी जनहित के मुद्दे हों, उसे मीडिया के साथियों को जरूर बताएं, ताकि वह बात आम लोगों तक पहुंच सके। रेलवे से संबंधित जो भी जानकारी मीडिया द्वारा मांगी जाए, स्थानीय रेल पदाधिकारी बिना किसी हिचक के मीडिया के साथ साझा करें। मीडिया के माध्यम से जनहित की बातें जन-जन तक पहुंचाई जा रही हैं।इस जनसंवाद कार्यक्रम में सीनियर डीसीएम अनितेश कुमार, पीआरओ आर. के. सिंह, स्टेशन प्रबंधक मनोज कुमार एवं राम कुमार सहित आरपीएफ, जीआरपी और कई रेलकर्मी उपस्थित रहे।

पांच कर्मियों से स्पष्टीकरण, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत होगी कड़ी कार्रवाई



डीएम एसपी जानकारी।

लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं

निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं कर्मी अलर्ट मोड में रहकर पूरी सजगता एवं तत्परता से निर्धारित प्रोटोकाल के अनुरूप करें कार्य

मधुबनी (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के दरभंगा शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री आनंद शर्मा पूरी तरह सजग एवं प्रतिबद्ध है। उन्होंने निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारियों, मतदान दलों एवं पुलिस पदाधिकारियों को अलर्ट मोड में रहकर पूरी तत्परता, सजगता एवं जवाबदेही के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का सख्त निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों एवं निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सहायक निवार्ची पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्री आनंद शर्मा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री योगेंद्र कुमार की संयुक्त उपस्थिति में मतदान कर्मियों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग आयोजित की गई। ब्रीफिंग के दौरान निर्वाचन कार्य से संबंधित दिशा-निदेर्शों, निर्धारित एसओपी, दायित्वों एवं विधि-व्यवस्था संधारण से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिए गए।

इस दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति तलब की गई जिसमें पांच कर्मी अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। इसे गंभीरता से लेते हुए सहायक निवार्ची पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी ने संबंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण किया है। साथ ही, निर्वाचन संबंधी कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही अथवा निदेर्शों की अवहेलना की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन कार्य एक महत्वपूर्ण संवैधानिक एवं प्रशासनिक दायित्व है। इसमें प्रतिनियुक्त प्रत्येक पदाधिकारी एवं कर्मी की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी को अपने निर्धारित कर्तव्यों का निर्वहन समयबद्ध, अनुशासित एवं जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से करना अनिवार्य है। निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता, अनुशासनहीनता अथवा आदेशों की अवहेलना को गंभीरता से लिया जाएगा।

निर्वाचन आयोग के प्रोटोकॉल का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें

जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि वे निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल एवं एसओपी के अनुरूप ही सभी कार्यों का निष्पादन करें। मतदान प्रक्रिया के दौरान आपसी समन्वय एवं टीम भावना बनाए रखते हुए निर्धारित समय पर अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहें तथा मतदान की प्रत्येक गतिविधि पर सजग निगरानी रखें। उन्होंने विधि-व्यवस्था संधारण, मतदान केंद्रों की सुरक्षा, मतदाताओं की सुविधा तथा मतदान प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। किसी भी समस्या अथवा अप्रिय स्थिति की सूचना तत्काल संबंधित वरीय पदाधिकारी को देने तथा प्राप्त निदेर्शों के अनुरूप त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। जिलाधिकारी ने दोहराया कि निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मी पूरी निष्ठा, अनुशासन एवं जवाबदेही के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि मतदान कार्य स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जा सके। निर्वाचन संबंधी दायित्वों में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धारा के तहत नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

एमएलसी चुनाव को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारी पूरी आज होगा मतदान

बिस्फी (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र में दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद सदस्य पद एवं दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी पद के 23 अक्टूबर को होने वाली चुनाव को लेकर प्रखंड प्रशासन के द्वारा सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर दी गई है. शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान संपन्न करने के लिए प्रखंड कार्यालय परिसर में दो अलग-अलग मतदान केंद्र बनाए गए हैं. इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ बसंत कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव को लेकर सभी आवश्यक प्रशासनिक तैयारी कर ली गई है. स्नातक निर्वाचन क्षेत्र बूथ पर कुल संख्या 1181 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. इसके लिए प्रखंड कार्यालय कक्ष में मतदान केंद्र बनाया गया है. दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 64 मतदाता पंजीकृत हैं. जो अपने मत का प्रयोग करेंगे. उन्होंने स्पष्ट कहा कि मतदान के लिए चुनाव आयोग के दिशा निदेर्शों का शक्ति से पालन किया जाएगा. ताकि मतदान बिना किसी परेशानी के अपने मत का प्रयोग कर सके. प्रखंड क्षेत्र में बीएनएसएस कि धारा 163 लागू किया गया है. साथ ही शांतिपूर्ण रूप से मतदान संपन्न करने को लेकर नियंत्रण कक्षा की स्थापना की गई है. मतदान सुबह 8: बजे से शाम 4: बजे तक होगा.

बिहार विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 की तैयारियों को लेकर संयुक्त संबोधन बैठक आयोजित



डीएम एसपी निरीक्षण करते।

मधुबनी (एनएसबी)। पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि बहुदेशीय खेल भवन, मधुबनी में बिहार विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु जिला पदाधिकारी, मधुबनी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी की संयुक्त अध्यक्षता में ब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े कर्मियों को विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा चुनाव आयोग के दिशा-निदेर्शों का कड़ाई से पालन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

स्वच्छ, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए पोलिंग पार्टी दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग संपन्न

- आज प्रातः 8 बजे से अपराह्न 4 बजे तक जिले के सभी 21 प्रखंडों में होगा मतदान
- बिहार विधान परिषद के शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान की सभी तैयारियां पूरी

निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित एसओपी का अक्षरशः अनुपालन करने तथा उसके अनुरूप पूरी सजगता एवं गंभीरता से टीम भावना के साथ कार्य करने का सख्त निर्देश, लापरवाही बर्दाश्त नहीं



जानकारी देते जिला अधिकारी।

मधुबनी (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के दरभंगा शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के मद्देनजर जिले में मतदान की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 23 अक्टूबर 2026 को पूर्वाह्न 8 बजे से अपराह्न 4 बजे तक जिले के सभी 21 प्रखंडों में निर्धारित मतदान केंद्रों पर मतदान संपन्न कराया जाएगा। मतदान प्रक्रिया को स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सहायक निवार्ची पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, मधुबनी श्री आनंद शर्मा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री योगेंद्र कुमार की उपस्थिति में वाट्सन स्कूल परिसर स्थित खेल भवन-सह-व्यायामशाला में पोलिंग पार्टी, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की गई।

ब्रीफिंग के दौरान अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों एवं निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का अक्षरशः अनुपालन करने तथा उसके अनुरूप पूरी सजगता एवं जवाबदेही से कार्य करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को टीम भावना के साथ समन्वय स्थापित कर अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी सजगता, गंभीरता एवं जवाबदेही से कार्य करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर कोताही अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पोलिंग पार्टी ने मतदान सामग्री रिसीव कर संबद्ध वाहन से गंतव्य के लिए हुए रवाना, डीएम ने दी शुभकामनायें

मतदान कार्य के लिए प्रतिनियुक्त सभी पोलिंग पार्टियों एवं पुलिस पदाधिकारियों ने निर्धारित स्थल पर योगदान दिया। इसके बाद उन्हें आवंटित मतदान सामग्री उपलब्ध कराई गई तथा संबंधित वाहनों से अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। इस दौरान पोलिंग पार्टियों के सदस्यों का मिलान एवं आवश्यक सत्यापन किया गया। प्रत्येक टीम में पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम मतदान पदाधिकारी (ढ1), द्वितीय मतदान पदाधिकारी (ढ2), तृतीय मतदान पदाधिकारी (ढ3), माइक्रो ऑब्जर्वर तथा संबंधित पुलिस पदाधिकारी शामिल रहे।

मतदान सामग्री के व्यवस्थित एवं समयबद्ध वितरण के लिए पर्याप्त संख्या में काउंटर बनाए गए थे। पोलिंग पार्टियों के प्रस्थान हेतु विद्यालय परिसर में ही वाहनों की व्यवस्था की गई थी। सभी टीमों को निर्धारित रूट के अनुसार अपने-अपने मतदान केंद्रों तक पहुंचने का निर्देश दिया गया। वाहनों के निर्बाध एवं सुचारू परिचालन के लिए यातायात प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि मतदान कर्मियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

जोनल, सेक्टर एवं पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा मतदान की सतत निगरानी के लिए सभी पांच अनुमंडल पदाधिकारियों को जोनल मजिस्ट्रेट एवं पांच अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को जोनल पुलिस पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त जिला स्तर के 22 पदाधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्धारित समय पर अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित होने तथा अपने-अपने निर्धारित क्षेत्र में विधि-व्यवस्था संधारित रखने का निर्देश दिया गया है। उन्हें मतदान केंद्रों एवं मतदान केंद्र भवनों का भ्रमण करते हुए मतदान प्रक्रिया पर लगातार निगरानी रखने, निर्वाचन कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध नियमानुसार निरोधात्मक कार्रवाई करने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने को कहा गया है।

शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में वोटर एवं पोलिंग स्टेशन की स्थिति

दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए जिले में कुल 32 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में कुल 29,093 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 21,523 पुरुष एवं 7,570 महिला मतदाता शामिल हैं।

वहीं, दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए जिले में कुल 23 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1,707 मतदाता हैं, जिनमें 1,463 पुरुष एवं 244 महिला मतदाता शामिल हैं।

मतदान केंद्रों के आसपास रहेगी निषेधाज्ञा

मतदान दिवस को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से मतदान संपन्न कराने के लिए संबंधित मतदान केंद्रों के आसपास 100 मीटर की परिधि में भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू करने का निर्देश सभी अनुमंडल दंडाधिकारियों को दिया गया है। इसके तहत मतदान दिवस पर प्रातः 5 बजे से अपराह्न 6 बजे तक मतदान केंद्रों के आसपास सभी प्रकार के वाहनों, दोपहिया वाहनों सहित, का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा।

संबंधित थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि मतदान केंद्रों के आसपास पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के अनावश्यक जमावड़े को रोकें। किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक भीड़ लगाने अथवा घातक हथियार लेकर चलने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, निर्वाचन कार्य में लगे वाहनों, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा मतदान दिवस पर उपयोग के लिए निवार्ची पदाधिकारी से प्राप्त परमिटयुक्त वाहनों तथा आपातकालीन सेवाओं में लगे वाहनों को उक्त प्रतिबंध से छूट रहेगी।

जिला एवं अनुमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित

मतदान कार्य की सतत एवं प्रभावी निगरानी तथा आवश्यक सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के लिए जिला आपदा शाखा में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 06276-222576 है। इसके अतिरिक्त सभी अनुमंडल मुख्यालयों में संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों द्वारा अनुमंडल नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, ताकि मतदान के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी समस्या पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों से निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का पूर्ण अनुपालन करते हुए निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपेक्षा की है, ताकि मतदान प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। संयुक्त ब्रीफिंग के दौरान उप विकास आयुक्त श्री तुषार कुमार, अपर समाहर्ता (राजस्व) श्री मुकेश रंजन, नगर आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

बेनीपट्टी में बाइक चोरों का आतंक, तीन थाना क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं से दहशत

बेनीपट्टी (एनएसबी)। बेनीपट्टी अनुमंडल क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बेनीपट्टी, अरेर और कलुआही थाना क्षेत्रों में बाइक चोरी की अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं से वाहन मालिकों में चिंता बढ़ गई है। पीड़ितों ने संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामलों की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के सिद्धपीठ उच्चैठ में बीते 19 अक्टूबर की शाम संध्या आरती देखने गए अंधरी गांव निवासी राकेश राय की स्प्लेंडर बाइक चोरी हो गई। राकेश राय ने बताया कि उन्होंने अपनी बाइक पंचायत भवन परिसर में खड़ी की थी और आरती देखने चले गए थे। वापस लौटने पर बाइक गायब मिली। काफी खोजबीन के बावजूद बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने बेनीपट्टी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई।

वहीं, बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के छेलकाढ़ा में आयोजित पूजा के दौरान नाच कार्यक्रम में भी बाइक चोरी की घटना हुई। अग्रोपट्टी गांव निवासी श्याम यादव ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि बीते 18 अक्टूबर को वह नाच कार्यक्रम देखने गए थे। कार्यक्रम स्थल पर हैंडल लॉक कर खड़ी की गई उनकी स्प्लेंडर बाइक चोरी हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक नहीं मिली।

कलुआही थाना क्षेत्र से भी बाइक चोरी

उधर, कलुआही थाना क्षेत्र के मधेपुर गांव निवासी हेमंत कुमार की बाइक भी चोरी हो गई। उन्होंने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया कि वह दुर्गा पूजा के अवसर पर दंगा पश्चिम स्थित दुर्गा मंदिर में आयोजित मेला देखने गए थे। इस दौरान रात करीब एक से दो बजे के बीच उनकी बाइक चोरी।

विद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष का निधन, शोक में डूबा गांव व विद्यालय परिवार

बेनीपट्टी (एनएसबी)। श्री लीलाधर उच्च विद्यालय बेनीपट्टी के पुस्तकालय अध्यक्ष 51 वर्षीय सरोज कुमार झा पिता सुरेंद्र मोहन झा का निधन 21 अक्टूबर को दरभंगा अस्पताल में हो गया! मृतक बेनीपट्टी के जरैल गांव निवासी थे!

घटना की सूचना जैसे ही विद्यालय परिवार में पहुंची तो शिक्षकों और विद्यालय कर्मियों में शोक की लहर हो गई! इसी तरह जरैल गांव में घटना की जानकारी मिलते ही गांव और परिवार में शोक की लहर दौड़ गई! श्री लीलाधर उच्च विद्यालय बेनीपट्टी के प्रधानाध्यापक मोहम्मद नूरुल्लाह, राजाराम झा, सुजीत कुमार, गंगा प्रसाद, संजय कुमार, मोहम्मद हारुन, नीरज कुमार भारद्वाज सहित विद्यालय परिवार के सभी कर्मियों ने शोक संवेदना व्यक्त की है!

कड़ी सुरक्षा के बीच आज होगी दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक निर्वाचन का चुनाव

मधुबनी (एनएसबी)। दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र एवं दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का मतदान आज सुबह 7:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक कराया जाएगा! जिसकी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है! मधुबनी जिले में 32 मतदान केदो पर मतदान कराया जाएगा! सभी मतदान केदो पर मतदान कर्मी पुलिस बल के साथ पहुंच चुके हैं! जानकारी के अनुसार

दरभंगा स्नातक क्षेत्र मैं कुल मतदाता की संख्या 125951 है! जिसमें पुरुषो की संख्या मतदाता की 90006 है! वही वही महिला मतदाताओ की संख्या 36938 है! दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाता 9026 है! जिसमें

पुरुष मतदाता की संख्या 6958 है! वही महिला मतदाता ओ की संख्या 2068 है! मधुबनी जिले में दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 32 मतदान केंद्र निर्धारित हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में कुल 29,093 मतदाता हैं, जिनमें 21,523 पुरुष तथा 7,570 महिला मतदाता शामिल हैं। वहीं, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 23 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1,707 मतदाता हैं, जिनमें 1,463 पुरुष एवं 244 महिला मतदाता शामिल हैं।

बेनीपट्टी अनुमंडल के चारों प्रखंड में दरभंगा स्नातक निर्वाचन एवं दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है! दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में बेनीपट्टी अनुमंडल में कुल मतदाता 6212 है, जिसमें बेनीपट्टी में 2765,हरलाखी में 11 71,माधवपुर में 1095 विस्फी में 1181 है! इसी तरह दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के बेनीपट्टी अनुमंडल में कुल मतदाता 274 है" बेनीपट्टी में 117, हरलाखी में 59, माधवपुर में 34,

जयनगर में माँ अन्नपूर्णा कम्युनिटी किचन ने किया 221 कन्याओं का पूजन, उपहार और दक्षिणा भी दी गई

- कमला रोड स्थित रामजानकी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में कन्याओं को वस्त्र एवं अन्य सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की गई



मधुबनी (एनएसबी)। नवरात्र की नवमी तिथि के अवसर पर माँ अन्नपूर्णा कम्युनिटी किचन, जयनगर के तत्वावधान में शहर के स्थानीय कमला रोड स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में भव्य कन्या पूजन एवं भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर की 221 कुंवारी कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें महाप्रसाद ग्रहण कराया गया।

पूजन के उपरांत सभी कन्याओं को वस्त्र, पूजन सामग्री एवं अन्य उपयोगी वस्तुएँ उपहार स्वरूप भेंट की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ अन्नपूर्णा महिला मंच की सदस्यों द्वारा कन्या पूजन के साथ किया गया। समिति के सदस्यों ने कन्याओं के चरण पखारे, मंगल तिलक लगाया तथा रक्षासूत्र बांधकर श्रद्धापूर्वक उनका स्वागत किया। इसके बाद सभी कन्याओं को विधिवत भोजन कराया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत जयनगर के अध्यक्ष कैलाश पासवान, स्थानीय जिला परिषद सदस्य अंजली कुमारी, शिक्षाविद नारायण यादव, भाजपा नेत्री प्रमिला पूर्वे, पूर्व विधायक प्रत्याशी ब्रज किशोर यादव, समाजसेवी मनोज वर्मा, ई. धमेंद्र यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष सूरज गुप्ता, सूर्यनाथ महासेठ, अजय पुर्वे, गोपाल सिंह, दिनेश वर्मा, नीलेश सिंह, अजय पूर्वे, ई. आनंद कुमार एवं विजय दास सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने कन्या पूजन की परंपरा को भारतीय संस्कृति और सनातन आस्था का महत्वपूर्ण अंग बताया।

उन्होंने कहा कि नवरात्र में कन्याओं को माँ दुर्गा का स्वरूप मानकर उनकी पूजा की जाती है। ऐसे आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज में सेवा, सद्भाव और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से माँ अन्नपूर्णा कम्युनिटी किचन, माँ अन्नपूर्णा महिला मंच एवं माँ अन्नपूर्णा रक्त रक्षक जैसी संस्थाओं की सेवा भावना भी देखने को मिली। समिति के सदस्यों ने बताया कि जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराना तथा समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा करना संस्था का प्रमुख उद्देश्य है।इस आयोजन में संस्था के संरक्षक डॉ. सुनील कुमार राउत, उपेंद्र नायक, प्रवीर महासेठ, गणेश कांस्यकार, सुनील कुमार, जय प्रकाश नायक, मुन्नी देवी, कामिनी साह, सरिता कुमारी, संतोष कुमार (एसएसबी), संजय महतो, मुख्य संयोजक अमित राउत, नवीन साह, प्रथम कुमार, विवेक सूरी, हर्षवर्धन, पप्पू पूर्वे, प्रवीण सिंह, सुमित कुमार राउत, मिथिलेश कुमार समेत दर्जनों सक्रिय कार्यकताओं ने भाग लिया और आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नवरात्र की अष्टमी एवं नवमी तिथि पर कन्या पूजन और भोज का विशेष महत्व है। कन्याओं को माँ दुर्गा का प्रत्यक्ष स्वरूप मानकर उनका पूजन करने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। माँ अन्नपूर्णा सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सेवा और समर्पण का संदेश भी दिया गया।

तिरहुत विधान परिषद चुनाव : मतदान की तैयारी पूरी, मतपत्र की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

203 मतदान केंद्रों पर आज होगी वोटिंग

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक चुनाव को लेकर गुरुवार को एमआईटी परिसर में मतदान कर्मियों की अंतिम ब्रीफिंग की गई। प्रेक्षक कौशल किशोर के निर्देशन में पीठासीन पदाधिकारियों, माइक्रो प्रेक्षकों, दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। अधिकारियों को मतदान की गोपनीयता और मतपत्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया।

तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त सह निवार्ची पदाधिकारी गिरिवर दयाल सिंह ने कहा कि निर्वाचन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान दल अपने निर्धारित केंद्रों के लिए रवाना हो चुके हैं। उन्होंने अधिकारियों को पारदर्शिता, निष्पक्षता और आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। प्रेक्षक कौशल किशोर ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण मतदान कराना निर्वाचन आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करें। तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के 145 और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के 58 सहित कुल 203 मतदान केंद्रों पर शुक्रवार, 23 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। चुनाव में ईवीएम के बजाय मतपत्र और मतपेटी का इस्तेमाल किया जाएगा। मतदान केंद्रों पर माइक्रो प्रेक्षक एवं वीडियोग्राफर तैनात रहेंगे। जिलाधिकारी कुमार गौरव और वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी। मतदान के बाद मतपेटियां एमआईटी स्थित वज्रगृह में जमा होंगी। मतगणना 27 अक्टूबर को एमआईटी के प्रशासनिक भवन में निर्धारित है।



मतदान कर्मियों को अंतिम ब्रीफिंग करते निर्वाची पदाधिकारी सह प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह।

मतदान कर्मियों को तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त सह निवार्ची पदाधिकारी ने किया ब्रीफिंग

आचार संहिता के उल्लंघन में जन सुराज प्रत्याशी श्याम नंदन कुमार यादव के खिलाफ एफआईआर

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के तिरहुत शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के दरम्यान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में जिला प्रशासन ने जन सुराज पार्टी के तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी श्याम नंदन कुमार यादव के विरुद्ध आचार संहिता उल्लंघन के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है। कार्यपालक दंडाधिकारी, पूर्वी मुजफ्फरपुर ने काजी मोहम्मदपुर थाना में इस संबंध में आवेदन दिया था। थानाध्यक्ष द्वारा भारतीय न्याय संहिता की धारा 223, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। बताया गया है कि बुधवार 22 अक्टूबर 2026 को जिला प्रशासन को सूचना मिली थी कि ऑनलाईन माध्यम से साइलेंस पीरियड में जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार श्याम नंदन कुमार यादव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर प्रचार कर रहे है। इस सूचना के सत्यापन के लिए थानाध्यक्ष काजी मोहम्मदपुर को सहयोग हेतु सूचित किया गया। जाँच में पाया गया कि प्रचार जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार श्याम नंदन कुमार यादव द्वारा किया जा रहा था। तत्संबंधी प्रचार सामग्री, हैंड बिल आदि पाया गया। जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार एवं उनकी पार्टी के अन्य कार्यकताओं द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया गया है। बताया गया कि मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व साइलेंस पीरियड में चुनाव प्रचार करना धारा-223 बीएनएस एवं 126 आर० पी० एक्ट,1951 के अंतर्गत एक संज्ञेय अपराध है। इस पर थानाध्यक्ष द्वारा सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वही जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी कुमार गौरव ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्वाचन क्षेत्रों में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निरूपित आदर्श आचार संहिता लागू है जो निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण होने तक प्रभावी रहेगी।

प्रमंडलीय नियंत्रण कक्ष से हर घंटे होगी मतदान प्रतिशत की निगरानी

आयुक्त ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं पारदर्शी मतदान कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह के निर्देश पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान की निगरानी और शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए तीन पालियों में कार्य करेगा। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 0621-2213962 और ई-मेल आईडी divcom.tirhut-bih@nic.in है। यहां मतदान दलों के प्रस्थान, माइक्रो प्रेक्षकों की तैनाती, मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं और प्रत्येक घंटे के मतदान प्रतिशत की जानकारी प्राप्त की जाएगी। शिकायतों को दर्ज कर जांच एवं आवश्यक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के 145 और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के 58 सहित कुल 203 मतदान केंद्रों पर सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। मतदान में ईवीएम के बजाय मतपत्र और मतपेटी का उपयोग किया जाएगा।


मतदान प्रतिशत की निगरानी के लिए की गई तैयारी की जानकारी देते प्रमण्डलीय आयुक्त।

आयुक्त ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं पारदर्शी मतदान कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मतदान समाप्ति के बाद मतपेटिकाओं को सुरक्षित एमआईटी स्थित वज्रगृह में जमा कराने तक निगरानी की जाएगी। मतगणना 27 अक्टूबर को एमआईटी के प्रशासनिक भवन में होगी।

संक्षिप्त खबरें

स्कॉर्पियो-बाइक की टक्कर में अगरबत्ती कारोबारी की मौत, आग लगने से स्कॉर्पियो जल कर राख

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। सदर थाना क्षेत्र के मधुबनी फोरलेन पर बुधवार देर रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और बाइक के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार अगरबत्ती कारोबारी अशोक कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के तुरंत बाद स्कॉर्पियो में आग लग गई और देखते ही देखते वाहन धू-धू कर जलने लगा। वहीं घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार रात करीब 12:30 बजे मुजफ्फरपुर-पटना न्यू बाइपास स्थित मधुबनी फोरलेन एनएच पर एक नई स्कॉर्पियो और बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो में आग लग गई। वाहन में सवार लोगों ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। इस दौरान घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि दमकल की गाड़ी पहुंचने से पहले ही स्कॉर्पियो काफी हद तक जलकर राख हो चुकी थी। आग पर काबू पाने के बाद पुलिस ने हादसे की जांच शुरू की। मृतक की पहचान मधुबनी गांव निवासी अशोक कुमार के रूप में हुई है। वह अगरबत्ती का कारोबार करते थे। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों ने घटनास्थल पर अंडरपास नहीं होने के कारण सड़क पार करने में होने वाली परेशानियों और दुर्घटनाओं के खतरे पर चिंता जताई। स्थानीय निवासी पंकज कुमार ने कहा कि अंडरपास के अभाव में लोगों को सड़क पार करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस स्थान पर दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। उधर, सूचना मिलने पर सदर थानाध्यक्ष नवलेश कुमार आजाद पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने अशोक कुमार के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। पुलिस दुर्घटना में शामिल स्कॉर्पियो के संबंध में जानकारी जुटा रही है।


मृतक अगरबत्ती कारोबारी अशोक कुमार की तस्बीर।

सवर्ण समाज संघर्ष मोर्चा का जनाक्रोश मार्च 4 को

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। सवर्ण समाज संघर्ष मोर्चा ने अपने आंदोलन को तेज करने का ऐलान किया है। मोर्चा की ओर से आगामी 4 नवंबर 2026 को मुजफ्फरपुर के ऐतिहासिक खुदीराम बोस मैदान से विशाल जन आक्रोश मार्च निकाला जाएगा। इस मार्च के माध्यम से यूजीसी के कथित सवर्ण विरोधी फैसले को वापस लेने, एट्रोसिटी एक्ट की समीक्षा करने और वर्तमान आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा की मांग उठाई जाएगी। मोर्चा के संयोजक रघुनंदन प्रसाद सिंह उर्फ अमर बाबू ने बताया कि आंदोलन की तैयारियों को लेकर 6 अक्टूबर को खुदीराम बोस एसोसिएशन में बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विजयादशमी के बाद आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। इसी निर्णय के तहत 4 नवंबर को मुजफ्फरपुर में जन आक्रोश मार्च आयोजित करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि मार्च का उद्देश्य लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाना है। मोर्चा का कहना है कि समाज के सभी वर्गों के लिए समान अवसर और समान अधिकार सुनिश्चित किए जाने चाहिए। इसके लिए संगठन जनसमर्थन जुटाने में लगा है। मोर्चा के संयोजक अमर बाबू ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई थीं। हालांकि, जिले से लेकर छात्र, नौजवान और प्रबुद्ध वर्ग के लोगों की भागीदारी को देखते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं और प्रशासनिक निदेशों का सम्मान करते हुए कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप देने पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आंदोलन को कमजोर नहीं पड़ने दिया जाएगा और इसे लगातार आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर में कार्यक्रम को सफल बनाने के साथ ही उत्तर बिहार के अन्य जिलों मे भी दो सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संगठन के सदस्यों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार समस्तीपुर, बेगूसराय और वैशाली समेत विभिन्न जिलों में भी प्रदर्शन की तैयारियां चल रही हैं। मोर्चा का लक्ष्य आंदोलन को व्यापक जनसमर्थन दिलाना और अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाना है। मोर्चा के संयोजक मंडल के सदस्य श्रीश कुमार सिंह एवं धीरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि संगठन को प्रखंड स्तर तक मजबूत करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क कर लोगों को आंदोलन से जोड़ने और संगठन का विस्तार करने की योजना है। संयोजक ने सभी कार्यकताओं और समर्थकों से आपसी समन्वय बनाए रखते हुए 4 नवंबर के कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने जिले के छात्रों, नौजवानों, प्रबुद्धजनों और समाज के अन्य लोगों से खुदीराम बोस मैदान पहुंचकर जन आक्रोश मार्च में शामिल होने का आह्वान किया है।


जानकारी देते संगठन के संयोजक।

यूजीसी के फैसले की तत्काल वापसी और आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा की मांग, उत्तर बिहार के अन्य जिलों में भी होगा प्रदर्शन

वरिष्ठ नागरिकों ने किया स्नेह मिलन कार्यक्रम

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। सीनियर सिटीजन कौंसिल के कार्यकारी अध्यक्ष ई कृष्ण कुमार प्रसाद के आमगोला स्थित आवास वैदेही राम कुंज में नवरात्र की दसवीं मंगलवार को स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन के के प्रसाद की हीं अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित संगठन के सभी सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाब का फूल भेंट कर विजयदशमी की बधाई और शुभकामनाएं दी। वही अनुपस्थित सदस्यों को मोबाइल पर शुभकामनाएं भेजी गई।

चुनाव ड्यूटी से गायब दो महिला सिपाही निलंबित, एसएसपी ने की कार्रवाई

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले में पुलिस विभाग के भीतर अनुशासनहीनता और कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ एसएसपी कांतेश कुमार मिश्र ने सख्त रुख अपनाया है। बिहार विधान परिषद चुनाव 2026 के मद्देनजर एमआईटी कॉलेज परिसर स्थित वज्रगृह की सुरक्षा ड्यूटी से बिना किसी पूर्व सूचना या अनुमति के अनुपस्थित रहने पर दो महिला सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। बताया गया कि विधान परिषद चुनाव को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। इसी क्रम में पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित), पुलिस केंद्र, मुजफ्फरपुर ने एमआईटी कॉलेज परिसर स्थित वज्रगृह (स्ट्रांग रूम) का औचक निरीक्षण किया। यहां मतपेटियों की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी की जांच के दौरान दो महिला सिपाही अनुपस्थित पाई गईं। अनुपस्थित महिला सिपाहियों की पहचान सिपाही संख्या 503 लीलम कुमारी और सिपाही संख्या 163 प्रीति कुमारी के रूप में हुई है। जांच में पाया गया कि दोनों ने ड्यूटी से अनुपस्थित रहने से पहले न तो अधिकृत अवकाश लिया था और न ही किसी वरीय अधिकारी से अनुमति प्राप्त की थी। चुनाव जैसी संवेदनशील ड्यूटी के दौरान बिना सूचना के अनुपस्थित रहने को गंभीर लापरवाही और वरीय अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना माना गया। इसके बाद डीएसपी (रक्षित) ने मामले की तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार कर एसएसपी को भेजी। रिपोर्ट के आधार पर एसएसपी कांतेश कुमार मिश्र ने दोनों महिला सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया।

एसएसपी द्वारा स्पष्ट किया गया है कि चुनाव ड्यूटी के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनुशासनहीनता या गैरजिम्मेदारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस कार्रवाई को पुलिसकर्मियों के लिए सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है कि संवेदनशील ड्यूटी में तैनात सभी कर्मियों को निर्धारित जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ पालन करना होगा।

जिले की सीमाएं सील, 26 जगहों पर चेकपोस्ट स्थापित

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन 2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। सहायक निवार्ची पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी कुमार गौरव और वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र के संयुक्त निर्देश पर जिले के विभिन्न सीमावर्ती मार्गों पर 26 महत्वपूर्ण स्थानों पर चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं। इन चेकपोस्टों के माध्यम से असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर रोक लगाने और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सघन निगरानी की जा रही है।

मुजफ्फरपुर की सीमाएं वैशाली, सारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, शिवहर, समस्तीपुर और दरभंगा सहित आठ जिलों से जुड़ती हैं। इन सभी जिलों से आने-जाने वाले प्रमुख मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन के निदेर्शानुसार 22 अक्टूबर की सुबह छह बजे से 23 अक्टूबर को मतदान प्रक्रिया समाप्त होने तक चेकपोस्टों पर चौबीसों घंटे वाहनों की सघन जांच की जा रही है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के साथ अवैध वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को जब्त करने का निर्देश दिया गया है। जिले के विभिन्न प्रखंडों में मनिकपुर (सरैया), मनिकपुर-वैशाली मार्ग, रेवाघाट पुल का उत्तरी छोर, पैगम्बरपुर टॉवर, विशुनपुर अनंत, फतेहाबाद घाट, फकुली, बाघी, भतहंडी, इमली ढाला और एनएच-28 स्थित बरजी महवल नर्सरी सहित कई महत्वपूर्ण स्थानों पर चेकपोस्ट बनाए गए हैं। इसके अलावा अंजनाकोट पुल, कटौझा पुल, मरूआहा पुल, डिहुली पीपरी चौक, बलुआ चेकपोस्ट, एनएच-27 स्थित ठिकापाही, रमौली और गंघटी पुल समेत अन्य रणनीतिक बिंदुओं पर भी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सभी चेकपोस्टों पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) की निगरानी में ड्रॉप गेट और मजबूत बैरियर लगाए गए हैं। पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) की ओर से पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारियों और सशस्त्र बल के जवानों की तैनाती की गई है। चेकपोस्टों पर प्रभावी निगरानी और सीमाओं की सुरक्षा की संयुक्त जिम्मेदारी संबंधित बीडीओ और थानाध्यक्ष को सौंपी गई है। वहीं, पूर्वी और पश्चिमी अनुमंडल के अनुमंडल दंडाधिकारियों (एसडीएम) तथा सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों (एसडीपीओ) को अपने-अपने क्षेत्रों में चेकपोस्टों का लगातार निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है, ताकि सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की चूक न हो।



जिले की सीमाओं पर बने चेकपोस्ट पर वाहनों की तलाशी लेती पुलिस।

नए विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ ही बीईयू से समाप्त होगी मुजफ्फरपुर एमआईटी की संबद्धता

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बिहार में वास्तुकला और असैनिक अभियंत्रण की शिक्षा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए बड़ा बदलाव होने जा रहा है। मुजफ्फरपुर स्थित एमआईटी परिसर में स्थापित होने वाले 'शहीद जुब्बा सहनी वास्तुकला एवं असैनिक अभियंत्रण विश्वविद्यालय' के अस्तित्व में आते ही एमआईटी की बिहार इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय से संबद्धता समाप्त हो जाएगी। राज्य सरकार ने इस संबंध में गजट अधिसूचित कर संस्थान को आधिकारिक जानकारी भेज दी है। अब प्रदेश के सभी आर्किटेक्चर और सिविल इंजीनियरिंग से जुड़े संस्थानों की संबद्धता इसी नए विश्वविद्यालय से होगी।

नए विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ ही एमआईटी मुजफ्फरपुर में वास्तुकला विषय की पढ़ाई शुरू कराने की योजना पर काम शुरू हो गया है। संस्थान स्तर पर इसके लिए आवश्यक प्रशासनिक और अकादमिक प्रक्रियाएं जल्द प्रारंभ की जाएंगी। यह नया विश्वविद्यालय केवल डिग्री देने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अभियंताओं, वास्तुकारों और उद्योग जगत के पेशेवरों के लिए कौशल उन्नयन, सतत शिक्षा और व्यावसायिक विकास के उत्कृष्ट केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य टिकाऊ बुनियादी ढांचा, स्मार्ट सिटी परियोजनाएं, नदी प्रबंधन, परिवहन प्रणाली, जलवायु अनुकूलन और आपदा प्रबंधन जैसे राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय क्षेत्रों में उन्नत अनुसंधान करना है। यह संस्थान सिविल और आर्किटेक्चर के क्षेत्र में नवाचार और उच्चस्तरीय प्रशिक्षण के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनेगा। विश्वविद्यालय परिसर के निर्माण के लिए एमआईटी परिसर में ही जमीन चिन्हित कर ली गई है। संस्थान के हॉस्टल नंबर सात के सामने उपलब्ध खाली भूमि पर नया प्रशासनिक और शैक्षणिक ब्लॉक बनेगा। सुचारू संचालन के लिए कुलपति, कुलसचिव, डीन और वित्त पदाधिकारी समेत कुल 34 प्रशासनिक एवं तकनीकी पदों का सृजन भी कर दिया गया है। एमआईटी के प्राचार्य डॉ. एमके झा ने बताया कि जमीन का चयन हो चुका है और आगे की प्रशासनिक प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है।



गैस एजेंसी में लूटकांड का खुलासा

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र में भारत गैस एजेंसी के ग्रामीण वितरक केंद्र के कैश काउंटर से हुई लूट की घटना का पुलिस ने सफल उद्भेदन किया है। इस मामले में पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 15 अक्टूबर 2026 को साहेबगंज थाना क्षेत्र के अहियापुर स्थित भारत गैस एजेंसी के ग्रामीण वितरक केंद्र में मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने अवैध हथियार का भय दिखाकर नकदी और मोबाइल लूट लिए थे। घटना के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की और साहेबगंज थाना में कांड संख्या 892/26 दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सरैया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 21 अक्टूबर को विनय कुमार और पप्पू कुमार, दोनों साहेबगंज थाना क्षेत्र के निवासी, तथा दीपक कुमार, निवासी बीजदट्टी थाना क्षेत्र, पूर्वी चंपारण, को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों ने लूट की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।


जानकारी देते ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर।

लूटी गई रकम, मोबाइल व वारदात में इस्तेमाल बाइक के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

दुर्गा पूजा: सात समंदर पार भी नहीं भूलीं बिहार की परंपराएं

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। बिहार की मिट्टी की खुशबू और अपनी संस्कृति व संस्कारों से जुड़ाव की पहचान सात समंदर पार भी कायम है। इसकी खूबसूरत झलक अमेरिका के कैलिफोर्निया में देखने को मिली, जहां लगातार नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना और भारतीय परंपराओं के अनुरूप सोमवार को शरदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर 108 कन्याओं के पूजन का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुजफ्फरपुर जिले के औराई विधानसभा क्षेत्र की बहू कंचन शाही ने अपनी बेटियों प्रांसी सहित परिवार के साथ भाग लिया और बिहार की सांस्कृतिक विरासत से अपना जुड़ाव प्रदर्शित करते हुए विदेश में रहकर अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक परम्परा को वखूबी निभाया। शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा की आराधना के साथ नवमी तिथि को कन्या पूजन का विशेष महत्व है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कैलिफोर्निया में सोमवार को कन्या पूजन का आयोजन किया गया। वहीं इस धार्मिक कार्यक्रम में 108 कन्याओं को आमंत्रित किया गया, जिसमें भारतीय मूल के लोगों ने मां दुर्गा के नौवें स्वरूप माता महागौड़ी की पूजा आराधना के पश्चात श्रद्धा भाव से कन्या पूजन कर मां दुर्गा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। कार्यक्रम में शामिल हुई भारतीय हिन्दू समाज की 108 कन्याओं को विशुद्ध वैष्णव भोजन कराया गया, कन्याओं के चरण पखांड़े गए फिर सभी के चरण पूजे गए और सभी को द्रव्य यानि सोने, चांदी के सिक्के तथा भारतीय सिक्के दक्षिणा स्वरूप देकर विदा किया गया।

इस आयोजन में कंचन शाही भी अपनी बेटियों के साथ शामिल हुईं। विदेश की धरती पर भारतीय परंपराओं से जुड़कर उन्होंने यह संदेश दिया कि इंसान दुनिया के किसी भी कोने में रहे, अपनी मिट्टी, संस्कृति और संस्कारों से उसका रिश्ता हमेशा बना रहता है। अमेरिका के कैलिफोर्निया शहर में हुआ यह आयोजन भारतीय संस्कृति, कन्याओं के सम्मान और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का भी प्रतीक बना। कंचन शाही ने बताया कि वह मुजफ्फरपुर जिले के औराई प्रखंड क्षेत्र से आती हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका में भी भारतीय संस्कृति और परंपराएं कायम हैं। यहां रह रहे भारतीय मूल के बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोग अपने राज्य और क्षेत्र का हर पर्व त्यौहार भारतीय संस्कृति के अनुरूप मनाते है। कैलिफोर्निया में इस बार कन्या पूजन का आयोजन अपनी धर्म संस्कृति और परम्परा को निभाने और इसे जीवंत रखने का ही एक सफल प्रयास था, जिसमें भारतीय मूल के कई परिवार के लोगों ने बड़े श्रद्धा और उत्साह से भाग लिया।


कैलिफोर्निया में नवरात्र की नवमी को आयोजित कन्या पूजन में शामिल बिहार के कई परिवार की बच्चियां और महिलाएं।

औराई की बहू सहित कई भारतीय परिवार ने अमेरिका में किया कन्या पूजन

तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक चुनाव : शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान के लिए प्रशासन मुस्तैद

जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने मतदान कर्मियों एवं प्रतिनियुक्त अधिकारियों को किया ब्रीफ

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के 04-तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, स्वच्छ एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सीतामढ़ी जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। निर्वाचन प्रक्रिया के सफल संचालन तथा मतदान के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आज डुमरा स्टेडियम में जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारियों, मतदान पदाधिकारी-1, 2 एवं 3, माइक्रो ऑब्जर्वर, पुलिस पदाधिकारियों तथा दंडाधिकारियों को ब्रीफिंग दी। इस दौरान मतदान प्रक्रिया, अधिकारियों एवं कर्मियों के दायित्वों, निर्वाचन संबंधी दिशा-निदेर्शों तथा सुरक्षा व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई।

मतदान प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं : जिलाधिकारी

जिलाधिकारी श्री सुल्तानिया ने सभी पीठासीन पदाधिकारियों एवं मतदान कर्मियों को निर्देश दिया कि वे निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। मतदान प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में पूरी सतर्कता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखें। उन्होंने मतदान कर्मियों को अपने दायित्वों एवं कार्यप्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी रखने तथा मतदान से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाओं का निर्धारित नियमों के अनुरूप पालन करने को कहा।



मतदान कर्मियों एवं अधिकारियों को ब्रीफिंग देते डीएम-एसपी व अन्य।


मतदान केंद्र पर रवाना होने से पहले मतदान सामग्री के साथ कर्मी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की पहचान, मतदान की प्रक्रिया तथा निर्वाचन से संबंधित अन्य निर्धारित औपचारिकताओं का निर्वहन पूरी सावधानी के साथ किया जाए। मतदान की गोपनीयता बनाए रखने के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी मतदाता को अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़े। सभी मतदान कर्मी अपने निर्धारित दायित्वों के प्रति सजग रहें तथा मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आपसी समन्वय बनाए रखें।

उन्होंने सेक्टर पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने दायित्व क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहें तथा मतदान केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं का समुचित अनुश्रवण करें। मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या, भ्रम अथवा असामान्य स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल वरीय पदाधिकारियों को सूचित किया जाए, ताकि त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा निर्धारित दिशा-निदेर्शों की अनदेखी स्वीकार्य नहीं होगी।

जिलाधिकारी ने निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता एवं निर्धारित नियमों के अनुपालन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मी निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुरूप कार्य करें, ताकि निर्वाचन की निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता बनी रहे।

विधि-व्यवस्था पर रहेगी कड़ी निगरानी : मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता, निर्वाचन नियमों का सख्ती से अनुपालन तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश

ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री रंजन ने निर्वाचन के मद्देनजर की गई सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदान को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सभी प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा अपने निर्धारित दायित्वों का पूरी तत्परता से निर्वहन करने का निर्देश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहकर विधि-व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले प्रयासों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदान केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में अनावश्यक भीड़ एकत्रित करने अथवा समूह बनाकर खड़े होने की अनुमति नहीं होगी। निर्वाचन संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों को मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील परिस्थितियों के प्रति सतर्क रहने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तत्पर रहने का निर्देश दिया। साथ ही, सभी संबंधित पदाधिकारियों को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान विधि-व्यवस्था संधारित रखने को कहा।

निर्वाचन को निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध

जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन की तैयारियों, मतदान कर्मियों की प्रतिनियुक्ति, मतदान प्रक्रिया के संचालन तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, निष्पक्षता एवं जवाबदेही के साथ करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना है। इसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को सतर्क रहते हुए निर्धारित दिशा-निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा गया है।

संक्षिप्त खबरें

तिरहुत निर्वाचन को लेकर सीतामढ़ी में सघन वाहन जांच अभियान, पुलिस अलर्ट

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के लिए 23 अक्टूबर को निर्धारित मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सीतामढ़ी पुलिस द्वारा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार ट्रैफिक पुलिस एवं विभिन्न चेक पोस्टों पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों और प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों द्वारा प्रमुख मार्गों तथा चौक-चौराहों पर संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की जांच की जा रही है। जिले में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। जांच अभियान के दौरान आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने के साथ ही अवैध शराब, मादक पदार्थ, हथियार, अनधिकृत नकदी एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए विशेष निगरानी रखी जा रही है। वहीं, मतदान के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने और आम लोगों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा जांच में पुलिस का सहयोग करने की अपील की जा रही है। सीतामढ़ी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोकने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद है।



बैंक आफ इंडिया किसानों के लोन वेव तथा सिविल ठीक करने की करे कार्रवाई : किसान संघर्ष मोर्चा

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बैंकआफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक तथा सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को मेल भेजते हुए मेल की प्रति जेनरल मैनेजर को भी भेजते हुए संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा, उत्तर बिहार के नेताओं ने कहा है कि गन्ना किसानों के फर्जी केसीसी को राईट आफ कराने के लिए धन्यवाद। राईट आफ के बाद भी सिविल की तलवार किसानों के गर्दन पर है। किसानों के खाता का सिविल ठीक कराने हेतू बैंक सिविल विभाग में पहल करें तथा लोन वेव की प्रक्रिया प्रारंभ करे। तत्काल किसानों की खेती के लिए फ्रेश केसीसी के भुगतान का आदेश दे। मेल पर संयोजक डा.आनन्द किशोर, जिलाध्यक्ष जलंधर यदुबंशी, रीगा अध्यक्ष पारसनाथ सिंह तथा उपाध्यक्ष कौशल किशोर सिंह के हस्ताक्षर है।

किसान नेताओ ने कहा कि गन्ना किसानों ने ऋण लिया हीं नही, कभी खाता को देखा हीं नही। तत्कालीन रीगा चीनी मिल के सीएमडी ओपी धानुका तथा उनके चाटुकारों ने 2012से 2017के बीच करीब दस हजार किसानों को ऋणजाल में फंसा दिया। इस संबंध में बैंक जब किसानों पर दबाव बनाना शुरू किया तो ओपी धानुका ने 22/11/2018 तथा जुलाई 2019 में बैंक आफ इंडिया को पत्र भेजकर कहा भुगतान की जबाबदेही मेरी है किसानो को नोटिस नही भेजें। बाबजूद बैंक तथा धानुका का कैसा गठबंधन था कि किसानों के दूसरे खातों को भी फ्रीज कर दिया,बैंको से किसी भी तरह का ऋण मिलना बंद हो गया।

इस बीच चीनी मिल का मामला एनसी एलटी में चला गया। इस संबंध में ईंखायुक्त गिरिबर दयाल सिंह ने23/3/2023को बैंक औफ इंडिया के सहायक जेनरल मैनेजर तथा यूनियन बैंक के फिल्ड जेनरल मैनेजर को पत्र लिखा कि एनसीएलटी में रीगा सुगर कं के साथ कमिटी औफ क्रेडिट की 10वीं बैठक में के सी सी लोन के 65 करोड़ का क्लेम बैंको के क्लेम में कंसीडर किया गया है इसलिए किसानों के बैंक खाता को फ्रोजेन से हटाने तथा बैंक खाता से किसी भी प्रकार की वसूली बंद की जाए। बावजूद धानुका तथा बैंक के खेल में किसान पिसता रहा। आज भी बैंकों में किसानों का खाता फ्रीज है किसान दर-दर भटक रहा है। इससे पूर्व किसान नेता योगेन्द्र यादव के 24 दिसंबर 2019 के आवेदन पर ईंखायुक्त के पत्रांक 632 दिनांक 8/6/2020 के आदेश के आलोक में मिल के प्रबंध निदेशक ओपी धानुका तथा महाप्रबंधक रामकुमार पाण्डेय पर आपराधिक कृत्य तथा सरकार के साथ धोखाधडी का दोषी करार देते हुए 18/8/ 2020 को रीगा थाना में प्राथमिकी सं-244/20 धारा 406/409/420/34 के तहत मामला दायर किया गया जो मामला न्यायालय में लंबित है धानुका उच्च न्यायालय से बेल पर है।

तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन को लेकर डीएम ने की ब्रीफिंग, निष्पक्ष मतदान पर जोर

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 को लेकर जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वरीय एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की। इसमें उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जोनल दंडाधिकारी सहित संबंधित पदाधिकारी शामिल हुए। डीएम ने मतदान की तैयारियों, केंद्रों पर आवश्यक सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का अक्षरशः पालन करने तथा मतदान प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया। जोनल दंडाधिकारियों को अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर मतदान केंद्रों की व्यवस्था का अनुश्रवण करने को कहा गया। किसी भी शिकायत या अप्रिय स्थिति की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

जिले के 27 स्थानों पर बनाये गए चेकपोस्ट

प्रत्येक वाहन की सघन की जाएगी जाँच, अवैध वाहनों के परिचालन पर होगी जब्ती की कार्रवाई

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

सीतामढ़ी। सहायक निवार्ची पदाधिकारी, तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक, सीतामढ़ी अमित रंजन के निर्देश पर बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्वि-वार्षिक निर्वाचन, 2026 के लिए 23 अक्टूबर को निर्धारित मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने, विधि व्यवस्था संधारण एवं अपराध नियंत्रण के बाबत सीतामढ़ी जिला के 27 स्थानों पर बॉर्डर सीलिंग के लिए चैकपोस्ट का निर्माण किया गया है।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्वि-वार्षिक निर्वाचन, 2026 स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी एवं सहभागितापूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संपूर्ण प्रशासनिक तंत्र इसके लिए सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध है। मतदान 23 अक्टूबर को 8 बजे पूर्वाह्न से 4 बजे अपराह्न तक होगा। मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप सभी व्यवस्था की गई है। इसी कड़ी में असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी एवं नियंत्रण हेतु जिले की अंतर्जिला

शिक्षक व स्नातक निर्वाचन को लेकर जिले की सीमाएं की गयी सील

सीमा को सील किया जा रहा है। इसके लिए जिले के विभिन्न प्रखंडों में कुल 27 चेकपोस्ट स्थापित किया गया है। प्रमुख चेक-पोस्ट स्थलों में सीतामढ़ी थाना अंतर्गत रीगा मोड़ बांध, कन्हौली थाना अंतर्गत रामनगरा चौक, रुन्नीसैदपुर थाना अंतर्गत रुन्नीसैदपुर पुपरी मोड में औराई मोड़, महिंद्रवारा थाना अंतर्गत कोरलहिया चेक पोस्ट, बथनाहा थाना अंतर्गत बरियारपुर चौक, रीगा थाना अंतर्गत सिंहोरवा, बाजपट्टी थाना अंतर्गत सनडवारा गेट पुपरी-सीतामढ़ी रोड,बैरगनिया ईल्लं अंतर्गत फुलवरिया घाट ,बेला थाना अंतर्गत मनपौर पेट्रोल पम्प,बेलसंड थाना अंतर्गत भटौलीया पुल,भिट्ठा थाना अंतर्गत नैनही बॉर्डर, पुनौरा थाना अंतर्गत मनियारी चौक चोरौत थाना अंतर्गत नेहाल गैस गोदाम, गाढ़ा अंतर्गत चमनिया पुल, डुमरा के मुंहचटी, मेहसौल के बसबडीया चौक, भुतही के फुलकाहा मोड़, मेजरगंज के खैरवा मोड़, सहियारा के मनरिया चौक, परिहार के वारह सुपिहारा तेल डिपो के पास, बोखड़ा के खड़का चौक, परसौनी के पमरा पुल, सोनबरसा के चिल्लारा मोड़, नानपुर के मौराहा पुल,सुप्पी के नरहा तिनमुहानी, सुरसंड के श्रामबाग, पुपरी में भामा चौक, सहित 27 स्थल शामिल हैं।

चेकपोस्ट पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में सशस्त्र पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। इन चेकपोस्टों पर दूसरे जिलों से आने-जाने वाले वाहनों की सघन जाँच की जाएगी तथा संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि, अवैध हथियार, शराब, नकदी अथवा अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों के परिवहन पर रोक लगाने के लिए सघन तलाशी अभियान चलाया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शफीक खां के निधन पर शोकसभा


गांधी मैदान में आयोजित शोक सभा में शामिल कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ता।

सीतामढ़ी (एनएसबी)। राजद के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिलाध्यक्ष मो. शफीक खां का बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे जिले में शोक की लहर दौर गई। जिला कांग्रेस कार्यालय ललित आश्रम गांधी मैदान में जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन किया गया। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया।

शोकसभा में प्रदेश प्रतिनिधि मो. अफाक खान, रकटू प्रसाद, सीताराम झा, प्रमोद कुमार नील, डॉ. राजीव कुमार काजू, रितेश रमण सिंह, मो. शम्स शाहनवाज, अंजारुल हक तौहीद, मनोज कुमार सिंह, आफताब अंजुम बिहारी, संपूणार्नंद झा, राम बाबू सिंह, ताराकांत झा, रामू मिश्रा, प्रो. राम प्रवेश कुशवाहा, डॉ. धीरज मिश्रा, ऋतु ठाकुर, धीरज सिंह, हरिदास, जैनेन्द्र कुमार राम, सोहन प्रसाद, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. रोहन कुमार, सोहन प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह राठौर, चुन्नू सिंह, चन्द्र भूषण सिंह, राम प्रवेश राय, सुशील कुमार, एनएसयूआई नेता सक्षम कुमार, अख्तर रजा खान, वीरेंद्र कुशवाहा, सुप्रिया कुमारी, श्याम दास, देवेंद्र साह, उमेश प्रसाद सिंह, वेदांशु सिंह आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

मेहसौल कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक हुए राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष मो. शफीक खां

सीतामढ़ी (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व जिलाध्यक्ष मो. शफीक खां को मेहसौल स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उनके जनाजे में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

उनके जनाजे में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए

अंतिम विदाई देने और श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए राजद सहित एनडीए के कई वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता पहुंचे।

कब्रिस्तान में सीतामढ़ी के जदयू सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद अर्जुन राय, पूर्व सांसद सीताराम यादव, पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी, डॉ. रामचंद्र पूर्वे, इसराइल मंसूरी, पूर्व विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना, सुनील कुशवाहा, डॉ. वरूण कुमार, खलील अंसारी, सैयद अबु दोजाना, एमएलसी


दिवंगत मो. शफीक खां के जनाजे में बड़ी संख्या में शामिल लोग।

कारी सुहैब और सामाजिक कार्यकर्ता नागेंद्र सिंह समेत कई गणमान्य लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे पूर्व मंत्री डॉ. रामचंद्र पूर्वे सहित अन्य नेताओं एवं गणमान्य लोगों ने कहा कि मो. शफीक खां हिंदू-मुस्लिम एकता और सामाजिक सद्भाव के प्रतीक थे। उनके निधन से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति पहुंची है। जनाजे में मेयर प्रतिनिधि आरिफ हुसैन, मो. शम्स शाहनवाज, डॉ. साजिद अली खान, आफताब अंजुम बिहारी, तौकीर अनवर, अरमान अली, मो. ज्याउल्लाह, तारिक अली खान, शरीफ खां, हबीबुर्रहमान उर्फ मुंशी, अलाउद्दिन बिस्मिल, अरमान अली, डॉ. आदिश, मो. जुनैद, अंजारुल हक तौहीद, ज्याउद्दीन उर्फ तन्नु, मो. हैदर अली समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

किशोरियों के साथ संवाद, पेंटिंग एवं करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम

सीतामढ़ी (एनएसबी)। महिला एवं बाल विकास निगम, सीतामढ़ी एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस (11 अक्टूबर 26) के उपलक्ष्य पर गुरुवार (22 अक्टूबर 26) को समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में किशोरियों के साथ संवाद, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूनिसेफ, प्रथम संस्था, अदिति कवच परियोजना एवं दृष्टि संस्था ने सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों में आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना, उन्हें शिक्षा और करियर के प्रति जागरूक करना तथा बाल विवाह मुक्त पंचायतों के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर समाहर्ता संजीव कुमार ने किशोरियों को समाज में सकारात्मक बदलाव का संदेशवाहक बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किशोरियां समाज की जमीनी परिस्थितियों से जुड़ी हैं और उनकी सक्रिय भागीदारी से ही समाज, पंचायत एवं जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने की परिकल्पना साकार हो सकती है। उन्होंने किशोरियों को समस्याओं की पहचान करने, उनके समाधान की दिशा में पहल करने तथा आत्मविश्वास के साथ अपनी भूमिका



सीतामढ़ी में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी व अन्य।

निभाने का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने किशोरियों के साथ सहज संवाद करते हुए अपने जीवन के कई प्रेरणादायक अनुभव भी साझा किए।

अपर समाहर्ता ने शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयासों से बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने महिला एवं बाल विकास निगम को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका के सहयोग से संवेदनशील क्षेत्रों एवं वंचित परिवारों की पहचान के लिए सर्वेक्षण कराया जाए। विद्यालय से बाहर रह रहे बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के साथ-साथ जोखिमग्रस्त परिवारों एवं बच्चों की पहचान कर उनकी काउंसलिंग तथा आवश्यक सहयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर सूचना देने के प्रति भी जागरूक किया।

कार्यक्रम के दौरान किशोरियों ने आत्मसम्मान, आत्मविश्वास, सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग, बेटी की शक्ति तथा समाज निर्माण में किशोरियों की भूमिका जैसे विषयों पर पेंटिंग के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। किशोरी रानी, अंशु, गुंजा, श्रेया श्री, कासिफ ने संवाद के दौरान भी खुलकर अपनी बातें रखीं और बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा एवं सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों पर अपनी समझ साझा की। बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं इसकी रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किशोरियों को संबंधित वीडियो क्लिप भी दिखाए गए। कार्यक्रम के अंत में बाल विवाह के विरुद्ध सामूहिक शपथ ग्रहण किया गया।

प्रतिभागियों ने बाल विवाह की रोकथाम, किशोरियों की शिक्षा को बढ़ावा देने तथा समाज में जागरूकता फैलाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन मुकुंद चौधरी ने किया। इस अवसर पर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) -सह-नोडल पदाधिकारी महिला एवं बाल विकास निगम शोभा सिन्हा, जिला परियोजना प्रबंधक (महिला एवं बाल विकास निगम) एजाजुल अंसारी, केंद्र प्रशासक शबनम कुमारी, यूनिसेफ व प्रथम संस्था के जिला समन्वयक सुधीर कुमार, अदिति कवच परियोजना के कन्वर्जेन्स विशेषज्ञ मनीष कुमार, मुकुंद कुमार, दृष्टि संस्था की माधुरी कुमारी सहित बीरेंद्र, मुकेश, नवीन, हरिशंकर, अमन, प्रशांत, पायल कुमारी, महिमा, विकास एवं अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

महिला जनप्रतिनिधियों ने बदली पंचायतों की तस्वीर

बिहार में स्थानीय नगर निकायों और पंचायत स्तरीय चुनावों में वर्ष 2006-07 में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने की शुरुआत की गई थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनी एनडीए की सरकार ने यह ऐतिहासिक निर्णय लिया था, जिसका सार्थक असर आज व्यापक रूप से दिखने लगा है। महिला जनप्रतिनिधियों के स्तर से बदलाव की नई इबारत गढ़ने का सिलसिला निरंतर जारी है। इस दुर्गा पूजा के अवसर पर इन्हें दुर्गा के नौ रूपों में एक के तौर पर देखने बेहद प्रासंगिक होगा।

स्थानीय नेतृत्व और प्रगतिशील सोच के साथ ही सम्राट चौधरी सरकार के खास सहयोग से विकास ने अपना रास्ता अख्तियार कर लिया है। पंचायतें इसी बदलाव की गवाह बन रही हैं। यहां महिला मुखिया, जनप्रतिनिधि, वार्ड सदस्य और जीविका दीदियां वर्षों पुरानी रूढ़िवादी सोच से इतर ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई कहानी लिख रही हैं। इन्होंने यह साबित कर दिया है कि एक सही अवसर और समान अधिकार देकर इन्हें हर क्षेत्र में सशक्त बनाया जा सकता है। पंचायत और स्थानीय नगर निकाय स्तर पर यह पूरी तरह खरी उतर रही है।

मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर प्रखंड की पैगम्बरपुर पंचायत की मुखिया प्रियंका कुमारी ने स्थानीय नेतृत्व का शानदार उदाहरण पेश किया है। स्वस्थ पंचायत के विजन के साथ उन्होंने पंचायत को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया और हर बैठक में टीबी रोकथाम को प्राथमिकता दी। उन्होंने चिन्हित टीबी मरीजों को व्यक्तिगत रूप से 'गोद' लिया और उन्हें पौष्टिक आहार के पैकेट उपलब्ध कराए। उनके इस मानवीय दृष्टिकोण से टीबी से जुड़े कलंक में कमी आई और मरीजों में इलाज पूरा करने की दर बढ़ी। आज यह पंचायत एक मॉडल स्वस्थ पंचायत के रूप में पहचानी जा रही है।

नालंदा जिले की तेल्हारा पंचायत स्थानीय उद्यमिता, आजीविका संवर्धन और सामुदायिक सहभागिता के जरिए सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण की थीम-1 'गरीबी मुक्त पंचायत' का मॉडल बनकर उभरी है। यहां की मुखिया प्रतिमा देवी ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और छोटे उद्यमों को बढ़ावा देकर ग्रामीणों की आय को नई दिशा दी है। करीब 150 परिवार बकरी पालन कर रहे हैं, जबकि 450 से अधिक लोग दुग्ध व्यवसाय से जुड़े हैं। सूअर, मुर्गी और मधुमक्खी पालन जैसी गतिविधियां भी यहां सक्रिय हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं पैंट-टीशर्ट, लेदर जैकेट, एल्युमीनियम बर्तन, पेपर प्लेट और मशरूम उत्पादन कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं। पंचायत का बाजार अब जहानाबाद, पटना और नालंदा समेत आसपास की कई पंचायतों तक पहुंच चुका है।

मुजफ्फरपुर के गायघाट प्रखंड की बाघा खाल पंचायत की मुखिया विभा कुमारी ने पंचायत को बाल-केंद्रित मॉडल में ढाला है। उन्होंने तीन स्कूलों में बाल संसद और दो स्कूलों में ग्रीन क्लब स्थापित किए, ताकि बच्चे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें। 30 से अधिक रात्रि चौपाल और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से बाल विवाह, शिक्षा और स्वास्थ्य पर जागरूकता फैलाई गई। परिणामस्वरूप स्कूल छोड़ चुके 17 बच्चों का पुनः नामांकन कराया गया।

दरभंगा जिले के बिरौल प्रखंड अंतर्गत लदहो पंचायत की वार्ड नंबर 03 की 59 वर्षीय वार्ड सदस्य फूल कुमारी देवी ने साबित कर दिया कि सही मार्गदर्शन और इच्छाशक्ति से कोई भी सामुदायिक नेता बन सकता है। अशिक्षित होते हुए भी उन्होंने स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण में सकारात्मक बदलाव किए। उन्होंने अपने वार्ड के सुनसान रास्ते को चिन्हित कर स्थानीय थाने से नियमित पुलिस गश्त की व्यवस्था कराई, जिससे महिलाओं और किशोरियों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई।

इसी पंचायत में महिला जनप्रतिनिधियों ने स्कूल में सैनिटरी पैड की अनुपलब्धता को गंभीर समस्या के रूप में चिन्हित किया। उन्होंने मुखिया कविता देवी को सामूहिक आवेदन सौंपा, जिसके बाद मिडल स्कूल में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन और सुरक्षित निस्तारण इकाई स्थापित की गई। इस पहल में मंजू देवी, फूल कुमारी देवी, विभा देवी, जैतून खातून और बेबी कुमारी की सक्रिय भूमिका रही। उसरी पंचायत के वार्ड नंबर 8 की श्यामपुल देवी कभी घर से बाहर निकलने में भी झिझकती थीं। पहली बार वार्ड सदस्य बनने के बाद उन्होंने पति के सहयोग से पंचायत के काम सीखे और धीरे-धीरे आत्मनिर्भर बनीं। आज वे वार्ड में स्ट्रीट लाइट मरम्मत, बाढ़ के दौरान नाव की व्यवस्था और दवाओं की उपलब्धता जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को जिम्मेदारी से निभा रही हैं। लोगों के विश्वास से वे लगातार दो बार वार्ड सदस्य चुनी गई हैं। उनके प्रयासों से वार्ड में सड़क निर्माण का कार्य भी शुरू हो गया है।

मुजफ्फरपुर के सरैया प्रखंड के पोखरेरा गांव में 15 वर्षीय नंदनी कुमारी की शादी परिवार जल्द कराना चाहता था। वार्ड सदस्य मीना देवी ने मां को शिक्षा और बेहतर भविष्य के महत्व के बारे में समझाया, जिसके बाद शादी का फैसला टाल दिया गया। इसी प्रखंड के बहिलवारा रूपनाथ उत्तरी गांव में गरीबी के कारण 15 वर्षीय सोनम कुमारी पर शादी का दबाव था।

दुर्वृत्तियों के प्रतिकार से आत्मबोध तक



बी कृष्णा

(ज्योतिष, योग एवं आध्यात्मिक चिंतक)

टेढ़ जानि सब बंदइ काहू।
वक्र चंद्रमहि ग्रसइ न राहू।।

रामचरितमानस की इन पंक्तियों ने सांसारिकता और आध्यात्मिकता को देखने की मेरी दृष्टि को एक नई दिशा दी। जब हम अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का स्मरण करते हैं, तब इन पंक्तियों के माध्यम से जीवन के तीन सूत्रों पर विचार करना प्रासंगिक लगता है, दुर्वृत्तियों के प्रतिकार के लिए व्यवहारकुशलता, श्रेष्ठता की साधना और अपने मूल स्वरूप का बोध। ये तीनों सूत्र एक दूसरे से जुड़े हैं। इनका क्रम संसार में सजग होकर जीने से आरंभ होता है, स्वयं को परिष्त करने से आगे बढ़ता है और अंततः आत्मबोध की ओर ले जाता है।

दुर्वृत्तियों का प्रतिकार : सरलता के साथ सामर्थ्य भी

संसार में सदैव सरल बने रहना पर्याप्त नहीं, परिस्थितियों को समझना और उनके अनुरूप व्यवहार करना भी आवश्यक है। जब सरलता को दुर्बलता समझकर उसका अनुचित लाभ उठाया जाए, तब अपनी रक्षा के लिए दृढ़ता और व्यवहारकुशलता आवश्यक हो जाती है। रामचरितमानस की पंक्तियां टेढ़ जानि सब बंदइ काहू। वक्र चंद्रमहि ग्रसइ न राहू, इसी संदर्भ में एक व्यावहारिक संकेत देती हैं। इसका आशय छल-कपट अपनाना नहीं, बल्कि इतना समर्थ होना है कि कोई हमारी सज्जनता को हमारी विवशता न समझे।

श्रेष्ठता की साधना : स्वयं प्रकाशित बनिए या श्रेष्ठ का सान्निध्य पाइए

दुर्वृत्तियों का प्रतिकार करना आवश्यक है, लेकिन जीवन की सार्थकता केवल बुराई से लड़ने में नहीं, स्वयं में श्रेष्ठता विकसित करने में भी है। दूसरों की दुर्बलताओं को पहचानना सरल है, अपने भीतर विवेक, धैर्य और सामर्थ्य, विकसित करना साधना है। विजयादशमी का संदेश भी केवल रावण के अंत तक सीमित नहीं, बल्कि उन गुणों की पहचान से जुड़ा है, जिनके बल पर श्रीराम ने धर्म की स्थापना की। दुर्गुणों का प्रतिकार हमें अधःपतन से बचाता है, जबकि सद्गुणों का विकास हमें श्रेष्ठता की ओर ले जाता है।

चंद्रमा की पूर्णिमा और अमावस्या को इस दृष्टि से देखें, तो दो मार्ग दिखाई देते हैं। पूर्णिमा का चंद्रमा अपनी पूर्ण आभा से प्रकाशित होता है, अमावस्या में चंद्रमा सूर्य के साथ युति में होता है। जीवन में भी या तो स्वयं को ज्ञान, विवेक और पुरुषार्थ से इतना परिष्कृत कीजिए कि आपका व्यक्तित्व स्वयं प्रकाशमान हो, अथवा शास्त्र और गुरु का सान्निध्य ग्रहण कीजिए, जिनके मार्गदर्शन से आपके भीतर का प्रकाश जाग्रत हो सके। श्रेष्ठ का सान्निध्य तभी सार्थक है, जब उससे हम स्वयं श्रेष्ठ बनने की दिशा में आगे बढ़ें। शरणागति का अर्थ अपनी बुद्धि को समर्पित कर देना नहीं, बल्कि अहंकार का परिष्कार करके सत्य को ग्रहण करने योग्य बनना है।

इस प्रकार, जीवन की दिशा केवल दुर्वृत्तियों के प्रतिकार से निर्धारित नहीं होती, उसके लिए अपने भीतर श्रेष्ठ गुणों का विकास भी आवश्यक है। स्वयं प्रकाशित होना हो या गुरु और शास्त्र से प्रकाश प्राप्त करना, दोनों का लक्ष्य अपने व्यक्तित्व को अधिक विवेकपूर्ण, समर्थ और मर्यादित बनाना है। यही विजयादशमी की साधना है, केवल बुराई पर विजय नहीं, अपने भीतर श्रेष्ठता का उदय भी।

मनुष्य के जीवन में पद, प्रतिष्ठा, संबंध, उपलब्धियां और सामाजिक भूमिकाएं भी इसी प्रकार हैं।

आत्मबोध : आभूषण से परे सोने का मूल्य

लेकिन दुर्वृत्तियों पर विजय और स्वयं में श्रेष्ठता का विकास ही जीवन की अंतिम उपलब्धि नहीं है। यदि हमारी श्रेष्ठता का मूल्य इस बात से तय होता है कि संसार हमें कितना श्रेष्ठ मानता है, तो हम अब भी बाहरी मान्यता के अधीन हैं। पहले हम परिस्थितियों से संचालित होते थे, फिर अपनी योग्यता से उन्हें साधने लगेय किंतु प्रशंसा, प्रतिष्ठा और उपलब्धियां ही हमारी पहचान का आधार बनी रहें, तो निर्भरता समाप्त नहीं हुई, केवल उसका रूप बदल गया। आत्मबोध इसी निर्भरता से आगे जाने की दिशा है।

सोने और आभूषण का संबंध इस अंतर को स्पष्ट करता है। सोना आभूषण का रूप लेता है, तो उसे आकार, नाम और उपयोग मिलता है। आभूषण को अपेक्षित आकार और गुण देने के लिए सोने में दूसरी धातुएं मिलाई जाती हैं, तभी उसे विभिन्न आकारों में गढ़ा जा सकता है। आकार बदलने से सोने का तव नहीं बदलता। आभूषण सोने की अभिव्यक्ति है, उसकी संपूर्ण पहचान नहीं।

मनुष्य के जीवन में पद, प्रतिष्ठा, संबंध, उपलब्धियां और सामाजिक भूमिकाएं भी इसी प्रकार हैं। वे हमारे व्यक्तित्व को अभिव्यक्ति देती हैं, लेकिन क्या वे ही हमारा संपूर्ण अस्तित्व हैं पद छिन जाए, उपलब्धि न मिले या परिस्थितियां प्रतिकूल हो जाएं, तब भी अपने अस्तित्व का मूल्य अनुभव कर पाना इसी प्रश्न से जुड़ा है। इसका अर्थ बाहरी उपलब्धियों को महत्वहीन मानना नहीं, बल्कि उनके रहते हुए भी उनसे अपनी पूरी पहचान न बांध लेना है।

भारतीय दर्शन में आत्मबोध का महत्व इसी कारण है। चिदानंदरूप आत्मतत्व का बोध मनुष्य को शरीर, पद और सामाजिक पहचान से परे अपने मूल स्वरूप की खोज की ओर ले जाता है। तब कर्म से विमुख हुए बिना कर्मफल को अपनी संपूर्ण पहचान बनाने की प्रवृत्ति कम होती है, श्रेष्ठता के लिए प्रयास करते हुए भी श्रेष्ठ होने का अहंकार बाधा नहीं बनता। संसार और उसके दायित्व बने रहते हैं, पर वे आत्ममूल्य के एकमात्र आधार नहीं रह जाते।

विजयादशमी के संदर्भ में यह विचार रावण-वध के प्रतीक को एक आंतरिक आयाम देता है। बाहरी अधर्म का प्रतिकार जितना आवश्यक है, उतना ही अपने भीतर के अहंकार और आसक्ति को पहचानना भी। क्योंकि कभी-कभी दूसरों पर विजय पाने की आकांक्षा में मनुष्य स्वयं अपनी उपलब्धियों का बंदी बन जाता है। आत्मनिरीक्षण उसे इस बंधन को देखने और उससे आगे बढ़ने का अवसर देता है। यह यात्रा किसी एक दिन के संकल्प से पूरी नहीं होती, इसके लिए निरंतर विवेक और साधना चाहिए।

सोने को आभूषण बनने से इनकार नहीं करना, बल्कि आभूषण को ही अपना संपूर्ण अस्तित्व नहीं मान लेना है। इसी प्रकार, जीवन में अपनी भूमिका पूरी निष्ठा से निभाते हुए अपने मूल स्वरूप का बोध बनाए रखना ही आत्मबोध की दिशा है। संसार हमारी कर्मभूमि है, लेकिन हमारी संपूर्ण सत्ता की परिभाषा नहीं।

व्यवहारकुशलता हमें अन्याय का प्रतिकार करना सिखाती है, श्रेष्ठता की साधना अपनी क्षमताओं को विकसित करना और आत्मबोध उपलब्धियों से परे अपने मूल स्वरूप को पहचानना। ये तीनों जीवन के परस्पर जुड़े सूत्र हैं, सामर्थ्य के साथ विवेक, श्रेष्ठता के साथ विनम्रता और कर्म के साथ आत्मजागरूकता।

न इतने सरल कि अन्याय सहें, न श्रेष्ठता के अहंकार में बंधें और न उपलब्धियों में अपने मूल स्वरूप को भूलें। विजय केवल विरोधी को पराजित करना नहीं, स्वयं को अधिक विवेकपूर्ण, मर्यादित और आत्मजागरूक बनाना भी है।

विद्यावन्तं यशस्वन्तं लक्ष्मीवन्तं जनं कुरु।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि।।

(लेखक वरिष्ठ स्तम्भकार हैं।)
(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

अपने भीतर के रावण को पहचानने और समाप्त करने का पर्व : रेयाज आलम

वरिष्ठ कार्पोरेट प्रोफेशनल, सामाजिक कार्यकर्ता एवं मानवाधिकार समर्थक रेयाज आलम ने समाज से आह्वान किया कि वह रावण दहन की पारंपरिक रस्म से आगे बढ़कर इस पर्व के गहरे नैतिक और सामाजिक संदेश को समझे। उन्होंने कहा कि अच्छाई की बुराई पर वास्तविक विजय तभी संभव है, जब हम दूसरों की बुराइयों की आलोचना करने के बजाय सबसे पहले अपने भीतर मौजूद बुराइयों को पहचानें और उन्हें दूर करने का प्रयास करें।

रेयाज आलम ने कहा कि रावण का चरित्र हमें मानवीय स्वभाव, नैतिक विरोधाभासों और बाहरी छवि तथा आंतरिक वास्तविकता के बीच के अंतर पर गंभीरता से विचार करने का अवसर देता है। रावण का अहंकार, उसकी वासना और उसके कर्म उसके पतन के कारण बने। वहीं, यह प्रसंग आत्मसंयम, व्यक्तिगत मर्यादा और शक्ति के साथ जुड़ी नैतिक जिम्मेदारियों पर भी विचार करने के लिए प्रेरित करता है।

दशहरा का वास्तविक प्रश्न यह नहीं है कि हम हर साल कितने रावण जलाते हैं, बल्कि यह है कि हम अपने भीतर मौजूद रावण जैसी कितनी प्रवृत्तियों को समाप्त करने के लिए तैयार हैं।

रेयाज आलम ने कहा कि आज हमारा समाज प्रतीकात्मक रूप से बुराई के विनाश का उत्सव तो मनाता है, लेकिन अपने दैनिक जीवन में व्याप्त बेईमानी, अहंकार, नफरत, शोषण, अन्याय और सत्ता के दुरुपयोग जैसी बुराइयों का सामना करने से अक्सर बचता है। यदि ये बुराइयां हमारे घरों, कार्यस्थलों, सार्वजनिक संस्थानों और राजनीतिक व्यवस्था में फलती-फूलती रहें, तो रावण के पुतले जलाने का वास्तविक उद्देश्य अधूरा ही रहेगा।

उन्होंने कहा कि इस संदेश का सबसे महत्वपूर्ण पहलू वह असहज कर देने वाला सवाल है, जो हर व्यक्ति को आत्ममंथन के लिए विवश करता है तुम्हारे सामने राम तो हैं, लेकिन क्या तुममें से कोई वास्तव में राम के आदर्शों पर चलने वाला है।

उनके अनुसार, यह प्रश्न प्रत्येक व्यक्ति को सोचने के लिए मजबूर करता है कि क्या उसका आचरण सत्य, करुणा, न्याय, विनम्रता और दूसरों के सम्मान जैसे मूल्यों को प्रतिबिंबित करता है। नैतिक नेतृत्व केवल नारों, सार्वजनिक छवि या दूसरों की आलोचना से स्थापित नहीं होता, बल्कि उसकी असली पहचान व्यक्तिगत ईमानदारी और सिद्धांतों के अनुरूप किए गए निरंतर कार्यों से होती है। हमें नैतिकता का आकलन केवल बाहरी दिखावे से करना बंद करना होगा। चरित्र की असली परीक्षा तब होती है, जब हमारे पास शक्ति होती है, जब हमें कोई देख नहीं रहा होता और जब सही काम करने के लिए हमें व्यक्तिगत कीमत चुकानी पड़ती है।

आज एडवाइज भोजपुरी सिनेमा पर होगा अंजना सिंह की निशांत उज्जवल कृत 'पतोहिया हंटर वाली' का डिजिटल प्रीमियर

'दहेज के खिलाफ आवाज उठाती बहू की कहानी, दमदार अंदाज में नजर आएंगी भोजपुरी अभिनेत्री अंजना सिंह'

भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री अंजना सिंह की निशांत उज्जवल कृत फिल्म 'पतोहिया हंटर वाली' का डिजिटल प्रीमियर 23 अक्टूबर को एडवाइज भोजपुरी सिनेमा के आधिकारिक प्लेटफार्म पर होगा। रेणु विजय फिल्मस एन्टरटेनमेंट प्रस्तुत इस फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्सुकता है। वे अब इस फिल्म को डिजिटल प्रीमियर के जरिए अपने परिजनों के साथ देख सकेंगे। इस फिल्म में अंजना सिंह के प्रशंसकों को उन्हें एक अलग अंदाज में देखने का मौका मिलेगा।



इसको लेकर अंजना सिंह ने कहा, मेरी फिल्म 'पतोहिया हंटर वाली' का डिजिटल प्रीमियर 23 अक्टूबर को एडवाइज भोजपुरी सिनेमा के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर होने जा रहा है। यह फिल्म मनोरंजन के साथ-साथ दहेज जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठाने और अपने सम्मान के लिए खड़े होने का संदेश देती है। मुझे उम्मीद है कि आप सभी इस फिल्म को अपना भरपूर प्यार और आशीर्वाद देंगे। आप फिल्म जरूर देखिएगा, अपने परिवार और दोस्तों के साथ साझा कीजिएगा और अपनी प्रतिक्रिया भी बताइएगा। आपके प्यार और समर्थन से ही हमें बेहतर फिल्में बनाने की प्रेरणा मिलती है। 23 अक्टूबर को देखना मत भूलिएगा 'पतोहिया हंटर वाली', सिर्फ एडवाइज भोजपुरी सिनेमा पर।

आपको बता दें कि फिल्म 'पतोहिया हंटर वाली' दहेज जैसी सामाजिक बुराई पर केंद्रित है। शादी के बाद दहेज को लेकर विवाद होने पर बहू अपने ससुराल में अन्याय और अनुचित मांगों के खिलाफ आवाज उठाती है। फिल्म की कहानी सामाजिक मुद्दे को मनोरंजन के साथ पेश करने का प्रयास करती है। अंजना सिंह का अंदाज फिल्म के प्रमुख आकर्षणों में शामिल रहने की उम्मीद है।

फिल्म के निर्माता निशांत उज्ज्वल ने बताया कि 'पतोहिया हंटर वाली' दर्शकों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ एक मजबूत सामाजिक संदेश लेकर आ रही है। फिल्म की कहानी में पारिवारिक रिश्तों, महिलाओं के सम्मान और दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने का संदेश देखने को मिलेगा। हमें उम्मीद है कि भोजपुरी दर्शक इस फिल्म को भरपूर प्यार और आशीर्वाद देंगे। 23 अक्टूबर को एडवाइज भोजपुरी सिनेमा के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर होने वाले डिजिटल प्रीमियर को लेकर हम सभी उत्साहित हैं। दर्शकों से अपील है कि वे फिल्म जरूर देखें और अपनी प्रतिक्रिया साझा करें।

फिल्म का निर्माण डा. संदीप उज्ज्वल और सुशांत उज्ज्वल ने किया है, जबकि निर्देशन रवि सिन्हा ने किया है। कहानी और पटकथा की जिम्मेदारी नन्हे पांडे ने संभाली है। फिल्म का संगीत साजन मिश्रा और भरत चौहान ने तैयार किया है। इसके गीत शेखर मधुर, निशांत उज्ज्वल और मनीष कुमार ने लिखे हैं।

फिल्म के तकनीकी पक्ष में छायांकन मनोज सिंह, संकलन दिनेश कुमार, नृत्य निर्देशन प्रवीण शेलार, मारधाड़ निर्देशन हीरा यादव और कला निर्देशन शेरा ने किया है। डिजिटल प्लेटफर्म पर रिलीज होने से फिल्म उन दर्शकों तक भी पहुंचेगी, जो मोबाइल और अन्य डिजिटल माध्यमों पर भोजपुरी फिल्में देखना पसंद करते हैं। अब दर्शकों को 23 अक्टूबर को इसके प्रीमियर का इंतजार है।

एलजी इलेक्ट्रानिक्स इंडिया लिमिटेड ने लगातार तीसरे वर्ष हासिल किया ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन

यह मान्यता कर्मचारियों के विश्वास, जुड़ाव और कल्याण पर आधारित कार्य-संस्कृति के निर्माण पर एलजी इलेक्ट्रानिक्स इंडिया के निरंतर फोकस को दर्शाती है

पटना (दैनिक नवसंदेश) । भारत की अग्रणी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स कंपनियों में से एक, एलजी इलेक्ट्रानिक्स इंडिया लिमिटेड (एलजीई इंडिया) ने लगातार तीसरे वर्ष ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन हासिल किया है। कार्य-संस्कृति और कर्मचारियों के अनुभव का आकलन करने वाली वैश्विक संस्था ग्रेट प्लेस टू वर्क ने एलजीई इंडिया को यह सर्टिफिकेशन ट्रस्ट इंडेक्स सर्वे के माध्यम से प्राप्त कर्मचारियों के फीडबैक और कार्य-संस्कृति के मूल्यांकन के आधार पर प्रदान किया है। कर्मचारियों के दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर किया गया यह मूल्यांकन इस बात की गहरी जानकारी देता है कि विश्वास, जुड़ाव और कार्यस्थल का दैनिक अनुभव किसी भी संगठन की संस्कृति को कैसे आकार देते हैं।

2023 में पहली बार सर्टिफिकेशन प्राप्त करने के बाद, एलजीई इंडिया ने कर्मचारी अनुभव, कार्यस्थल संस्कृति और पेशेवर विकास को बढ़ावा देने वाले माहौल पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस मान्यता को और भी मजबूत किया है। यह मान्यता जब मार्केट में बेहतरीन टैलेंट को अपने साथ जोड़ने में आगे भी मदद करेगी और इससे शेयरधारकों का विश्वास भी बढ़ेगा।

इस उपलब्धि पर बात करते हुए, एलजी इलेक्ट्रानिक्स इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, होंग जू जियोन ने कहा, लगातार तीसरे वर्ष ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन हासिल करना एलजी इलेक्ट्रानिक्स इंडिया की प्रगतिशील एचआर नीतियों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होने के साथ-साथ इसका एक प्रमुख प्रमाण भी है। एक मजबूत संगठन के निर्माण और हमारे दीर्घकालिक लक्ष्यों को पूरा करने के केंद्र में हमारे लोग ही हैं। हमारा मानना है कि विश्वास, सम्मान और सहयोग पर आधारित संस्कृति हमारे कर्मचारियों को अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने और अपनी क्षमता पहचानने के लिए अनुकूल परिस्थितियां प्रदान करती है। यह मान्यता अपने कर्मचारियों की बात सुनने और एक ऐसा कार्यस्थल विकसित करने के हमारे निरंतर फोकस को दर्शाती है, जहाँ व्यक्तिगत विकास और संस्थागत प्रगति दोनों साथ-साथ चलते हैं।



ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, अनुराग गुप्ता ने कहा, लगातार तीसरे वर्ष ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन प्राप्त करना, पीपल-फर्स्ट कार्यस्थल को बढ़ावा देने के प्रति एलजी इलेक्ट्रानिक्स इंडिया की दृढ़ प्रतिबद्धता का एक मजबूत प्रमाण है। पिछले कुछ वर्षों में, एलजीई इंडिया की संस्कृति बेहतरीन प्रतिभाओं को अपनाने और उससे भी महत्वपूर्ण बात, एक ऐसे माहौल को पोषित करने के लिए सबसे अलग रही है जहाँ कर्मचारी वास्तव में मूल्यवान और स्वीकृत महसूस करते हैं, और हर दिन अपने वास्तविक स्वरूप के साथ काम करने के लिए सशक्त होते हैं। एक ऐसा कार्यस्थल बनाना जहाँ सांस्कृतिक सद्भाव और व्यक्तिगत प्रामाणिकता एक साथ पनपते हों, एक दुर्लभ उपलब्धि है, जो गहरे विश्वास और संवेदनशील नेतृत्व को दर्शाती है। इस अनुकरणीय कार्य-संस्कृति को बनाए रखने के लिए ग्रेट प्लेस टू वर्क की ओर से कंपनी के नेतृत्व और पूरी टीम को हार्दिक बधाई।

एलजीई इंडिया की ग्रेट प्लेस टू वर्क यात्रा साल 2023 में एमडी होंग जू जियोन और एलजीई इंडिया के चीफ ह्यूमन रिसोर्सेज अफिसर , श्री ज्वा नाम किम के नेतृत्व में शुरू हुई थी। कार्य-संस्कृति को मजबूत करने और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों के तहत, कंपनी लगातार कर्मचारियों के फीडबैक, जन-केंद्रित पहलों और पारिवारिक जुड़ाव पर ध्यान केंद्रित कर रही है। ये प्रयास एक ऐसा वातावरण बनाने पर संगठन के फोकस को दर्शाते हैं, जहाँ कर्मचारी संस्था से जुड़ा हुआ महसूस करते हैं और उनके पेशेवर विकास में उन्हें पूरा सहयोग मिलता है।

जैसे-जैसे एलजी इलेक्ट्रानिक्स इंडिया देश में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रहा है और अपने विकास लक्ष्यों की दिशा में आगे बढ़ रहा है, अपने लोगों और कार्य-संस्कृति में निवेश करना लंबी अवधि के लिए संगठन के निर्माण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना हुआ है।

सीन में जज्बात रोके, शूटिंग खत्म हुई तो रो पड़ा, अनुपमा के सामने अनिल कपूर ने सुनाया साहेब का किस्सा

मुंबई/ पटना (दैनिक नवसंदेश) । इस वीकेंड, देश की चहेती अनुपमा यानि रुपाली गांगुली, स्टार प्लस के लोकप्रिय गेम शो इंडिया के टॉप 1 प्रतिशत में अनिल कपूर के साथ नजर आएँगी। हँसी-मजाक और बातचीत के बीच रुपाली का आना अनिल को फिल्म साहेब के दिनों में ले जाता है, जिसका निर्देशन उनके पिता अनिल गांगुली ने किया था। फिल्म से जुड़ी यादें साझा करते हुए अनिल इसे अपने करियर का सबसे बेहतरीन काम बताते हैं। साथ ही, वे एक ऐसे भावुक सीन का जिक्र करते हैं, जिसकी शूटिंग के बाद वह अपने आँसू रोक नहीं पाए थे।



रुपाली का स्वागत करते हुए अनिल उनके पिता के साथ काम करने के अनुभव को बड़े प्यार से याद करते हैं और फिल्म का मशहूर गाना 'प्यार बिना चैन कहाँ रे' भी गुनगुनाते हैं। वे कहते हैं, अनिल गांगुली जी के साथ मैंने एक सुपरहिट फिल्म की थी, जिसका नाम था साहेब। वे बहुत अच्छे और प्यारे इंसान थे। लोग मेरी कई फिल्मों में मेरे काम की तारीफ करते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि मेरा सबसे अच्छा काम साहेब में था। और आज उनकी बेटी मेरे साथ खड़ी है, जिसने पूरे हिंदुस्तान के घर-घर में अपनी पहचान बना ली है।

रुपाली भी काम के प्रति अनिल के समर्पण को याद करती हैं और बताती हैं कि उनके पिता अक्सर अनिल की बातें किया करते थे। वे कहती हैं, सर, पापा हमेशा आपकी बातें करते थे। साहेब में आपके पास एक ट्रैकसूट और दो शर्ट थीं, एक सफेद और एक लाल चेक वाली। बहुत सारे कपड़े नहीं थे, लेकिन काम के प्रति आपके समर्पण से हमने बहुत कुछ सीखा है। वह सीन, जिसमें आप पैसे लेकर बैठे हैं और उन्हें लौटाने के लिए नौकरी माँगते हैं, हमारे लिए अपने आप में अभिनय की पूरी पाठशाला था, सर। उस सीन को याद करते हुए अनिल कहते हैं, वे मेरे पसंदीदा सीन्स में से एक है। वह सीन करने के बाद मैं फूट-फूटकर रोया था। सीन में मेरा किरदार अपने जज्बातों पर काबू रखने की कोशिश कर रहा था, लेकिन शूटिंग खत्म होते ही मैं रो पड़ा। बहुत अच्छा सीन था।

देखिए इंडिया के टॉप 1 प्रतिशत : द अनिल कपूर शो, इस वीकेंड रात 8 बजे, स्टार प्लस और जियोहॉटस्टार पर।

टाटा एआईए लाइफ ने बदले सुरक्षा के मायने, पॉलिसी के पहले ही दिन से मिलेगा 30 गुना लाइफ कवर

फर्च्यून गारंटी सुप्रीम का नया हाई लाइफ कवर एंडोमेंट विकल्प, परिवारों को पहले ही दिन से मिलेगी बड़ी सुरक्षा और गारंटीड लंबी अवधि की बचत

पटना (दैनिक नवसंदेश) । अधिकांश परिवारों के लिए, वित्तीय योजना का मतलब दो वादे निभाना है, भविष्य के लक्ष्यों के लिए बचत करना और किसी अनहोनी की स्थिति में अपने प्रियजनों को आर्थिक रूप से सुरक्षित रखना। अक्सर ग्राहकों को इन दोनों में से किसी एक को चुनना पड़ता है या तो वे कम लाइफ कवर वाले सेविंग्स प्लान चुनते हैं या फिर बिना किसी मैच्योरिटी लाभ वाले प्योर प्रोटेक्शन प्लान। आज के परिवार दोनों चीजें चाहते हैं, पहले ही दिन से बड़ी सुरक्षा और भविष्य के लिए एक निश्चित गारंटीड फंड। इस नए बदलाव पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस की सीनियर वीपी और हेड ऑफ प्रोडक्ट मैनेजमेंट, श्रुति ओक ने कहा, वित्तीय योजना का असली उद्देश्य आज अपने अपनों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए कल की तैयारी करना है। फर्च्यून गारंटी सुप्रीम में किए गए इस बदलाव के साथ, हम गारंटीड बचत के भरोसे के साथ एक बड़े स्तर की सुरक्षा लेकर आए हैं। यह हाई लाइफ कवर एंडोमेंट विकल्प ग्राहकों को पहले ही दिन से एक मजबूत लाइफ कवर देता है, ताकि वे बिना किसी चिंता के अपने लंबी अवधि के वित्तीय लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित रख सकें। लंबी अवधि की वित्तीय योजना को भारतीय परिवारों की बदलती जरूरतों के बिल्कुल अनुकूल बनाने का यह हमारा एक प्रयास है। इसी जरूरत को पूरा करते हुए, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने अपने टाटा एआईए फर्च्यून गारंटी सुप्रीम प्लान में हाई लाइफ कवर एंडोमेंट विकल्प जोड़ा है। इसके तहत, लागू नियमों और शर्तों के अनुसार, पॉलिसी के पहले ही दिन से वार्षिक प्रीमियम का 30 गुना लाइफ कवर मिलेगा, और पलिसी अवधि के अंत में मैच्योरिटी पर एकमुश्त गारंटीड राशि भी दी जाएगी। ग्राहकों के लिए इसका मतलब है एक ऐसा प्लान जो दो काम एक साथ करता है, यह पॉलिसी शुरू होते ही परिवार को बड़ी वित्तीय सुरक्षा देता है, और भविष्य के लक्ष्यों या आने वाली पीढ़ी के लिए एक मजबूत वित्तीय विरासत तैयार करता है।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, न

पॉक्सो को लेकर स्कूलों में चलेगा जागरूकता अभियान

हर विद्यालय से एक शिक्षक और एक शिक्षिका होंगे प्रशिक्षित प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को किया जाएगा जागरूक

मोतिहारी (एनएसबी)। बच्चों को यौन अपराधों से बचाने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले के कक्षा एक से आठ तक के विद्यालयों में बचपन बचाओ अभियान के तहत पक्सो एक्ट को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव न्यायाधीश नितिन कुमार त्रिपाठी ने विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को बच्चों को पक्सो कानून की जानकारी देने की आवश्यकता बताई।उन्होंने कहा कि बच्चों को सुरक्षित एवं असुरक्षित व्यवहार, व्यक्तिगत सीमाओं और परेशानी की स्थिति में विश्वसनीय वयस्क से सहायता लेने की जानकारी उम्र के अनुरूप दी जानी चाहिए। बच्चों को यह विश्वास दिलाना जरूरी है कि उनके साथ अनुचित व्यवहार होने पर वे बिना डर अपनी बात साझा कर सकते हैं।अभियान के तहत प्रत्येक विद्यालय से एक पुरुष शिक्षक एवं एक महिला शिक्षिका को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षित शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रत्येक माह एक दिन बच्चों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे। नुक्कड़ नाटक, निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को बाल सुरक्षा और पक्सो कानून की जानकारी दी जाएगी।कार्यक्रम में बताया गया कि पक्सो एक्ट 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यौन अपराधों से कानूनी संरक्षण प्रदान करता है। बच्चों को सरल भाषा में सुरक्षित व्यवहार, शिकायत करने और भरोसेमंद व्यक्ति से सहायता लेने के बारे में जानकारी दी जाएगी।कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन गिरी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रेयाज अहमद, शकील अहमद, अमरेश कुमार सहित मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार, अरविंद कुमार, भानु प्रकाश, अमित कश्यप, अंशु यादव एवं रवि कुमार सिंह उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

डीएम ने मतदान केंद्र और ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

मोतिहारी (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के 03 सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान को लेकर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने गुरुवार को सदर अंचल मोतिहारी में बनाए गए मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्र पर उपलब्ध तैयारियों और आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी मौजूद थे।जिलाधिकारी ने मतदान केंद्र पर मतदाताओं की सुविधा, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के जिला स्तरीय प्रतिनिधियों के साथ समाहरणालय स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का भी निरीक्षण किया। यह नियमित मासिक निरीक्षण था। इस दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था एवं मानकों का जायजा लिया गया। सुरक्षा प्रहरी को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी आशुतोष राय सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।


निरीक्षण करते अधिकारी।

शिक्षक निर्वाचन के लिए प्रशासन ने कसी कमर

23 अक्टूबर को सुबह 8 से शाम 4 बजे तक होगा मतदान, 27 केंद्रों पर तैनात रहेंगे अधिकारी

मोतिहारी(एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के 03 सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदान सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होगा। गुरुवार को श्री महावीर राजकीय मध्य विद्यालय लूअठहा स्थित डिस्पैच सेंटर पर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों की ब्रीफिंग हुई।जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग के प्रोटोकल का अनिवार्य रूप से पालन करें और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतें। पूर्वी चंपारण के सभी 27 अंचलों के अंचल अधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में मतदान केंद्र बनाए गए हैं।उन्होंने मतदान केंद्रों पर रैंप, पेयजल और मतदाताओं के बैठने सहित आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पीठासीन पदाधिकारियों को पीआरओ ऐप में निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित प्रत्येक जानकारी समय पर दर्ज करने को कहा गया। मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने के साथ मतदान की गोपनीयता बनाए रखने का भी निर्देश दिया गया।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सेक्टर, जोनल और सुपर जोनल पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्र के वोटिंग कंपार्टमेंट में केवल मतदाता को ही प्रवेश की अनुमति होगी।पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पदाधिकारियों को निर्धारित स्थल पर समय से पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

संक्षिप्त खबरें

छुट्टी के बाद महाविद्यालयों में शुरू हुई शैक्षणिक गतिविधियां

मोतिहार(एनएसबी)। दुर्गापूजा की छुट्टी समाप्त होने के बाद गुरुवार से एलएनडी महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियां फिर से शुरू हो गईं। छुट्टी के बाद पहले दिन होने के कारण महाविद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षात कम रही। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी ड़ प्रभाकर कुमार ने बताया कि गुरुवार को राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से ातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों का आंतरिक मूल्यांकन आयोजित किया गया। वहीं, महाविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा आगामी 26 अक्टूबर से शुरू होने वाले ातक सत्र 2026-30 के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन की तैयारियां की जा रही हैं।उन्होंने बताया कि आंतरिक मूल्यांकन में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए आधार कार्ड तथा नामांकन के समय निर्गत शुल्क रसीद साथ लाना अनिवार्य है। परीक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि पर उपस्थित होने की अपील की गई है।

दो विद्युत शिकायतों का हुआ समाधान, उपभोक्ताओं को मिली राहत

मोतिहारी (एनएसबी)। जिला लोक शिकायत निवारण व्यवस्था के तहत विद्युत पोल एवं एलटी लाइन से जुड़ी दो शिकायतों का समाधान किया गया है। पहाड़पुर प्रखंड के गंगा पिपरा निवासी शंभूनाथ पाण्डेय ने विद्युत पोल स्थापित कर एलटी लाइन विस्तार नहीं होने को लेकर प्रथम अपील दायर की थी। मामले में सहायक विद्युत अभियंता, अरेराज को लोक प्राधिकार नामित कर कार्रवाई की गई।विद्युत विभाग की ओर से दिए गए प्रतिवेदन में बताया गया कि शिकायत के बाद संबंधित परिसर के पास विद्युत पोल एवं तार लगा दिया गया है और उपभोक्ता को नियमित विद्युत आपूर्ति मिल रही है। इसके बाद शिकायत का निवारण कर दिया गया।इसी प्रकार पिपराकोठी अंचल के सूर्यपुर निवासी एतवारी देवी ने विद्युत पोल एवं तार लगाने की शिकायत की थी। स्थल निरीक्षण में उनके परिसर तक बांस-बल्ले के सहारे एलटी लाइन पहुंचने की जानकारी मिली। विभाग द्वारा बांस-बल्ले के स्थान पर विद्युत पोल एवं तार लगाकर आपूर्ति सुचारू कर दी गई। शिकायतकर्ता ने भी समाधान पर सहमति जताई।

अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए आवेदन 3 नवंबर तक

मोतिहारी (एनएसबी)। बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा नौवीं एवं 11वीं में नामांकन की प्रक्रिया शुरू है। इच्छुक छात्र-छात्राएं तीन नवंबर तक अनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 15 अक्टूबर से शुरू हुई है। प्रवेश परीक्षा के आधार पर तैयार मेधा सूची के अनुसार विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। प्रवेश पत्र सात से 10 नवंबर तक डाउनलोड किया जा सकेगा, जबकि प्रवेश परीक्षा 12 नवंबर को होगी। परीक्षा परिणाम 25 नवंबर को जारी किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों का नामांकन एक से सात दिसंबर तक होगा और नया सत्र आठ दिसंबर से शुरू होगा। योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा, आवासन, भोजन, वस्त्र एवं पुस्तक सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उच्च माध्यमिक स्तर पर च्ब्ड, च्ब्ड एवं कला सहित विभिन्न विषयों की पढ़ाई की सुविधा भी मिलेगीस अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अनुसार राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित इन विद्यालयों में मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन एवं पारसी समुदाय के पात्र छात्र-छात्राओं को नामांकन का अवसर मिलेगा। अभिभावक एवं विद्यालय प्रधान पात्र विद्यार्थियों को समय-सीमा के भीतर आवेदन के लिए प्रेरित करें। अधिक जानकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कायाकल्प अभियान में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

मोतिहारी(एनएसबी)। बिहार सरकार के कायाकल्प अभियान के तहत जिले की सार्वजनिक परिसंपत्तियों को दुरुस्त करने को लेकर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित ड़ राधाष्णन सभागार में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में नगर आयुक्त, डीडीसी, अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, कार्यपालक अभियंता एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सामुदायिक भवन, स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र और पंचायत भवन सहित सार्वजनिक परिसंपत्तियों की मरम्मत, जीर्णोद्धार एवं आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन की प्रगति की जानकारी ली।उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि निर्माण एवं मरम्मत कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। निम्न स्तर की सामग्री के इस्तेमाल अथवा कार्य में लापरवाही की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों एवं संवेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।प्रखंडों के वरीय अधिकारियों को अपने क्षेत्र में संचालित योजनाओं का नियमित भौतिक निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि बेहतर परिसंपत्तियों के माध्यम से लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

वरिष्ठ मंडल अभियंता ने सफाई अभियान चलाकर किया जागरूक

कोच इंडिकेटर, ट्रेन इंडिकेटर, वाटर कूलर और शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग

चकिया(एनएसबी)। रेलवे द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत समस्तीपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता-2 संत कुमार प्रजापति ने चकिया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही सफाई अभियान चलाकर यात्रियों और रेलकर्मियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल अभियंता ने यात्रियों से बातचीत की और स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं एवं सफाई व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। इस दौरान यात्रियों ने स्टेशन पर कई आवश्यक सुविधाओं के अभाव का मुद्दा उठाया। यात्रियों ने बताया कि स्टेशन पर कोच इंडिकेटर बोर्ड, ट्रेन इंडिकेटर बोर्ड, इलेक्ट्रनिक घड़ी और वाटर कूलर की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसके कारण यात्रियों को ट्रेनों की स्थिति की जानकारी प्राप्त करने और पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। यात्रियों ने संबंधित अधिकारियों से इन आवश्यक सुविधाओं को जल्द उपलब्ध कराने की मांग की। इसके अलावा यात्रियों ने प्लेटफर्म के पिपरा छोर तथा स्टेशन परिसर के बाहर पे एंड यूज शौचालय का उपलब्ध कराने की मांग भी रखी। यात्रियों का कहना था कि शौचालय की सुविधा उपलब्ध होने से स्टेशन पर आने-जाने वाले लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को इससे राहत मिलेगी। मौके पर स्टेशन प्रबंधक श्याम कुमार, सीनियर सेक्शन इंजीनियर ओमप्रकाश सिंह, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (वर्क्स) मंजय कुमार, आरपीएफ सब इंस्पेक्टर राजेश झा, सहायक अभियंता सहित रेलवे के अन्य कर्मी मौजूद थे।


सफाई करते अभियंता के साथ अन्य रेल अधिकारी।

संक्षिप्त खबरें

दामोदरपुर में सजी तहफ्फुज-ए-ईमान कन्फ्रेंस, उलमा ने दिया तालीम और ईमान की हिफाजत का पैगाम

देश के विभिन्न हिस्सों से जुटे उलमा व शोअरा, तकरीर और नातिया कलाम से महफिल हुई गुलजार

मेहसी(एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के दामोदरपुर गांव स्थित मदरसा फातिमा-तू-जोहरा लिलबनात के तत्वावधान में मंगलवार को भव्य तहफ्फुज-ए-ईमान कन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए उलमा-ए-कराम, मुफ्ती, पीर-ए-तरीकत और शोअरा ने शिरकत की। देर रात तक चली महफिल में दीन, ईमान, तालीम और बच्चों की बेहतर तरबियत पर जोर दिया गयास कन्फ्रेंस को खिताब करते हुए ड़ मुफ्ती शहरयार रजा खान, पूर्णिया ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी दौलत ईमान है और उसकी हिफाजत हर इंसान की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, बच्चों को केवल दुनियावी शिक्षा ही नहीं, बल्कि इल्म, दीनदारी और अच्छे अखलाक की तरबियत देना भी जरूरी है। बच्चों की तालीम, तरबियत और परवरिश का बेहतरीन तरीका कुरआन में मौजूद है। उन्होंने इल्म को रोशनी बताते हुए जीवनभर ज्ञान हासिल करने का संदेश दिया। मौलाना मोहम्मद सिद्दीक हसन कादरी झारखंडी बाबा ने अपने खास अंदाज में समाज की कुरीतियों और बदलते माहौल पर चर्चा की। उनकी तकरीर में हंसी-मजाक के बीच कई गंभीर और कड़वी सच्चाइयां भी सामने आईं। उन्होंने लोगों से अपने किरदार, बच्चों की तरबियत और दीन से जुड़ाव मजबूत करने की अपील की। नातिया मुशायरे में शायर इस्लाम सोहराब देवरिया ने जब पढ़ा कदम-कदम पे खुदा की मदद पहुंचती है, दरूद से मेरी रसद पहुंचती है, ये आसमां भी वहां तक नहीं पहुंच सकता, जहां आपके कदमों की हद पहुंचती है। तो महफिल वाह-वाह और नारों से गूंज उठी।मोहम्मद अली फैजी, तौकीर इलाहाबादी, फिरोज अरकम चम्पारणी सहित कई शोअरा ने भी नातिया कलाम पेश किए। मदरसा के फाउंडर मोहम्मद अमीरुद्दीन अंसारी ने सभी उलमा, शोअरा, अतिथियों और क्षेत्रवासियों का आभार जताया।

संगठन की मजबूती के साथ जनता के सवालों पर तेज होगा संघर्ष

चकिया, मेहसी व तेतरिया लोकल कमिटी की बैठक में बनी रणनीति, महंगाई-बेरोजगारी समेत जनमुद्दों पर आंदोलन का आह्वान

मेहसी(एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के सिधवलिया स्थित पार्टी कार्यालय में चकिया, मेहसी एवं तेतरिया लोकल कमिटी की महत्वपूर्ण बैठक कमरेड इम्तेयाज अहमद की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के साथ ही महंगाई, बेरोजगारी, शोषण और आम जनता से जुड़े सवालों को लेकर जनसंघर्ष तेज करने का संकल्प लिया गयास बैठक का पर्यवेक्षण जिला सचिव कमरेड सत्येंद्र कुमार मिश्रा एवं राज्य कमिटी सदस्य कमरेड राजमंगल प्रसाद ने किया। इस दौरान ऊरी कमिटी और लोकल कमिटी की रिपोर्टिंग की समीक्षा के साथ आगामी कार्ययोजना तथा जनसंगठनों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि मजदूरों, किसानों, नौजवानों और मेहनतकश तबकों की समस्याओं को मजबूती से उठाने की जरूरत है। इसके लिए कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचकर लोगों से संवाद करेंगे और स्थानीय समस्याओं को जनसंघर्ष का मुद्दा बनाएंगे। संगठन के विस्तार के साथ कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने तथा पार्टी की नीतियों को व्यापक स्तर तक पहुंचाने पर भी जोर दिया गया।बैठक में लोकल कमिटी सचिव मुकेश कुमार यादव, पूर्व जिला पार्षद सुरेंद्र चौधरी, अजय कुमार, सुरेंद्र यादव, मोहम्मद जहीर, उमेश प्रसाद, दिलीप कुमार, धर्मनाथ यादव, फजले अहमद, अखिलेश कुमार, हरिहर ठाकुर और बैजूलाल प्रसाद सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पीएम सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक

10 लोगों ने कराया अपना निबंधन

भोरे (दैनिक नवसंदेश) प्रखंड कार्यालय परिसर, भोरे में गुरुवार को पीएम सूर्य घररू मुफ्त बिजली योजना के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। विद्युत आपूर्ति प्रभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में नाटक के माध्यम से आम लोगों को योजना की जानकारी दी गई। मौके पर सोलर मेला भी लगाया गया, जहां इच्छुक उपभोक्ताओं का निबंधन किया गया। कार्यक्रम में कुल 10 लोगों ने योजना के लिए अपना निबंधन कराया। कार्यक्रम में विद्युत कार्यपालक अभियंता शिव शंकर, सहायक विद्युत अभियंता अक्षय कुमार सिन्हा तथा कनीय अभियंता सुदीप कुमार उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को योजना की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि घर की छत पर सोलर पैनल लगाने से जो बिजली उत्पन्न होगी, उसका उपयोग उपभोक्ता अपने घर में कर सकेंगे। खपत के बाद जो अतिरिक्तबिजली बचेगी, उसे विभाग वापस ले लेगा और उसकी कीमत के बराबर राशि उपभोक्ता के बिजली बिल में समायोजित कर दी जाएगी। यह पूरा काम नेट मीटर स्वतरू करेगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह योजना केवल घरेलू उपभोक्ताओं के लिए है। इसमें केंद्र सरकार और राज्य सरकार, दोनों की ओर से सब्सिडी दी जा रही है। एक किलोवाट पर कुल 40 हजार रुपये, दो किलोवाट पर 80 हजार रुपये तथा तीन किलोवाट या उससे अधिक क्षमता पर अधिकतम 98 हजार रुपये तक का अनुदान मिलेगा। क्षमता के अनुसार लागत, उत्पादन और छत पर आवश्यक जगह की जानकारी भी लोगों को दी गई। अधिकारियों ने अधिक से अधिक उपभोक्ताओं से योजना का लाभ उठाने की अपील की।

फुलवरिया में 91 शिक्षक मतदाता आज डालेंगे वोट, तैयारी पूरी

सारण शिक्षक निर्वाचन को लेकर अंचल कार्यालय में बनाया गया मतदान केंद्र

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) विधान परिषद शिक्षक निर्वाचन को लेकर फुलवरिया प्रखंड में मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार को प्रखंड के 91 शिक्षक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान के लिए अंचल कार्यालय परिसर में मतदान केंद्र बनाया गया है। मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बीडीओ मनीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शिक्षक निर्वाचन को लेकर मतदान केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। निर्धारित समय पर मतदान की प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी। 82 पुरुष शिक्षक मतदाता जबकि 9 महिला शिक्षक कुल 91 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान प्रक्रिया के संचालन में पीठासीन पदाधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वहीं, मतदान कर्मी मतदाताओं की पहचान, मतदाता सूची के सत्यापन और अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं में सहयोग करेंगे।प्रशासन की ओर से मतदान केंद्र पर व्यवस्था बनाए रखने और निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने की तैयारी की गई है।मतदान केंद्र के आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती भी की जाएगी।स्थानीय स्तर पर शिक्षक निर्वाचन के मतदान को देखते हुए मतदान केंद्र पर पेयजल, शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं पूरी कर ली गई।

अलग अलग गांवों में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट, महिला समेत दो घायल

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) विशंभरपुर थाना क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर दो अलग-अलग गांवों में हुई मारपीट की घटनाओं में एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।मिली जानकारी के अनुसार, रूपछाप गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई।इस घटना में गांव निवासी रंजू देवी घायल हो गईं। वहीं, विशंभरपुर गांव में भी जमीन को लेकर हुए विवाद के दौरान मारपीट में अरुण कुमार घायल हो गए।दोनों घटनाओं के बाद परिजनों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट पहुंचाया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार किया जा रहा है। थाना क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर हुई इन घटनाओं से संबंधित गांवों में चर्चा का माहौल है।

नम आंखों से मां दुर्गा को किया कोसी नदी में विसर्जन

सलखुआ (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड के पूर्वी कोसी तटबंध के भीतर फरकिया दियारा में गुरुवार को श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जित किया। इसके साथ ही क्षेत्र का शारदीय नवरात्र मेला संपन्न हो गया। प्रखंड के कबीरा धाप बाजार स्थित बड़ी मां दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना और मेला बेहद धूमधाम से मनाया गया। गुरुवार को माता की विदाई को लेकर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

मेला कमेटी के सदस्यों द्वारा माता की प्रतिमा को विसर्जन के लिए मंदिर से निकाला गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद महिला श्रद्धालुओं ने पारंपरिक विदाई गीत गाकर मां दुर्गा को भावभीनी विदाई दी, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय और भावुक हो उठा। वहीं, युवाओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल और अबीर लगाकर मां अम्बे के जयकारे लगाए। सुरक्षा के लिहाज से कोसी नदी के डेंगराही घाट पर पुख्ता इंतजाम किए गए थे। विसर्जन



विसर्जन को लेकर जाते ग्रामीण।

को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए चिरैया थाना अध्यक्ष इंद्रजीत तांती और अपर थाना अध्यक्ष प्रेमचंद चैधरी दल-बल के साथ घाट पर मुस्तैद रहे। सक्रिय निगरानी में युवाओं ने पूरी सुरक्षा के साथ मां की प्रतिमा को कोसी नदी की लहरों में विसर्जित किया।

विधान पार्षद कोसी स्नातक निर्वाचन को लेकर तैयारीयां पूरी, मतदान आज

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। कोसी स्नातक निर्वाचन के चुनाव को लेकर शुक्रवार को होने वाले मतदान की सभी आवश्यक प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज होनेवाले मतदान के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारी प्रखंड मुख्यालय पहुंच चुके हैं। अंचल कार्यालय में मतदान केंद्र संख्या 16 बनाया गया है, जहां सभी पंचायतों के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

अंचल क्षेत्र में कुल 1,149 मतदाता हैं। इनमें 858 पुरुष और 291 महिला मतदाता शामिल हैं। मतदान सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। मतदान केंद्र पर पीठासीन पदाधिकारी के रूप में सिमरी बख्तियारपुर के बीडीओ मोहन सिंह की प्रतिनियुक्ति की गई है। कोसी स्नातक निर्वाचन के चुनावी मैदान में कुल 15 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें



प्रशासनिक तैयारियां में जुटे।

एनडीए के वर्तमान विधान पार्षद डॉ. एनके यादव, राजद के नितेश कुमार, कांग्रेस के मनोज कुमार जायसवाल, जन सुराज पार्टी के रजनीश रंजन और आम आदमी पार्टी के मेथ्युकुट्टी एनडी शामिल हैं। निर्दलीय प्रत्याशियों में वंदना कुमारी, अभय कुमार, अमरेंद्र कुमार, कामेश्वर यादव, कुंदन लाल, बमभोला सहनी, मनोज कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार झा, संजीव कुमार और संतोष कुमार तिवारी शामिल हैं। इनमें वंदना कुमारी एकमात्र महिला निर्दलीय प्रत्याशी हैं। इस संबंध में सोनवर्षा राज के बीडीओ अमित आनंद ने बताया कि मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं अन्य पदाधिकारी और पुलिस बल मतदान व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए तैनात दिखे। प्रशासन शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए लगातार प्रयास में है।

संक्षिप्त खबरें

राबिश गिराने में करोड़ों रुपए हेरफेर को लेकर युवा कांग्रेस नेता ने महापौर को सौपा ज्ञापन



ज्ञापन सौपते सुदीप कुमार सुमन।

सहरसा शहर (एनएसबी)। नगर निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से राबिस गिराए जाने को लेकर चल रही चचाओं के बीच युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुदीप कुमार सुमन ने नगर निगम की महापौर बैन प्रिया के आवास पर पहुंचकर उन्हें स्मार पत्र सौंपा। उन्होंने राबिस गिराने के कार्य की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करते हुए खर्च और कार्यस्थलों से संबंधित जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की। सुदीप कुमार सुमन ने कहा कि इन दिनों नगर निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से राबिस गिराए जाने की चर्चा जोरों पर है। बताया जा रहा है कि राबिस उन सड़कों पर गिराया गया है, जहां लोगों को आवागमन में काफी असुविधा होती है। हालांकि, जमीनी स्तर पर ऐसी चचाओं के अनुरूप स्थिति स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रही है। ऐसे में आम लोगों के मन में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर करोड़ों रुपये की लागत से राबिस कहां-कहां गिराया गया और इस कार्य पर कितनी राशि खर्च की गई।उन्होंने महापौर से आग्रह किया कि इस मामले का भौतिक सत्यापन कराया जाए तथा राबिस गिराने से संबंधित स्थलों, कार्यों और खर्च का विवरण आम जनता के सामने सार्वजनिक किया जाए, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके और लोगों के मन में उठ रहे सवालों का जवाब मिल सके।वहीं, महापौर बैन प्रिया ने इस मामले में अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि उनके संज्ञान में इस तरह का कोई मामला नहीं आया है।सुदीप कुमार सुमन ने कहा कि नगर निगम जनता के पैसे से विकास कार्य कराता है, इसलिए विकास कार्यों में पारदर्शिता और खर्च का हिसाब सार्वजनिक होना जरूरी है। आम नागरिकों को यह जानने का अधिकार है कि उनके पैसे का उपयोग कहां और किस कार्य में किया जा रहा है। इसलिए इस मामले में संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर वास्तविक स्थिति सार्वजनिक की जानी चाहिए।

रविवार को होगा कोजागरा एवं 26 को स्नान दान की पूर्णिमा : पंडित तरुण झा



प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य।

सहरसा शहर (एनएसबी)। शहर के ब्रजकिशोर ज्योतिष संस्थान के संस्थापक एवं मिथिला व कोशी के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा ने बताया की मिथिला में विश्वविद्यालय पंचांग के अनुसार कोजागरा 25 अक्टूबर रविवार को है। इस दिन पूर्णिमाव्रत कौमुदी महोत्सव कोजागरा महालक्ष्मी पूजा दीक्षा ग्रहण आदि भी 25 अक्टूबर को किये जायेंगे एवं 26 अक्टूबर दिन सोमवार को स्नान दान की पूर्णिमा होगी। कोजागरा पूजा का दिन हिंदू धर्म के सबसे शुभ दिनों में से एक माना जाता है। अश्विन महीने में पूर्णिमा के दिन देवी लक्ष्मी की पूजा की जाती है। देवी लक्ष्मी धन खुशी और समृद्धि की देवी हैं और ऐसा माना जाता है की माता लक्ष्मी की पूजा एवं अनुष्ठानों को करने में महत्वपूर्ण पहलू रात में जगराता करना होता है। यानी भक्तों को मध्यरात्रि जागरण करने की आवश्यकता होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कोजागरी पूर्णिमा की रात्रि में माता लक्ष्मी जब धरती पर विचरण करती हैं तो ह्मको जाग्रतिह्म शब्द का उच्चारण करती हैं। इसका अर्थ होता है कौन जाग रहा है वो देखती हैं कि रात्रि में पृथ्वी पर कौन कौन जाग रहा है। जो लोग माता लक्ष्मी की पूरी श्रद्धा से पूजा करते हैं। उनके घर मां लक्ष्मी जरुर जाती हैं।ज्ञात हो कि इस बार स्नान दान की पूर्णिमा 26 अक्टूबर सोमवार को करना उचित होगा। मिथिला में कोजगरा का विशेष महत्व है मान्यता यह है की ष्मां जानकी सीताष् के यहां से अयोध्या ष्प्रभु श्री रामष् के यहां कोजागरा का भार सर्वप्रथम गया था तब से यह पर्व मनाया जा रहा है।वही पं बंगाल में बंगाली समुदाय लक्खी पूजा के नाम से मनाते है।

एचआईवी पीड़ित परिवारों के बीच राशन सामग्री का वितरण, एचआईवी ग्रस्त लोगों के जीवन में सहयोग व आशा की किरण जगाना मुख्य उद्देश्य : ज्योति मिश्र



ज्योति मिश्र।

सहरसा शहर (एनएसबी)। विजयादशमी के अवसर पर बुधवार को तिवारी टोला स्थित प्रधान कार्यालय में ज्योति विवेकानंद संस्थान के द्वारा एचआईवी पीड़ित लोगों के बीच राशन किट का वितरण किया गया। संस्थान की निदेशक ज्योति मिश्रा ने बताया कि विजयादशमी के अवसर पर संस्थान के द्वारा एचआईवी प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री का वितरण कार्यालय में किया गया। उन्होंने कहा कि इस राशन किट में 10 किलो चावल 5 किलो आटा 1 किलो तेल 1 किलो सोयाबीन 1 किलो दाल 1 किलो राजमा एवं 1 किलो फल एवं मिठाइयां दी गई।जिसें पाकर पीड़ित परिवारों के चेहरे हर्ष से खिल उठा साथ ही संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया।उन्होंने बताया कि सोनबरसा स्थित रौता बेला बगरौली के एचआईवी पीड़ित लोगों को राशन किट दिया गया। उन्होंने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य एचआईवी प्रभावित परिवारों की जीवन में सहयोग सम्मान और आशा की किरण जागना है। उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि एचआईवी रोग छुआछूत की बीमारी नहीं है ऐसे में पाप से घृणा करने की जरूरत है पापी से नहीं। उन्होंने लोगों से एचआईवी पीड़ित परिवारों के चेहरे पर मुस्कान लाने में सहयोग करने की अपील की।उन्होंने कहा कि ज्योति विवेकानंद संस्थान मानव सेवा के संकल्प के साथ सामाजिक सरोकार से जुड़कर सदैव सक्रिय रही है।

स्काउट एंड गाइडस द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक आयोजित

सहरसा शहर (एनएसबी)। समस्तीपुर मंडल अंतर्गत रेल जन संवाद कार्यक्रम गुरुवार को स्वच्छता जागरूकता नुक्कड़ नाटक ईस्ट सेंट्रल रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड्स जिला संघ समस्तीपुर द्वारा सहरसा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, नरकटियागंज, दरभंगा, पर आयोजन किया गया एवं मंडल के सभी स्टेशनों पर रेल यात्रियों को स्वच्छता हेतु जागरुक कर फीड बैक लिया गया। जिसके अन्तर्गत स्टेशन परिसर पे कचरा फैलाने पे 1000 जुमार्ना होगा, बिना बिल के भुगतान नहीं इसी तरह कई माध्यम से रेल यात्रियों को जागरूक किया गया। स्थानीय संघ सहरसा मे सीनियर डीएमई एसपीजे दुर्गेश कुमार, सीनियर डीएमओ सहरसा अनिल कुमार, थाना प्रभारी धनंजय कुमार, सीएचआई चन्दन प्रसाद स्टेशन मास्टर, आरएसएल धर्मेंद्र साहा, जीएलएस सुशील, गुड्डू, सुशांत के द्वारा कार्यक्रम को संपन्न किया गया।

बुराई चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अंततः विजय सत्य और अच्छाई की ही

■ सहरसा में 65 फीट का जला दशानन, उमड़ा जनसैलाब; कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का भी हुआ दहन

सहरसा कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। विजयादशमी के पावन अवसर पर पूर्वांचल दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वावधान में एमएलटी कॉलेज मैदान में भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 65 फीट ऊंचे रावण तथा 55-55 फीट ऊंचे कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। इस भव्य आयोजन को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े।

कार्यक्रम में सहरसा के जिलाधिकारी दीपेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने भाग लिया। जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने कहा कि रावण दहन असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि लोग बड़े हर्षोल्लास और उमंग के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं, पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने बताया कि रावण दहन का कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके



रावण दहन कार्यक्रम में डीएम, एसपी व अन्य।

से संपन्न हुआ। उन्होंने इस पर्व से अच्छाई, सदाचार और सकारात्मक मूल्यों की सीख लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एसडीओ स्त्रियांश तिवारी, एसडीपीओ पंकज कुमार एवं जिला प्रशासन का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस भव्य आयोजन में रंजन सिंह, विनोद गुप्ता, रामनंदन भगत, सुनील झा, जितेंद्र सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव, पप्पू भगत, अनिरुद्ध चैधरी, विनय जी, पिंटू झा, कैलाश भगत, रामदेव शर्मा, शिंटू भगत, कुमार अमरज्योति, सगर कुमार नन्हे, अन्नी, अभिनव सिंह, गोविंद सिंह, रोनक सिंह, अनित कुमार, लकी सिन्हा, मोनू कुमार, भानु वर्मा, बिपिन कुमार, अरविंद कुमार, अर्णव भगत, ईशान सिंह, सोनू सिंह एवं सिल्लू सिंह, जंयत सिंह, चंदन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

महर्षि मेही अखिल भारतीय संतमत सत्संग की तैयारियों का मंत्री रत्नेश सादा ने लिया जायजा

■ 24 अक्टूबर को होगा भव्य उद्घाटन, बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार के आगमन को लेकर

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग के माननीय मंत्री श्री रत्नेश सादा गुरुवार को सोनवर्षा प्रखंड के बजराहा पहुंचकर प्रस्तावित महर्षि मेही राष्ट्रीय यज्ञ स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आयोजन कमिटी से यज्ञ की तैयारियों का जायजा लिया और आयोजन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, 24 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2026 तक महर्षि मेही अखिल भारतीय संतमत सत्संग का आयोजन किया जाना है। इस संतमत सत्संग का विधिवत उद्घाटन 24 अक्टूबर को बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत कुमार एवं बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री श्री रत्नेश सादा के द्वारा किए जाने हैं। यज्ञ स्थल पर पहुंचकर मंत्री श्री सादा ने आयोजन की तैयारियों और व्यवस्थाओं



मुआयना करते मंत्री व अन्य।

का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ प्रखंड जदयू अध्यक्ष श्री जयकुमार सिंह, जदयू नेता सह अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अन्नू पटेल,जिला जदयू महासचिव श्री नंद किशोर झा, प्रखंड जदयू प्रवक्ता सह अति पिछड़ा जदयू अध्यक्ष श्री हरदेव मुखिया, पंचायत जदयू अध्यक्ष श्री पिंकू मंडल, विधायक प्रतिनिधि श्री बबलू मंडल, डॉ. साहब, श्री शैलेन्द्र मंडल सहित अन्य गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। मंत्री के आगमन को लेकर मौके पर लोगों की अच्छी-खासी भीड़ देखी गई। आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल है। तीन दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

परसबन्नी मोड़ पर मैया जागरण में झूमे श्रद्धालु

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड के परसबन्नी मोड़ पर दुर्गा मेला के अवसर पर बुधवार की रात मैया जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जीतू स्टार शो के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व प्रखंड प्रमुख रमेश चंद्र यादव, लोजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार यादव, पैक्स अध्यक्ष गंगा चरण यादव, मुखिया रीता देवी, बीडीओ गुलशन कुमार झा और थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

मैया जागरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और दर्शक शामिल हुए। भक्ति गीतों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। देर रात तक चले कार्यक्रम में पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों की मौजूदगी से कार्यक्रम की रौनक बढ़ गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैनात रही पुलिस मेले में शांति और विधि-व्यवस्था बनाए



कार्यक्रम का उद्घाटन करते सभी अतिथि।

रखने के लिए थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। एसआई साकेत बिहारी समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली। पुलिस की निगरानी में कार्यक्रम शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष रंजन यादव, मिथिलेश यादव, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार शर्मा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राम कुमार पासवान, अभय यादव, सुभाष कुमार, मनोज ठाकुर, सुधीन शर्मा, जयकुमार, सोहन सिंह, गोपाल यादव सहित अन्य गणमान्य लोग और ग्रामीण मौजूद थे।

डीआईजी के नेतृत्व में भटगामा महोत्सव में नशा मुक्ति संकल्प यात्रा व दौड़ आयोजित

फोटो कैप्शनः 3 नशा मुक्ति संकल्प यात्रा डीआईजी व अन्य

सहरसा शहर (एनएसबी)। मधेपुरा जिला के चैसा प्रखंड अंतर्गत ग्राम भटगांमा में तीन दिवसीय भटगांमा महोत्सव सह-दशहरा मेला भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ कुमार आशीष पुलिस उप-महानिरीक्षक, कोशी क्षेत्र, सहरसा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। पुलिस उप-महानिरीक्षक, कोशी क्षेत्र, सहरसा को मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुये। भटगांमा महोत्सव विगत 16 वर्षों से प्रतिवर्ष मधेपुरा जिला के चैसा प्रखंड



नशा मुक्ति संकल्प यात्रा डीआईजी व अन्य।

यात्रा भी निकाला गया। जिसमें हजारों की संख्या में महिला खिलाड़ी और ग्रामीण महिलाएँ शामिल हुये। यह यात्रा लौवा लगान से भटगांमा जीरो माईल तक संकल्प दौड़ के रूप में चली। इस महोत्सव में हजार से भी ज्यादा महिला खिलाड़ी भिन्न-भिन्न खेलों में शामिल हुयी और विजेता खिलाड़ियों को पुलिस उप-महानिरीक्षक, कोशी क्षेत्र, सहरसा के द्वारा पुरस्कृत किया गया। पुलिस उप-महानिरीक्षक, कोशी क्षेत्र के द्वारा कार्यक्रम स्थल पर नशा मुक्त समाज के लिये हजारों लोगों सार्वजनिक रूप से शपथ दिलाया गया। पुलिस उप-महानिरीक्षक, कोशी क्षेत्र, सहरसा द्वारा

सहरसा की बेटी कोइना सिंह को लंदन के प्रतिष्ठित इनर टेम्पल में बैरिस्टर के रूप में मान्यता पिता वरिष्ठ अधिवक्ता रतन कुमार सिंह की उपलब्धियों से भी बढ़ा बिहार का गौरव

सहरसा शहर (एनएसबी)। जिले के लिए यह गर्व और प्रसन्नता का अवसर है कि सहरसा में जन्मे वरिष्ठ अधिवक्ता रतन कुमार सिंह की पुत्री कोइना सिंह को लंदन की प्रतिष्ठित संस्था द ऑनरेबल सोसाइटी ऑफ द इनर टेम्पल द्वारा बैरिस्टर के रूप में मान्यता प्रदान की गई है।

यह उपलब्धि उनकी विधिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है और सहरसा, बिहार तथा उनके परिवार के लिए गौरव का विषय है। इनर टेम्पल लंदन के चार ऐतिहासिक में से एक है। इस प्रतिष्ठित संस्था से महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू जैसी महान विभूतियाँ भी जुड़ी रही हैं, जिन्होंने विधि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ अधिवक्ता रतन कुमार सिंह का जन्म और पालन-पोषण



कोइना सिंह।

सहरसा, बिहार में हुआ। वे भारत के सर्वोच्च न्यायालय तथा दिल्ली उच्च न्यायालय में प्रैक्टिस करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। वे लंदन स्थित कीटिंग चेम्बर्स के अंतरराष्ट्रीय सदस्य हैं। वे सोसाइटी ऑफ कंस्ट्रक्शन लॉ की भारत शाखा के अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके अतिरिक्त, वे चार्टर्ड इंस्टीट्यूट ऑफ आर्बिट्रेटर्स, यूनाइटेड किंगडम की भारत शाखा के निदेशक भी हैं। रतन कुमार सिंह को अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के क्षेत्र में व्यापक अनुभव प्राप्त है। वे सिंगापुर इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर तथा एशिया इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर कुआलालंपुर सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता संस्थानों में मध्यस्थ के रूप में कार्य करते हैं। वे ओ.पी. जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल में विजिटिंग प्रोफेसर हैं तथा धीरूभाई अंबानी लॉ स्कूल और मणिपाल लॉ स्कूल में मानद प्रोफेसर के रूप में भी अपनी शैक्षणिक सेवाएँ प्रदान करते हैं। अपने पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए कोइना सिंह ने लंदन के किंग्स कॉलेज से विधि की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने बैरिस्टर व्यावसायिक अध्ययन कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया। उन्होंने लंदन स्थित सिटी, सेंट जॉर्ज विश्वविद्यालय से अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक व्यापार तथा अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान में विशेषज्ञता के साथ विधि स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। कोइना सिंह को निर्माण संबंधी विवादों और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के क्षेत्र में लंदन स्थित अंकुरा कंसल्टिंग के साथ काम करने का पेशेवर अनुभव प्राप्त हुआ है। वे भारत में सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस. रविंद्र भट के कार्यालय के साथ भी कार्य कर चुकी हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने भारत की प्रमुख विधि फर्मों के साथ काम किया है। उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों में प्रकाशित विधिक शोध तथा अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता और वार्ता प्रतियोगिताओं में सहभागिता भी शामिल है। इनके सफलता पर सांसद दिनेश चन्द्र यादव, शिवहर की सांसद लवली आनंद, पूर्व सांसद आनंद मोहन, कोशी विकास संघर्ष मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष विनोद कुमार झा तथा मोर्चा के संरक्षक सह पूर्व जिला पार्षद प्रवीण आनंद ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

संक्षिप्त खबरें

मुंगेर को 72 रनों से हराकर सहोरा ने जीता मुकाबला

बेलदौर। प्रखंड क्षेत्र के सहरोन में मां दुर्गा क्रिकेट टूर्नामेंट के बैनर तले आयोजित सात दिवसीय अंतर-जिला टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांचक फाइनल मुकाबला जेएच इलेवन मुंगेर और एमकेटीटी सहोरा (भागलपुर) के बीच खेला गया। सहोरा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंगेर को 72 रनों से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। इससे पहले मुंगेर ने टस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सहोरा ने निर्धारित 20 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 242 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। अमन कुमार ने मात्र 35 गेंदों पर 97 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि चंदन ने 32 गेंदों पर 60 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंगेर की टीम सहोरा के गेंदबाजों के आगे टिक नहीं सकी और पूरी टीम 170 रनों पर सिमट गई। सहोरा की ओर से राजा ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 27 रन देकर 4 विकेट झटके।शानदार अलराउंड प्रदर्शन (97 रन और 2 विकेट) के लिए सहोरा के अमन कुमार को 'मैन अफ द मैच' चुना गया। वहीं, पूरे टूर्नामेंट में 154 रन बनाने और 3 विकेट लेने वाले मुंगेर के निखिल को 'मैन अफ द सीरीज' का खिताब दिया गया।इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य जवाहर राय, राजद प्रदेश महासचिव इन्द्रदेव यादव, ड़ रमेश सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पूर्व उप नगर सभापति सुनील कुमार को मातृ शोक

खगड़िया। खगड़िया नगर परिषद के पूर्व नगर उपसभापति दान नगर निवासी सुनील कुमार पटेल की 82 वर्षीया मां विमल देवी का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर सदर विधायक बबलू कुमार मंडल, पूर्व नगर सभापति मनोहर कुमार यादव, पूर्व उपसभापति राज कुमार फोगला, युवा शक्ति के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह त्यागी, पूर्व उप सभापति विनय कुमार पटेल, नगर उपसभापति प्रतिनिधि मोहम्मद साहेब उद्दीन,नगर पार्षद रणवीर कुमार, बबलू कुमार, चंद्रशेखर ,पूर्व नगर नगर पार्षद गुग्गू यादव, दीपक चंद्रवंशी, समाज सेवी कमल भारती समेत कई अन्य गणमान्य लोगों ने उनके परिवार के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त की।

नम आंखों से दी गई मां दुर्गा को विदाई

गोगरी। अनुमंडल क्षेत्र में मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही दुर्गा पूजा का समापन हो गया। बुधवार को गोगरी की बड़ी लाल दुर्गा, लक्ष्मीनगर हाट स्थित दुर्गा मंदिर और छोटी चक भगवान हाई स्कूल मैदान में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को नम आंखों से विदाई दी गई। वहीं, रजिस्ट्री मोड़ स्थित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन गुरुवार को किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी। मां के जयकारों के बीच भक्तों ने अगले वर्ष फिर से आने की प्रार्थना की। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में रहा।विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी लगातार निगरानी करते रहे। इस दौरान एसडीओ संजय कुमार, एसडीपीओ चंदन कुमार ठाकुर, डीसीएलआर राजकुमार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन की सतर्कता के बीच प्रतिमा विसर्जन की प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

मां दुर्गा की प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

बेलदौर। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में स्थापित मां दुर्गा की सात प्रतिमाओं का स्थानीय नदियों और पोखरों में धूमधाम एवं भक्तिभाव के साथ विसर्जन किया गया। बताते चले कि गुरूवार की सुबह करीब आठ बजे से ही प्रतिमा विसर्जन का क्रम शुरू हो गया, जो देर शाम तक चलता रहा। श्रद्धालु डीजे और गाजे-बाजे की धुन पर नाचते-गाते हुए मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल की ओर ले जा रहे थे।शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित विसर्जन के लिए प्रशासनिक स्तर पर व्यापक व्यवस्था की गई थी। मौके पर मजिस्ट्रेट चंदन कुमार, एसआई सरिता कुमारी समेत पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहे। विसर्जन जुलूस के कारण बेलदौर नगर पंचायत के मुख्य मार्गो पर लोगों की भारी भीड़ और वाहनों की आवाजाही बढ़ गई, जिससे कुछ समय के लिए राहगीरों को आवागमन में थोड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ा। हालांकि, तैनात पुलिसकर्मियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा।

मोदी की सरकार ने चुनाव आयोग को मोहरा बनाकर जनता के अधिकारों को छीन लेने का कुत्सित प्रयास किया है : संजय

खगड़िया (एनएसबी)। संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर गुरूवार को खगड़िया में अखिल भारतीय किसान सभा,अखिल भारतीय खेतिहर एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन और भारतीय यूनियन केन्द्र(सीटू)के द्वारा ज्ञानेश भगाओ-लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ-देश बचाओ मार्च और ज्ञानेश कुमार,नरेन्द्र मोदी और अमित शाह का पुतला दहन किया गया। प्रतिरोध जुलूस सीपीआईएम जिला कार्यालय से निकल कर बीएसएनएल कार्यालय तक गया,फिर लौट कर हस्पिटल चौक पर सरकार विरोधी नारेबाजी के साथ पुतला दहन किया गया। मौके पर अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव संजय कुमार ने कहा कि वोट चोरी के खिलाफ पूरे देश में चल रहे शांतिपूर्ण संघर्षो पर मोदी सरकार जिस क्रूरता के साथ पुलिस और गुंडों द्वारा हमले करवा कर दमन करने का काम कर रही है,वह अंग्रेजी हुकूमत की याद को ताजा कर रही है। यह जनसंघर्ष मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के मात्र इस्तीफे या गिरफ्तार कर जेल में बंद करने तक ही नहीं रुकेगी। उन्होने कहा कि



प्रदर्शन करते नेतागण।

यह आंदोलन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा प्रोटेस्टरों को बेरहमी से पीटने,प्रताड़ित करने,डिटेन करने या जेल में बंद करने से भी इस निर्णायक जनसंघर्ष को रोकना मोदी सरकार के बूते से बाहर है,चुकी जनता अपनी ना सिर्फ मतदान के अधिकार की रक्षा के लिए सड़कों पर है,बल्कि नागरिकता बचाने की चिंता भी उनके सामने है। दमनात्मक कार्रवाईयों और अमर्यादित हमले पुलिस के द्वारा इस कदर और इतना ज्यादा करवाया जा रहा है,की अब प्रोटेस्टरों को पुलिस और जेल का भय ही खत्म हो गया है। संजय कुमार ने कहा दरअसल तानाशाह मोदी की सरकार ने चुनाव आयोग को मोहरा बना कर जनता के इन्हीं अधिकारों को छीन लेने का कुत्सित प्रयास किया है। संजय कुमार ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार बड़े पैमाने पर सभी तरह के पुलिस फोर्स का इस्तेमाल कर शांतिपूर्ण संघर्षो को दवाना चाहती है,जो भारत के लोकतांत्रिक विरासत के खिलाफ है। संजय कुमार ने कहा आगामी 1 नवम्बर को दिल्ली में होने वाले इंडिया ब्लक की रामलीला रैली में खगड़िया से सैकड़ों की संख्या में लोग भाग लेने जा रहे हैं,इस बावत आज सीपीआईएम खगड़िया जिला कमिटी की बैठक कर विस्तृत योजना बना ली गई है। मार्च और पुतला दहन में खेतिहर मजदूर यूनियन के राज्य नेता सुरेंद्र प्रसाद महतों,किसान सभा के जिला अध्यक्ष हरेराम चौधरी,सचिव विनय कुमार सिंह,बिहार प्रांतीय खेतिहर एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष नवीन चौधरी,सचिव रामविनय सिंह,सीटू नेता विजय कुमार सिंह एवं संजीव कुमार,जनवादी महिला समिति की जिला सचिव नीतू देवी,किसान नेता कुन्दन मेहता,अनिल वर्मा,अधिवक्ता शिवजी महतों,अजहर अंजुम,मिथलेश केसरी,अमर कुमार यादव,राजेंद्र वर्मा,खेतिहर मजदूर यूनियन नेता रामविलास वर्मा,माला देवी,सरवन साह,युवा नेता रजनीश कुमार,जनवादी नौजवान सभा के जिलाध्यक्ष मनजीत कुमार,अमरेश कुमार,सुरेन्द्र पासवान,सच्चिदानंद सिंह,भीम साह,राजगीर सिंह,राजकिशोर राम,मुरारी सिंह,सुरेन्द्र सिंह सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

नम आंखों मां दुर्गा को दिया गया विदाई

पसराहा (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के क्षेत्र के पसराहा भगवती स्थान और महदीपुर में दो दिवसीय दुर्गा पूजा एवं मेले का समापन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हो गया। दस दिनों तक चले इस आध्यात्मिक उत्सव के अंतिम दिन मां दुर्गा की प्रतिमा और कलश विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मां दुर्गा को अंतिम विदाई देते समय भक्तों की आंखें नम थीं, वहीं पूरा वातावरण जयकारों से गूंज उठा। पूजा मेंपसराहा गांव में 251 सजे हुए कलशों की लंबी कतार आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। कलशों को लेकर श्रद्धालुओं ने बड़ी पसराहा से छोटी पसराहा तक एक विशाल शोभायात्रा निकाली और फिर पंचवटी चौक स्थित पोखर में उनका विसर्जन किया। इस शोभायात्रा में महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। विसर्जन मार्ग पर यातायात व्यवस्था सुचारू रखने और भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस बल तैनात रहा। इसके अतिरिक्तकिसी भी दुर्घटना से बचाव के लिए पोखर पर एसडीआरएफ की टीम तैनात की गई थी, जो पानी में उतरने वालों की निगरानी कर रही थी।भगवती स्थान मेला समिति के अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि स्थानीय निवासियों और युवाओं के विशेष सहयोग से यह आयोजन शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मेला समिति और प्रशासन ने शांतिपूर्ण विसर्जन पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी श्रद्धालुओं, नागरिकों और पुलिस प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया।



-प्रतिमा विर्सजन करते श्रद्धालु।

शराब के नशे में सड़क पर मटरगश्ती कर रहे दो युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

चौथम (एनएसबी)। चौथम पुलिस ने मेला गश्ती के दौरान शराब के नशे में सड़क पर मटरगश्ती कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों युवकों को जवाहर नगर रोड से पकड़ा। जांच के दौरान शराब पीने की पुष्टि होने के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, चौथम पुलिस मेला के मद्देनजर क्षेत्र में गश्ती कर रही थी। इसी दौरान जवाहर नगर रोड पर दो युवक कथित तौर पर शराब के नशे में झूमते हुए घूम रहे थे। युवकों की गतिविधियों पर संदेह होने के बाद पुलिस ने उन्हें रोककर जांच की। जांच में शराब पीने की पुष्टि होने पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार युवकों की पहचान जवाहर नगर निवासी सुरेंद्र महतो के पुत्र सत्यम कुमार तथा डोमी महतो के पुत्र सौरभ कुमार के रूप में हुई है। दोनों की उम्र करीब 18 से 20 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों युवकों के विरुद्ध शराबबंदी कानून के तहत कार्रवाई की। इस संबंध में चौथम थानाध्यक्ष ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मेला गश्ती के दौरान जवाहर नगर रोड से दोनों युवकों को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उनके खिलाफ शराबबंदी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



गिरफ्तार युवक।

ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का मिला शव,जांच शुरू

पसराहा (एनएसबी)। कटिहार-बरौनी रेल खंड पर पसराहा और गौछारी स्टेशन के बीच पोल संख्या 94ध्5 के समीप निर्माणाधीन पसराहा-सुल्तानगंज फोरलेन के पास अप रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। गुरूवार की सुबह के समय टहलने के लिए निकले स्थानीय लोगों ने जब ट्रैक पर शव देखा, तो इसकी तुरंत सूचना पसराहा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही अपर थानाध्यक्ष राहुल कुमार, एसआई बुल्लू चौधरी और एएसआई राजेश कुमार पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं और उसका सिर बुरी तरह से फ्रै र हो गया है। घटनास्थल से पुलिस ने दो एंड्रइड और एक की-पैड वाला मोबाइल फोन बरामद किया है, जिसकी मदद से मृतक की पहचान करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए इस घटना को दुर्घटना और हत्या दोनों ही ष्टियों से जांच रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पसराहा थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव मिला है। शव को पोस्टमार्टम के बाद पहचान के लिए 72 घंटे तक खगड़िया में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस इस मामले में आगे की आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है और पहचान सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।



शव देखते पुलिस पदाधिकारी।

सहयोग शिविर में सुनी गयी लोगों की समस्याएं

पसराहा (एनएसबी)। गोगरी प्रखंड अंतर्गत पसराहा पंचायत के पंचायत भवन में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना और उनकी विभिन्न समस्याओं का त्वरित निष्पादन करना था। कार्यक्रम में पंचायत एवं प्रखंड स्तर के प्रमुख अधिकारियों और कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर लोगों की शिकायतें सुनीं और उनके आवेदन स्वीकार किए। शिविर में मुख्य रूप से राशन कार्ड निर्माण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व एवं भूमि संबंधी मामले, तथा आयुष्मान भारत कार्ड जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं के काउंटरों पर भारी भीड़ देखने को मिली। बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों, बुजुर्गो और महिलाओं ने अपनी-अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन जमा किए। कार्यक्रम में राजस्व विभाग से एक, ग्रामीण विकास विभाग से सात, विद्युत विभाग से तीन, मनरेगा से तीन, श्रम संसाधन विभाग से एक, खाद्य एवं उपभोक्ता विभाग से दो, सांख्यिकी विभाग से एक तथा आईसीडीएस से एक आवेदन प्राप्त हुए। एमएलसी चुनाव की व्यस्तता के कारण जो पदाधिकारी शिविर में शामिल नहीं हो सके, उनकी जगह एक सामान्य टेबल की व्यवस्था की गई थी, जिस पर लगभग 25 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों को शेष लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान पंचायत सचिव प्रेमचंद कुमार, पीआरएस दिनेश कुमार सिंह, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के निखिल कुमार, अकाउंटेंट प्रियंका कुमारी, कार्यपालक सहायक वीर कुमार, मुखिया प्रतिनिधि वशिष्ठ कुमार, विधायक प्रतिनिधि अंशु भारती, ग्राम कचहरी सचिव श्वेता वर्मा, आपूर्ति पदाधिकारी अजय कुमार, जीविका सदस्य राजेश कुमार गुड्डू, लखपति दीदी, षि सलाहकार मीनू कुमारी, षि पर्यवेक्षक नवीन कुमार, ग्राम आवास सहायक राजीव रंजन, बिजली विभाग के मनोज पटेल, एचडी के धर्मेंद्र कुमार, पंचायत समिति सदस्य जयचंद्र कुमार, वार्ड सदस्य धर्मेंद्र कुमार, रविंद्र कुमार, प्रेमलता कुमारी, संजीत कुमार और उदय कुमार बबलू उपस्थित थे।

तेलीहार और श्रीपुर में रावण दहन का हुआ आयोजन

बेलदौर (एनएसबी)। दशहरा के अवसर पर तेलीहार एवं बेलदौर नगर पंचायत अन्तर्गत श्रीपुर गाँव में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मालूम हो कि तेलिहार गाँव में 50 फीट उंचे रावण का दहन किया गया। कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष ष्णा कुमारी यादव ने फीता काटकर किया। इसके बाद तेलीहार मुखिया सह मुखिया संघ जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने आगंतुक अतिथियों को चुनरी भेंटकर स्वागत किया। रावण दहन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कार्यक्रम स्थल पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई थी, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सके। वही बेलदौर नगर पंचायत अन्तर्गत श्रीपुर गाँव के नव युवक संघ के द्वारा 50 फीट रावण दहन प्रशासनिक सुरक्षा में कि गई।मौके पर बेलदौर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम कुमार यादव, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी प्रमोद पासवान, बेलदौर थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, एसआई विकास कुमार, एसआई अभिषेक कुमार, एसआई राहुल कुमार, एसआई सरिता कुमारी समेत कई जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी मौजूद थे। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्सवी माहौल बना रहा।



कार्यक्रम में जिप अध्यक्ष व अन्य।

संक्षिप्त खबरें

शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा संपन्न, प्रतिमा का विसर्जन

महेशखूंट (एनएसबी)। थाना क्षेत्र में दुर्गा पूजा का समापन बड़े ही श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ। गुरुवार को गौछारी दुर्गा मंदिर से मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन पुलिस की कड़ी देखरेख और सुरक्षा व्यवस्था के बीच धूमधाम से संपन्न हुआ। विसर्जन यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूरे रास्ते में मां के जयकारे गूंजते रहे और भक्तों ने फूल, अबीर और गुलाल से मां को विदाई दी। सुबह बाद जैसे ही प्रतिमा को मंदिर से बाहर निकाला गया, सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे विसर्जन यात्रा में शामिल हो गए। महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से मां की आरती उतारी वहीं युवाओं ने ढोल-नगाड़े की धुन पर जमकर नृत्य किया। यात्रा में शामिल श्रद्धालु 'बोलो दुर्गा मईया की जय' अगले बरस तू जल्दी आ के नारे लगाते हुए चल रहे थे। वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद था। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल विसर्जन यात्रा के आगे-आगे और पीछे-पीछे चल रहा था। रास्ते में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। विसर्जन घाट पर भी विशेष इंतजाम किया गया था। घाट पर गोताखोरों और नावों की व्यवस्था की गई थी ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। पुलिस की देखरेख में ही प्रतिमा को धीरे-धीरे जल में प्रवाहित किया गया। इस दौरान माहौल काफी भावुक हो गया। कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। मेला समिति के अध्यक्ष विनय कुमार वरुण एवं अन्य सदस्यों ने बताया कि इस बार पूजा में श्रद्धालुओं की संख्या पिछले वर्षो की तुलना में काफी अधिक रही। पकरैल के सार्वजनिक नव दुर्गा मेला समिति की ओर से आयोजित दो दिवसीय मेला और सांस्तिक कार्यक्रम में भी लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया था। मंदिर परिसर में भव्य सजावट और आकर्षक पंडाल लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। नवमी तक मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने मां का दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। गौछारी दुर्गा मंदिर के पुजारी ने बताया कि विसर्जन से पहले विधि-विधान से मां की अंतिम पूजा-अर्चना की गई। हवन और आरती के बाद प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाया गया। उन्होंने बताया कि मान्यता है कि मां दुर्गा का विसर्जन करने से घर में सुख-शांति आती है और सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। पूर्व मुखिया महेंद्र प्रसाद,सिकंदर कुमार ने कहा कि लोगों के सहयोग से मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि मेला समिति का प्रयास रहता है कि हर आयोजन अनुशासन और भक्ति के माहौल में हो। सरपंच परमानंद प्रसाद ने भी विसर्जन में शामिल होकर मां को विदाई दी और कहा कि गौछारी मंदिर क्षेत्र के लोगों की आस्था का बड़ा केंद्र है। यहां की पूजा और मेला सामाजिक एकता का प्रतीक है। विसर्जन के बाद घाट पर प्रसाद वितरण भी किया गया। देर शाम तक लोग घाट पर मां के दर्शन और विसर्जन की झलक देखने के लिए जुटे रहे।

मेले से लौट रही महिला को बाइक ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

चौथम (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के सोनवर्षा घाट से मेला देखकर परिजनों के साथ पैदल घर लौट रही एक महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। बुधवार की रात करीब 10 बजे डुमरी पुल के समीप तेज रफ्तार अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतका के परिवार में कोहराम मच गया है। वहीं, पनसलवा गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतका की पहचान चौथम प्रखंड के पनसलवा निवासी लखिन्द्र सिंह की पत्नी नविता कुमारी (30 वर्ष) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, नविता कुमारी बुधवार की रात अपने परिजनों के साथ सोनवर्षा घाट में मेला देखकर पैदल घर लौट रही थीं। परिवार के लोग मेले से वापस अपने गांव जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान डुमरी पुल के समीप एक अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नविता कुमारी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। अचानक हुए इस हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद परिजनों ने बिना देर किए उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल, खगड़िया पहुंचाया। हालांकि, तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी जान नहीं बच सकी। अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद बाइक सवार के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आ सकी है। नविता कुमारी की मौत की खबर जैसे ही परिजनों तक पहुंची, परिवार में चीख-पुकार मच गई। कुछ देर पहले तक जिस परिवार में मेले से लौटने की खुशी थी, वहां अचानक मातम छा गया।

दो दिवसीय दंगल दिल्ली-हरियाणा और झारखंड के पहलवानों ने दिखाया दम

गोगरी (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के उसरी में दुर्गा पूजा के अवसर पर पहली बार दो दिवसीय भव्य दंगल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके उद्घाटनकर्ता आयोजक रबिन स्मिथ ने फीता काटकर किया । इसमें दिल्ली, हरियाणा और झारखंड सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे पहलवानों ने अखाड़े में अपनी कुश्ती कला और शारीरिक दमखम का प्रदर्शन किया। पहलवानों के बीच हुए मुकाबलों को देखने के लिए लोगों में उत्साह देखा गया। दंगल के साथ सांस्तिक कार्यक्रम, आकर्षक झांकी और भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया, जिससे पूजा का माहौल भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना कुश्ती प्रतियोगिता आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष सुबोध यादव ने बताया कि दुर्गा पूजा के अवसर पर दंगल अखाड़ा एवं कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके लिए पेट्रोल पंप के पीछे स्थित मैदान में विशेष व्यवस्था की गई थी। विभिन्न राज्यों से पहुंचे पहलवानों ने अपने दमखम और कुश्ती कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को आयोजक एवं समिति की ओर से पुरस्त भी किया गया।उन्होंने बताया कि वैष्णवी दुर्गा मंदिर उसरी में पहली बार इस तरह का दंगल आयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य दुर्गा पूजा को और आकर्षक बनाना तथा क्षेत्र के लोगों को खेल और मनोरंजन का अवसर उपलब्ध कराना है। दंगल के अलावा सांस्तिक कार्यक्रम, झांकी प्रतियोगिता और भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धार्मिक आस्था के साथ मनोरंजन का अवसर मिला।

मारपीट मामले में आरोपी गिरफ्तार

बेलदौर (एनएसबी)। बेलदौर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मारपीट के एक मामले में फरार चल रहे नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बेलदौर थाना क्षेत्र के पचौत गांव निवासी जय किशोर रजक के पुत्र रामचंद्र रजक के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, कांड संख्या 279ध्26 के नामजद आरोपी रामचंद्र रजक को थाना क्षेत्र के बजरंगबली चौक के समीप घूमते देखा गया था। गुप्त सूचना मिलने पर एसआई विकास कुमार तुरंत दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को धर दबोचा। बताया जा रहा है कि रामचंद्र रजक के खिलाफ गांव के ही लड्डू साह के पुत्र द्वारा मारपीट का मामला दर्ज कराया गया था। इस मारपीट की घटना के दौरान घायल हुई लड्डू साह की मां की इलाज के दौरान मौत हो गई थी, जिसके बाद यह मामला और गंभीर हो गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

जय माता दी के जयघोष से भक्तिमय हुआ माहौल

परबत्ता (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र में मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी है। गुरुवार को अगुआनी, डुमरिया खुर्द, कुल्हड़िया, तेमथा राका, सिराजपुर और चकप्रयाग गांवों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ विसर्जन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। विसर्जन यात्रा के दौरान कहीं शंख और घंटों की गूंज सुनाई दे रही थी, तो कहीं 'जय माता दी' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो रहा था। वहीं, भक्ति गीतों की धुन पर श्रद्धालु मां के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते नजर आए। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल के बीच श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी और अगले वर्ष फिर से आने की कामना की। मां की विदाई के साथ ही दुर्गा पूजा का उल्लास धीरे-धीरे विराम लेने लगा।

संक्षिप्त खबरें

विधान परिषद चुनाव की तैयारी पूर्ण

दनियावां।बिहार विधान परिषद की तक और शिक्षक निर्वाचन सीट के लिए शुक्रवार को सुबह आठ बजे से चार बजे अपरा तक मत डाले जाएंगे।चुनाव संबंधी सभी तैयारियां पूर्ण हो गई है।।तक सीट के लिए कुल 586 मतदाता चुनाव में मत डाल सकेंगे जबकि शिक्षक सीट के चुनाव में मात्र 5 शिक्षक का नाम मतदाता सूची में शामिल है।बीडीओ प्रियंका कुमारी ने बताया कि तक निर्वाचन के लिए मतदान केंद्र संख्या 67 प्रखंड कार्यालय में बनाया गया है। वहीं शिक्षक निर्वाचन के लिए मतदान केंद्र संख्या 37 अंचल कार्यालय दनियावां में मतदान केंद्र बनाया गया है।

हथियारबंद लोगों से धमकी मिलने का आरोप, बाढ़ थाने में आवेदन

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ में संजीव सिंह (सवेरा के पीछे) के भाई सौरभ को हथियारबंद लोगों द्वारा धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना से चिंतित सौरभ ने अपनी सुरक्षा को लेकर बाढ़ थाने में आवेदन देकर पुलिस से आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है।

पटना ।तक सीट पर सबकी नजरें, बाढ़ अनुमंडल में कल मतदान

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बिहार विधान परिषद की आठ सीटों में पटना तक निर्वाचन क्षेत्र इस बार सबसे चर्चित सीटों में शामिल है। इस चुनाव को लेकर बाढ़ अनुमंडल में भी राजनीतिक सरगर्मी तेज है। प्रत्याशियों के बीच मुकाबले और स्थानीय राजनीतिक समीकरणों के कारण इस सीट पर सबकी नजरें टिकी हैं। कल होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारी की है। अब देखना है कि मतदान के दौरान प्रशासन की तैयारियां कितनी प्रभावी साबित होती हैं और मतदाता किसके पक्ष में अपना समर्थन जताते हैं।

नीरज कुमार से मिले नीतीश कुमार, कुशलक्षेम जाना

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। पटना तक निर्वाचन क्षेत्र के चुनावी माहौल के बीच निवर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नीरज कुमार से मिलने पहुंचने की खबर चर्चा में है। इस दौरान उन्होंने नीरज कुमार की कुशलता की कामना की। निवर्तमान मुख्यमंत्री की इस मुलाकात को लेकर राजनीतिक हलकों में भी चर्चा तेज है। पटना तक सीट पर मतदान से पहले इस घटनाक्रम पर लोगों की नजरें टिकी हैं।

एमएलसी चुनाव को लेकर ग्रामीण एसपी ने बख्तियारपुर में परखी तैयारी

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बिहार विधान परिषद तक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर प्रशासन सतर्क है। इसी क्रम में ग्रामीण एसपी बख्तियारपुर पहुंचीं। उनके साथ एसडीपीओ भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने चुनाव की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। चुनाव के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है।

फोरलेन पर मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, एक की मौत, दर्जनभर घायल

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बख्तियारपुर थाना क्षेत्र में फोरलेन पर मजदूरों से भरी एक पिकअप डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाए जाने की सूचना है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

बिना प्रशासनिक अनुमति डांडिया नाइट आयोजित करने पर केस दर्ज

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ के एक मैरिज हल में बिना प्रशासनिक स्वीति के डांडिया नाइट आयोजित करने के मामले में केस दर्ज किया गया है। इस मामले में बिचलीमलाही के मृत्युंजय कुमार, लेमुआबाद के रवि रंजन और चोंदी के रवि कुमार को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। प्रशासनिक अनुमति के बिना कार्यक्रम आयोजित किए जाने को लेकर यह कार्रवाई की गई है। मामले में आगे की कार्रवाई पुलिस की जांच के आधार पर की जाएगी।

माता के जागरण में भजनों की धुन पर झूमे श्रद्धालु, आकर्षक झांकियों ने मोहा मन



भक्ति जागरण कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। शारदीय दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर धर्मशाला परिसर में महामाया शक्तिधाम मंदिर ट्रस्ट और मारवाड़ी दुर्गा पूजा समिति के संयुक्त तत्वावधान में माता का भव्य जागरण आयोजित किया गया। भक्ति, आस्था और उल्लास से सराबोर इस आयोजन में देर रात तक श्रद्धालु माता के भजनों पर झूमते रहे। वहीं, आकर्षक धार्मिक झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया और पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ जमालपुर नगर परिषद की मुख्य पार्षद पार्वती देवी और थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद आयोजन समिति की ओर से उपस्थित अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।जागरण में स्थानीय कलाकार अभिजीत आनंद और शिवम शर्मा ने माता की भक्ति में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। श्चलो बुलावा आया है२, श्भोला रहता है मेरा श्मशानों में२ और श्लाल-लाल चुनरी सितारों वालीश जैसे लोकप्रिय भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भक्ति गीतों की मधुर धुन पर श्रद्धालु झूमते और माता के जयकारे लगाते नजर आए। पूरा धर्मशाला परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण इलाहाबाद से आए काली झांकी ग्रुप की प्रस्तुति रही। कलाकारों ने मां दुर्गा, मां काली, भोलेनाथ, शिव तांडव और बजरंगबली की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आकर्षक वेशभूषा, जीवंत प्रस्तुति और धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत झांकियों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।इस अवसर पर गिरधर संघई, संजय मेहारिया, बंटी संघई, कमलेश खेतान, राजकुमार शर्मा, गोपाल शर्मा, गणेश शर्मा, दिनेश जोशी, योगेश अग्रवाल, माधव मस्कारा, विकास गर्ग, बिपिन टोला, आलोक गर्ग, पुरुषोत्तम मेहारिया, रौनक, रितेश, कौशल, दीक्षित और राजीव नयन सहित दोनों समितियों के सदस्य मौजूद रहे।

यूको बैंक खाते से 85 हजार रुपये गायब

साइबर ठगी की आशंका पीड़ित ने थाने में दिया आवेदन

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर में साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है। बड़ी दरियापुर निवासी आकाश कुमार के यूको बैंक खाते से बिना किसी जानकारी और अनुमति के 85 हजार रुपये निकाले जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ित ने साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही आदर्श थाना जमालपुर के थाना प्रभारी को आवेदन देकर मामले की गहन जांच और कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित आकाश कुमार, पिता विष्णु प्रसाद साह, बड़ी दरियापुर, जमालपुर निवासी ने अपने आवेदन में बताया कि उनका यूको बैंक की जमालपुर शाखा में बचत खाता है। 20 अक्टूबर 2026 को दोपहर 3 बजकर 9 मिनट पर उनके खाते से 85 हजार रुपये की निकासी कर ली गई। उनके अनुसार, इस लेनदेन की उन्हें पहले से कोई जानकारी नहीं थी और न ही उन्होंने स्वयं रुपये निकाले थे।खाते से इतनी बड़ी राशि निकलने की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने इसकी पड़ताल शुरू की। बैंक में अवकाश होने के कारण तत्काल जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद उन्होंने साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर फोन कर घटना की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की संख्या 30510260139667 बताई गई है। पीड़ित ने अपने स्तर से भी मामले की जानकारी जुटाने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद उन्होंने साइबर ठगी की आशंका जताते हुए थाना जमालपुर में आवेदन देकर पूरे मामले की जांच कराने की गुहार लगाई है।

रेल जन संवाद कार्यक्रम में यात्रियों से रूबरू हुए रेल अधिकारी

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। यात्रियों को बेहतर रेल सुविधाएं उपलब्ध कराने और रेलवे की कार्यप्रणाली में सुधार के उद्देश्य से जमालपुर रेलवे स्टेशन पर रेल जन संवाद कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में रेलवे अधिकारियों और कर्मियों ने स्टेशन परिसर में यात्रियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान यात्रियों से रेलवे में हो रहे बदलावों, वर्तमान सुविधाओं और उनकी अपेक्षाओं के बारे में जानकारी ली गई।कार्यक्रम के दौरान रेल अधिकारियों ने यात्रियों से बातचीत कर जानने का प्रयास किया कि रेलवे की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं में उन्हें क्या बदलाव नजर आ रहे हैं और यात्रा को अधिक सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक बनाने के लिए किन व्यवस्थाओं में सुधार की जरूरत है। यात्रियों को अपनी समस्याएं, सुझाव और अनुभव साझा करने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि उनकी जरूरतों के अनुरूप रेल सेवाओं को बेहतर बनाया जा सके।जागरूकता कार्यक्रम में एस्कर्ट एंड गाइड के छात्रों ने भी भाग लिया। छात्रों ने यात्रियों से संवाद स्थापित करने और रेलवे की सुविधाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहयोग किया। अधिकारियों ने यात्रियों की प्रतिक्रियाओं को महत्वपूर्ण बताते हुए जनभागीदारी के माध्यम से रेल सेवाओं में निरंतर सुधार पर जोर दिया।कार्यक्रम में सीएमआई संजीव गुप्ता, सीएचआई पंकज कुमार, सीआईटी सुमन कुमार शर्मा, रजनीकांत, अजय सिंह तथा आरपीएफ सहित अन्य रेलकर्मी मौजूद रहे।रेल जन संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यात्रियों और रेलवे प्रशासन के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना, उनकी समस्याओं को समझना तथा यात्री सुविधाओं को और प्रभावी बनाना है।

बाबा नाम केवलम्' के अखंड कीर्तन से गूंजेगा बाबा नगर जमालपुर

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। बाबा नाम केवलम्' के अष्टाक्षरी सिद्ध महामंत्र के अखंड कीर्तन और भगवान श्रीश्री आनंदमूर्ति जी के जयघोष से आनंद मार्ग का विश्वस्तरीय त्रिदिवसीय धर्म महासम्मेलन आयोजित होगा। 23 से 25 अक्टूबर तक आनंद मार्ग के विश्व आध्यात्मिक केंद्र बाबा नगर, जमालपुर में होने वाले इस महासम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों और विदेशों से हजारों आनंदमार्गियों के जुटने की संभावना है।महासम्मेलन की जानकारी गुरुवार को आनंद सम्भूति मास्टर यूनिट, अमझर कोलकाली परिसर में आयोजित सम्मेलन में दी गई। केंद्रीय जनसंपर्क सचिव आचार्य रमेन्द्रानंद अवधूत, केंद्रीय इराज सचिव आचार्य मधुवतानंद अवधूत, केंद्रीय धर्म प्रचार सचिव आचार्य मेघदीपानंद अवधूत और आचार्य नित्यानंद अवधूत ने संयुक्त रूप से बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य आध्यात्मिक चेतना का प्रसार, शांति एवं समर्पण का संदेश देना तथा ज्ञान, कर्म और भक्ति के समन्वय से बेहतर समाज का निर्माण करना है। इधर 72 घंटे का अखंड कीर्तन शुक्रवार से शुरू हुआ जो 25 अक्टूबर को संध्या 4रू00 बजे समापन होगा। इस दौरान साधक 'बाबा नाम केवलम्' महामंत्र का सामूहिक गायन करेंगे।महासम्मेलन में आनंद मार्ग प्रचारक संघ के पुरोधा प्रमुख एवं अध्यक्ष श्रद्धेय आचार्य विश्वदेवानंद अवधूत प्रतिदिन दोपहर और रात में आध्यात्मिक प्रवचन देंगे। कार्यक्रम में प्रभात संगीत, कौशिकी एवं तांडव नृत्य, धर्मचक्र और रावा के सांस्तिक कार्यक्रम भी होंगे।सम्मेलन में जातिवाद, रंगभेद और नस्लवाद के खिलाफ संदेश देने के साथ अंतरजातीय एवं दहेजमुक्त विवाह आयोजित किए जाएंगे। वहीं, गरीबी, बेरोजगारी और आर्थिक विषमता के समाधान के लिए प्रगतिशील उपयोग तव (प्रउत) पर भी चर्चा होगी। आयोजन के दौरान आध्यात्मिक साहित्य, पत्र-पत्रिकाओं और प्रातिक औषधियों के स्टल लगाए जाएंगे।



धर्म सम्मेलन की जानकारी देते केंद्रीय जनसंपर्क सचिव।

गार्ड की तैनाती के बावजूद स्कूल में चोरी

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर थाना क्षेत्र के केशोपुर स्थित टोटल मडल स्कूल में बीती रात पंखा चोरी होने का मामला सामने आया है। स्कूल परिसर से पंखा चोरी होने के बाद मामला जमालपुर थाना पहुंचा है। बताया जाता है कि स्कूल में सुरक्षा के लिए गार्ड की तैनाती भी है। इसके बावजूद चोरी की घटना होने से स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आखिर गार्ड की मौजूदगी में चोर स्कूल परिसर में कैसे दाखिल हुए और पंखा चोरी कर फरार हो गए, यह जांच का विषय है। मामले को लेकर जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने जांच करने की बात कही है। पुलिस मामले की छानबीन कर चोरी की घटना से जुड़े तथ्यों का पता लगाएगी।

कुएं में मिला 55 वर्षीय सुबोध गोस्वामी का शव, गांव में पसरा मातम

भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मनीष दयाल ने की निष्पक्ष जांच की मांग, पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर प्रखंड की रामनगर पंचायत अंतर्गत भागीचक गांव में शुक्रवार की सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब घर से करीब 50 मीटर की दूरी पर स्थित एक कुएं से 55 वर्षीय सुबोध गोस्वामी का शव बरामद हुआ। घटना की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर परिजन और ग्रामीण निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।मृतक की पत्नी सुनीता देवी ने बताया कि उनके पति सुबोध गोस्वामी गुरुवार शाम करीब छह बजे घर से निकले थे। देर रात तक उनके वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों से सूचना मिली कि गांव के एक कुएं में शव पड़ा हुआ है। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। शव की पहचान सुबोध गोस्वामी के रूप में हुई।घटना की सूचना मिलते ही रामनगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस पदाधिकारी देशबंधु कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले में आगे की कार्रवाई की बात कही। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा।घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मनीष दयाल गोस्वामी ने रामनगर थाना प्रभारी रवींद्र वर्मा से बातचीत कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उन्होंने जमालपुर की अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी को भी घटना से अवगत कराते हुए मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग रखी।सुबोध गोस्वामी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी मौत से परिवार के सामने दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वे अपने पीछे पत्नी सुनीता देवी और तीन पुत्रों नीतीश कुमार, आनंद कुमार एवं धोनी कुमार को छोड़ गए हैं। परिवार के कमाऊ सदस्य की मौत से परिजनों के सामने भविष्य को लेकर भी चिंता खड़ी हो गई है।



मामले की जांच करते सीओ।

संक्षिप्त खबरें

शहीद रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

सोनपुर (एन एसबी) सोनपुर मंडल में आज दिनांक 21 अक्टूबर, 2026 को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद रेलवे सुरक्षा बल (रेसुब) जवानों की स्मृति में शहीद दिवस परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल मुख्यालय, सोनपुर स्थित रेलवे सुरक्षा बल रिजर्व कंपनी परिसर में स्थापित शहीद स्मारक पर मंडल सुरक्षा आयुक्तश्रेसुबध्पूर्व मध्य रेलश्सोनपुर सहित मंडल मुख्यालय की विभिन्न यूनिटों के बल सदस्यों द्वारा शहीद जवानों को नमन करते हुए पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान प्रत्येक रैंक से एक बल सदस्य ने श्रद्धासुमन अर्पित कर वीर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान शहीद दिवस परेड के माध्यम से शहीद जवानों को सलामी दी गई तथा शोक शस्त्र के साथ उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शहीद जवानों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्र तथा रेल यात्रियों की सुरक्षा के प्रति उनके समर्पण को स्मरण किया गया। उनका सर्वोच्च बलिदान सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा।



अंग्रेजी बाजार में रावण दहन

सोनपुर (एनएसबी) दिनांक 20-10 -2026 को संध्या 5रू00 बजे अंग्रेजी बाजार के पास पर्यटन विभाग के मैदान में रावण वध कार्यक्रम किया गया।जिसकी अध्यक्षता कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने किया एवं संचालन कमेटी के संयोजक राजीव मुनमुन ने किया। पहलीबार हाजीपुर वेदिका ब्यूटी पार्लर सोनी सिंह द्वारा नव दुर्गा की आरती मंच से किया गया। रामजी के रुप मे दीपक , सीताजी के रुप मे पुजा ने भूमिका निभाया। सभी मुख्य अतिथि द्वारा मंच पर सीता राम जी की आरती किया गया। मुख्य अतिथि विहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राज्य सवर्णआयोग के अध्यक्ष महाचंद्र प्रसाद सिंह ने कहा की असत्य पर सत्य की जीत के अवसर पर ही दशहरा मनाया जाता है। पुरे विहार वासियो को इस त्यौहार पर बहुत बहुत बधाई देता हुँ। विधायक विनय कुमार सिंह ने कहा की विजयदशमी बुराई एवं असत्य पर अच्छाई और पूरे सत्य की विजय का प्रतीक है। मेरी कामना है कि इस पावन अवसर पर हर किसी को साहस बुद्धि और भक्ति के मार्ग पर निरंतर अग्रसर रहने की प्रेरणा मिले। देशभर के मेरे परिवारजनों को विजयदशमी की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। अंत मे सभी दुर्गा पूजा पंडाल के कमेटी को रावण वध कमेटी द्वारा पुरस्कार दिया गया। मौके परप्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र सिंह, सोनपुर अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सोनपुर थाना प्रभारी, हरिहरनाथ थाना प्रभारी, भाजपा नेता नरेश सिंह , बच्चा राय,अतुल कुमार सिंह, कमेटी सचिव राजीव कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ष्णा राम, पूर्व मुखिया दीपक शर्मा, अधिवक्ता अजय सिंह, संजीव कुमार सिंह, राहुल कुमार सिंह, आदित्य कुमार छोटु, प्रमेन्द्र कुमार सिंह बब्लु, हर्षवर्धन, जयंत कुमार सिंह, सुबोध कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, राजेश पटेल, हाकिम सिंह,कामेश्वर महतो सहित हजारों की संख्या मे भीड़ उपस्थित था।



लोगों की भीड़।

श्रीरामलीला महोत्सव का समापन

सोनपुर (एनएसबी) पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में सांस्तिक परंपराओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिनांक 14 से 20 अक्टूबर, 2026 तक सात दिवसीय भव्य श्रीरामलीला महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव के दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन, आदर्शों, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा एवं मर्यादा पर आधारित रामायण के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया। महोत्सव के अंतिम दिन आज दिनांक 20 अक्टूबर, 2026 को रेलवे स्टेडियम, सोनपुर में रामायण के उत्तरकांड से संबंधित प्रसंगों के अंतर्गत रावण दहन एवं भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने धार्मिक एवं सांस्तिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन की गरिमामयी उपस्थिति रही। पूरे महोत्सव के माध्यम से श्रीराम के आदर्शों, सत्य, धर्म, न्याय एवं सदाचार के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। सोनपुर मंडल द्वारा प्रथम बार इस प्रकार के सांस्तिक आयोजनों के माध्यम से परंपराओं एवं सांस्तिक विरासत को संरक्षित करने तथा रेलकर्मियों एवं उनके परिवारों के बीच सामाजिक-सांस्तिक समरसता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।



ीराम के राज्याभिषेक।

पीजी परीक्षा का फर्म भरने का अंतिम मौका 24 तक, 28 से शुरू होगी परीक्षा

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) पीजी चौथे सेमेस्टर की परीक्षा का फर्म भरने से चूक गये हैं, तो देर करने पर होंगे परीक्षा से वंचित होंगे। परीक्षार्थी 24 अक्तूबर यानि कल तक ही परीक्षा फर्म भरने का मौका है. जयप्रकाश विश्वविद्यालय (जेपीयू) ने विद्यार्थियों की मांग पर अंतिम तिथि 15 से बढ़ाकर 24 अक्तूबर कर दी गई थी वहीं, परीक्षा 28 अक्तूबर से शुरू होगी। गोपालगंज के पीजी विद्यार्थियों को परीक्षा देने के लिए सीवान के राजा सिंह कलेज जाना होगा। ऐसे में छात्रों को फर्म भरने के साथ परीक्षा की तैयारी और केंद्र तक पहुंचने की व्यवस्था भी समय रहते करनी होगी। पीजी सत्र 2023-25 के चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 28 से 30 अक्तूबर तक तीन दिनों में दो पालियों में ली जायेगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक और दूसरी पाली दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक निर्धारित है। 28 अक्तूबर को जीई, 29 अक्तूबर को ईसी-1 और 30 अक्तूबर को ईसी-2 की परीक्षा होगी विश्वविद्यालय ने विषयों को ग्रुप-ए और ग्रुप-बी में बांटकर परीक्षा कार्यक्रम तैयार किया है। ग्रुप-ए के विद्यार्थियों की परीक्षा पहली पाली में और ग्रुप-बी के विद्यार्थियों की परीक्षा दूसरी पाली में होगी। परीक्षा फर्म भरने के लिए सैद्धांतिक विषय के विद्यार्थियों को 900 रुपये और प्रायोगिक विषय के विद्यार्थियों को 1100 रुपये शुल्क देना होगा। विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन फर्म भरने के साथ शुल्क का भुगतान भी ऑनलाइन करना होगा। इसके बाद फर्म का प्रिंट निकालकर भुगतान की रसीद और जरूरी कागजात के साथ संबंधित कलेज या पीजी विभाग में जमा करना होगा। फर्म के साथ प्रथम, द्वितीय और तृतीय सेमेस्टर के अंकपत्र, प्रवेश पत्र और पंजीयन प्रमाणपत्र की छायाप्रति लगानी होगी। सभी कागजात का सत्यापन विभागाध्यक्ष या प्राचार्य से कराना जरूरी है। फर्म में विश्वविद्यालय की पंजीयन संख्या दर्ज करनी होगी। अधूरा फर्म स्वीकार नहीं किया जायेगा। बिना पंजीयन वाले विद्यार्थियों के फर्म के सत्यापन और अग्रसारण की जिम्मेदारी संबंधित विभागाध्यक्ष, प्राचार्य या सत्यापन पदाधिकारी की होगी। फर्म रद्द होने पर परीक्षा शुल्क वापस नहीं किया जायेगा। ग्रुप-ए में इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, कमर्स, अंग्रेजी, संस्त, उर्दू, दर्शनशास्त्र और हिंदी शामिल हैं। वहीं, ग्रुप-बी में गणित, रसायनशास्त्र, भौतिकी, जूलजी, बटनी, होम साइंस, मनोविज्ञान और भूगोल के विद्यार्थी शामिल होंगे। चौथे सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा तीन से छह नवंबर तक संबंधित पीजी विभागों में होगी। विज्ञान और कला विषयों की प्रैक्टिकल परीक्षा की विस्तृत तिथियां बाद में जारी की जायेंगी। परीक्षा नियंत्रक ड़ अशोक कुमार मिश्र ने सात अक्तूबर को परीक्षा कार्यक्रम जारी किया था। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि परीक्षार्थी निर्धारित केंद्र पर ही परीक्षा दे सकेंगे। केंद्र बदलने की अनुमति नहीं होगी और परीक्षा हल में मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। मोबाइल मिलने पर उसे जब्त कर लिया जायेगा। कलेजों और पीजी विभागों को सत्यापित परीक्षा फर्म के साथ संकायवार और विषयवार सूची दो प्रतियों में विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करनी होगी।

संक्षिप्त खबरें

कांचा में 70 फीट के रावण और 49 फीट के मेघनाद का दहन, उमड़ा जनसैलाब

विजयादशमी पर जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा क्रांति मैदान, पूजा समिति ने अतिथियों को किया सम्मानित



विद्यापतिनगर एनएसबी। प्रखंड के कांचा स्थित क्रांति मैदान में बुधवार को विजयादशमी के अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान पूरा मैदान जय श्रीराम और माता के जयकारों से गूंज उठा। मां वैष्णवी दुर्गा पूजा समिति, कांचा के अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार राय और उपाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार राय ने रावण दहन कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद 70 फीट ऊंचे रावण और 49 फीट ऊंचे मेघनाद के पुतले का दहन किया गया। दोनों पुतलों को धू-धूकर जलते देख दर्शकों में खासा उत्साह दिखा। लोगों ने जयकारों के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव मनाया। विजयादशमी के इस आयोजन ने लोगों को अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की जीत का संदेश दिया। इस अवसर पर पूजा समिति की ओर से भाजपा नेता रंजीत निगुर्णी, बीडीओ महताब अंसारी, सीओ कुमार हर्ष और आरओ अरुण कुमार शर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परमकुमार राय, प्रभात कुमार, शिवम कुमार, रंजीत राय, प्रमोद राय, अखिलेश राय, इंद्रदेव राय (डाकबाबू) सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु मौजूद रहे।

सिंघिया घाट रेलवे स्टेशन के विस्तार और विकास की मांग, पूर्व मंत्री आलोक मेहता ने उठाया मुद्दा



समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। राजद विधायक सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता ने समस्तीपुर-खगड़िया रेलखंड पर स्थित सिंघिया घाट रेलवे स्टेशन के विस्तार और विकास की पुरजोर मांग की है। उन्होंने कहा कि सिंघिया घाट एक महत्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र है, बावजूद इसके यहाँ यात्री सुविधाओं का घोर अभाव है। इस संबंध में पूर्व मंत्री ने रेल प्रशासन से इस दिशा में अविलंब कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इस रूट से गुजरने वाली प्रमुख एक्सप्रेस व मेल ट्रेनों का ठहराव सिंघिया घाट में सुनिश्चित किया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को पटना, कोलकाता और दिल्ली जैसे महानगरों के लिए सीधी ट्रेन सेवा मिल सके। इसके साथ ही समस्तीपुर से खगड़िया रेलखंड के बीच दोहरी रेल लाइन बिछाई जाए, जिससे ट्रेनों की लेटलतीफी खत्म हो और नई ट्रेनों का परिचालन शुरू हो सके। पूर्व मंत्री ने क्षेत्र की एक और बड़ी समस्या को रेखांकित करते हुए कहा कि सिंघिया घाट रेलवे फाटक एक बेहद व्यस्त मार्ग है, जहाँ से प्रतिदिन 20 से 30 हजार लोग और 5 से 7 हजार वाहन गुजरते हैं। फाटक बंद होने पर यहाँ लंबा जाम लग जाता है, जिसमें एम्बुलेंस, मरीज और छात्र घंटों फंसे रहते हैं। उन्होंने यहाँ वर्षों से लंबित रेलवे ओवरब्रिज के जल्द निर्माण की मांग की। साथ ही प्लेटफॉर्म संख्या दो और पूरे स्टेशन परिसर में पर्याप्त लाइटिंग, प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाने, पीने के साफ पानी, शौचालय और धूप-बारिश से बचने के लिए बड़े शेड की तत्काल व्यवस्था करने पर जोर दिया।

निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ करें दायित्वों का निर्वहन : रौशन कुशवाहा

बिहार विधान परिषद् 05- दरभंगा शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन-2026 को लेकर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी मतदान केंद्रों की ओर रवाना, मतदान आज

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।बिहार विधान परिषद् के 05-दरभंगा शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन-2026 के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर आज विधि महाविद्यालय, समस्तीपुर में पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम मतदान पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। सभी अधिकारियों को निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। ब्रीफिंग में सहायक निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया।

ब्रीफिंग के मुख्य बिंदु :

1. मतदान के दौरान आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।
2. सभी मतदान केंद्रों पर मतदान सामग्री समय से पहुंचे .
3. शिक्षक एवं स्नातक मतदाताओं की पहचान हेतु निर्धारित वैध दस्तावेजों की ही मान्यता होगी।
4. कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस पदाधिकारी लगातार भ्रमणशील रहेंगे।
5. किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना तुरंत नियंत्रण कक्ष को दिया जाए।

इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, आरक्षी अधीक्षक सहित जिले के वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में नौवीं और 11वीं में नामांकन शुरू

3 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन, 12 नवंबर को होगी प्रवेश परीक्षा

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में कक्षा नौवीं और 11वीं में नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक छात्र-छात्राएं 3 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नामांकन प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार मेधा सूची के अनुसार होगा। विभाग के अनुसार, राज्य के दरभंगा, किशनगंज, नालंदा, कैमूर, मुजफ्फरपुर, जमुई, कटिहार, सहरसा, सुपौल, पूर्णिया, पूर्वी चंपारण, रोहतास और मुंगेर जिलों में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय संचालित हैं। इनमें मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन और पारसी समुदाय के पात्र विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

16 और 18 वर्ष निर्धारित है अधिकतम आयु

कक्षा नौवीं में नामांकन के लिए अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 16 वर्ष और 11वीं के लिए 18 वर्ष निर्धारित की गई है। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय छह लाख रुपये तक होनी चाहिए। विद्यालयों में बालिकाओं के लिए 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं। वहीं, बालक और बालिका दोनों वर्गों में 75 प्रतिशत सीटें ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए निर्धारित हैं। राज्य सरकार के आरक्षण नियम भी लागू होंगे।

भोजन से लेकर पढ़ाई तक की निःशुल्क सुविधा

आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा, भोजन, वस्त्र, दवा और पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। कक्षा नौवीं से 12वीं तक पढ़ाई के साथ आधुनिक प्रयोगशालाओं की सुविधा भी मिलेगी। उच्च माध्यमिक स्तर पर विज्ञान संकाय के तहत ढउट और ढउइ के अलावा कला संकाय की पढ़ाई की व्यवस्था है।

12 नवंबर को प्रवेश परीक्षा

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, आवेदन की अंतिम तिथि 3 नवंबर है। अभ्यर्थी 7 से 10 नवंबर तक प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा 12 नवंबर को होगी, जबकि परिणाम 25 नवंबर को प्रकाशित किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों का नामांकन 1 से 7 दिसंबर तक होगा और नया शैक्षणिक सत्र 8 दिसंबर से शुरू होगा।

इस वेबसाइट पर करें आवेदन

इच्छुक विद्यार्थी विभाग की वेबसाइटपर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के दौरान शैक्षणिक योग्यता, आयु, आय और आवासीय स्थिति से संबंधित प्रमाण-पत्रों के साथ फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने होंगे। प्रमाण-पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित प्रतियां भी आवश्यक हैं। विस्तृत जानकारी के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय या विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर संपर्क किया जा सकता है।

महत्वपूर्ण तिथियां

ऑनलाइन आवेदन 15 अक्टूबर-3 नवंबर 2026
प्रवेश-पत्र डाउनलोड 7-10 नवंबर 2026
प्रवेश परीक्षा 12 नवंबर 2026
परीक्षाफल प्रकाशन 25 नवंबर 2026
नामांकन 1-7 दिसंबर 2026

पगड़ा हादसे में बैंककर्मी की मौत, भाई और दोस्त गंभीर

अस्पताल में था परिवार, घर में लाखों की चोरी ● कार की टक्कर से गई अमन वर्मा की जान, चार लाख रुपये से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण चोरी



दलसिंहसराय नगर एनएसबी। थाना क्षेत्र के पगड़ा मध्य विद्यालय के पास बुधवार रात सड़क हादसे में बैंककर्मी अमन वर्मा (30) की मौत हो गई, जबकि उनका छोटा भाई चमन कुमार वर्मा (25) और दोस्त रवि कुमार (30) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का अस्पताल में इलाज जारी है। हादसे के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। वहीं, घायलों के इलाज के लिए परिवार के अस्पताल में रहने के दौरान घर में चोरी हो गई। जानकारी के अनुसार, डीह पगड़ा निवासी अधिवक्ता संजीव कुमार वर्मा के बड़े पुत्र अमन अपने छोटे भाई चमन और दोस्त रवि के साथ बाइक से रवि को उसके घर छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान पगड़ा मध्य विद्यालय के पास विपरीत दिशा से आ रही आर्टिगा कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अमन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चमन और रवि गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अमन के शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजन को सौंप दिया।

एक तरफ परिवार अमन की मौत और छोटे बेटे की गंभीर हालत से परेशान था, दूसरी ओर चोरों ने घर की पहली मंजिल के कमरों को निशाना बनाया। चोर चार लाख रुपये से अधिक मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। घायलों के इलाज में जुटे परिवार को इस चोरी की घटना ने और झकझोर दिया। अमन की शादी करीब चार वर्ष पहले हुई थी। बीस दिन पहले ही उनके घर बेटे का जन्म हुआ था। वहीं, नवंबर में उनकी बहन की सगाई होनी थी। एक ही रात में सड़क हादसे और चोरी की दोहरी मार से परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

रेल जन संवाद के जरिए यात्रियों से रूबरू हुए रेल अधिकारी, स्वच्छता और सुविधाओं पर लिया फीडबैक



समस्तीपुर कार्यालय, एनएसबी। समस्तीपुर रेल मंडल के सभी स्टेशनों पर गुरुवार को स्पेशल कैंपेन-06 के तहत ह्यरेल जन संवादह्ल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रेल अधिकारियों ने यात्रियों से सीधा संवाद स्थापित कर स्टेशन परिसर की स्वच्छता, यात्री सुविधाओं और विभिन्न समस्याओं के संबंध में सुझाव एवं फीडबैक प्राप्त किया। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने के साथ-साथ स्टेशन परिसरों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और यात्री अनुकूल बनाना है।

समस्तीपुर और दरभंगा जंक्शन पर डीआरएम ने यात्रियों से किया सीधा संवाद, मुजफ्फरपुर में एडीआरएम ने सुनीं समस्याएं

कार्यक्रम के तहत समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा ने समस्तीपुर और दरभंगा जंक्शन पर यात्रियों से बातचीत की। उन्होंने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, शौचालय, पेयजल स्थलों सहित अन्य यात्री सुविधाओं की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इस दौरान यात्रियों ने अपनी समस्याएं और सुझाव रेल प्रशासन के समक्ष रखे।

कार्यक्रम के दौरान यात्रियों से प्राप्त शिकायतों और सुझावों को संकलित कर उनकी समीक्षा की जाएगी। इसके बाद आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा। अभियान के माध्यम से स्टेशन परिसरों में स्वच्छता संबंधी कमियों की पहचान करने, उपलब्ध सुविधाओं के बेहतर रखरखाव और शिकायतों के प्रभावी निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अवसर पर डीआरएम ज्योति प्रकाश मिश्रा ने प्रेस प्रतिनिधियों से भी बातचीत की और स्वच्छता तथा यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए रेलवे की ओर से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सक्रिय भागीदारी से रेल परिसरों को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी।

इसी क्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक सन्नी सिन्हा मुजफ्फरपुर स्टेशन पर उपस्थित रहे। उन्होंने भी यात्रियों से सीधा संवाद कर स्वच्छता व्यवस्था और यात्री सुविधाओं से संबंधित फीडबैक प्राप्त किया।

रेल जन संवाद कार्यक्रम के प्रभावी संचालन के लिए मंडल के विभिन्न अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया था। प्रमुख स्टेशनों पर वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में तथा अन्य स्टेशनों पर संबंधित शाखा अधिकारियों और स्टेशन प्रबंधकों की भागीदारी से कार्यक्रम संचालित किया गया।

रेल प्रशासन के अनुसार, यात्रियों से प्राप्त सुझावों को स्वच्छता व्यवस्था में सुधार, शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण और यात्री सुविधाओं के बेहतर रखरखाव का आधार बनाया जाएगा। इस पहल से रेल प्रशासन और यात्रियों के बीच संवाद मजबूत होने के साथ ही स्टेशनों पर बेहतर व्यवस्था विकसित करने में सहायता मिलेगी।

माँ मनोकामना पूजा समिति के दस साल पूरे, महाप्रसाद वितरण के दौरान अतिथियों को किया सम्मानित

विद्यापतिनगर एनएसबी। प्रखंड क्षेत्र के बंगराहा चौक स्थित माँ मनोकामना पूजा समिति की ओर से विजयादशमी के अवसर पर महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक सौहार्द के बीच संपन्न हुआ। इस दौरान समिति की ओर से विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे गणमान्य अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। समिति के दस वर्ष पूरे होने पर सदस्यों और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।कार्यक्रम में समाजसेवी रंजीत निगुर्णी, बीडीओ महताब अंसारी, सीओ कुमार हर्ष, आरओ अरुण कुमार, अपार थानाध्यक्ष पंकज कुमार चौधरी, पूर्व प्रमुख मनीष कुमार, कुंदन कुमार तथा सिमरी पंचायत के मुखिया विजय राय सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। समिति के अध्यक्ष मणिकांत चौधरी, सचिव सचिन कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार, निदेशक मुकेश कुमार तथा सदस्य बबलू कुमार, विपत कुमार, गणेश कुमार, संजय कुमार, अविनाश कुमार, सनी कुमार और श्रवण कुमार समेत अन्य सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत कर उन्हें अंगवस्त्र प्रदान किया। गौरतलब



है कि माँ मनोकामना पूजा समिति पिछले दस वर्षों से लगातार दुर्गा पूजा का आयोजन करती आ रही है। एक दशक की इस धार्मिक यात्रा को समिति के सदस्यों ने आस्था, एकजुटता और सामाजिक सहभागिता का प्रतीक बताया। अतिथियों ने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में समिति के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले ग्रामीणों, श्रद्धालुओं और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

दुर्गा पूजा समिति के स्टोर रूम से दान पेटी ले उड़े चोर

दलसिंहसराय नगर एनएसबी। रेलवे कैंपस स्थित मालगोदाम रोड में अनादि महादेव दुर्गा पूजा समिति के स्टोर रूम से दान पेटी चोरी होने का मामला सामने आया है। बुधवार की देर रात पंडाल से हटाकर स्टोर रूम में रखी गई दान पेटी गुरुवार की सुबह गायब मिली। घटना की जानकारी मिलते ही समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों में चिंता फैल गई। समिति के अनुसार, बुधवार की रात करीब दो बजे दान पेटी को पंडाल से हटाकर स्टोर रूम में रखा गया था। गुरुवार की सुबह जब सदस्य स्टोर रूम में पहुंचे, तो वहां दान पेटी नहीं मिली। इसके बाद समिति के सदस्यों ने घटना पर दुख जताते हुए मामले की जांच कर दान पेटी का पता लगाने की आवश्यकता बताई। घटना को लेकर समिति के अध्यक्ष श्रवण साह, सचिव संजीत पाठक उर्फ छोटू, कोषाध्यक्ष अजय मालाकार तथा सदस्य उपेंद्र साह, शैलेश कानू समेत अन्य सदस्यों ने चिंता व्यक्त की। मंदिर परिसर से दान पेटी गायब होने की घटना को समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा मामला बताया। समिति के सदस्यों का कहना है कि दान पेटी श्रद्धालुओं की श्रद्धा और सहयोग का प्रतीक है। ऐसे में इसका गायब होना चिंताजनक है। फिलहाल दान पेटी में कितनी राशि थी, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। घटना में कौन शामिल है और दान पेटी कहां गई, इसका पता जांच के बाद ही चल सकेगा।

ममता, करुणा और सेवा की प्रतिमूर्ति थीं सुदामा देवी : सुरेंद्र सिंह

शंभूपट्टी में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा जनसैलाब, वक्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। समस्तीपुर शहर के लोकप्रिय समाजसेवी एवं सर्वहारा ट्रेड यूनियन नेता एस. के. निराला की पूज्य माता स्व० सुदामा देवी जी के द्वादशा एवं पगड़ी-बंधन के अवसर पर उनके निज आवास पाहेपुर (शंभूपट्टी) में एक विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता भाकपा माले के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र कुमार सिंह ने की, संचालन जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी सह अधिवक्ता मोहम्मद शाहिद हुसैन ने किया।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्व० सुदामा देवी जी केवल संतोष निराला की माता नहीं, बल्कि पूरे समाज की अभिभावक एवं पथ प्रदर्शक थीं। उनका पूरा जीवन मानव सेवा और परोपकार के लिए समर्पित था। वे गरीबों की सच्ची हमदर्द और असहायों की सहारा थीं। कड़ाके की ठंड में वे असहायों के बीच कंबल, गर्म कपड़े एवं भोजन वितरित करती थीं। साथ ही निर्धन बच्चों को पुस्तक, कलम व कॉपी देकर शिक्षा के प्रति जागरूक करती थीं। समाज में सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे की वे जीती-जागती मिसाल थीं।

वक्ताओं ने कहा कि उनके द्वारा दिखाए गए सेवा के मार्ग पर आज उनके सुपुत्र एस. के. निराला भी समाज सेवा कर रहे हैं। उनके निधन से समस्तीपुर ने एक सच्चा मार्गदर्शक खो दिया है जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। इस दुखद घड़ी में ईश्वर उनकी पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करें।

मुकुल कुमार रंजन बने समस्तीपुर के ग्रामीण एसपी



समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। जिले के पुलिस महकमे में प्रशासनिक बदलाव के तहत मुकुल कुमार रंजन को समस्तीपुर का नया ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण एसपी) बनाया गया है। उनकी नियुक्ति से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारियों में बदलाव होगा। ग्रामीण इलाकों में कानून-व्यवस्था बनाए रखना, अपराध नियंत्रण, कांडों के अनुसंधान की निगरानी और पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना ग्रामीण एसपी की प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल है। गृह विभाग की ओर से गुरुवार को जारी अधिसूचना के तहत बिहार पुलिस सेवा के 57 अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इस फेरबदल में कई जिलों और पुलिस इकाइयों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। समस्तीपुर में ग्रामीण एसपी की नियुक्ति को पुलिस प्रशासन के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत ग्रामीण एसपी के कार्यक्षेत्र में रोसड़ा, दलसिंहसराय और पटोरी अनुमंडल के थानों को शामिल किया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस कार्यों की निगरानी और अपराध नियंत्रण को लेकर प्रशासनिक जिम्मेदारियों का बेहतर बंटवारा होने की उम्मीद है।

एसी कमरों में बैठकर आंकड़े जुटाने से किसानों का भला नहीं होगा : रामनाथ ठाकुर

'खेत बचाओ' कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों को लगाई फटकार, कहा- किसानों की समस्याओं पर दें ध्यान



समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने गुरुवार को समस्तीपुर के कोठिया में आयोजित ह्यखेत बचाओह्ल कार्यक्रम के दौरान कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। उन्होंने सरकारी मंच से ही अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि सरकार किसानों के हित में कई योजनाएं चला रही है और इन पर काफी राशि खर्च की जा रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर किसानों को इनका समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है।

राज्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी एसी कमरों में बैठकर केवल आंकड़े जुटाने में लगे हैं, जबकि किसानों की वास्तविक समस्याओं पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत समझने और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने को कहा। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। पंचायत स्तर पर मिट्टी जांच की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के मुद्दे पर भी उन्होंने नाराजगी जताई और पूसा के मिट्टी जांच पदाधिकारी को फटकार लगाई। उन्होंने मिट्टी की जांच और किसानों तक जरूरी कृषि सुविधाएं पहुंचाने की व्यवस्था पर सवाल उठाए। गौरतलब है कि 22 अक्टूबर से 30 नवंबर तक ह्यखेत बचाओह्ल योजना के तहत राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बिहार में इसकी शुरूआत डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा की ओर से समस्तीपुर जिले के कोठिया पंचायत सरकार भवन परिसर में की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने किया।

कार्यक्रम के दौरान किसानों के हित में संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन और मिट्टी जांच की सुविधा को पंचायत स्तर तक पहुंचाने जैसे मुद्दे प्रमुखता से सामने आए।

जिलाधिकारी समीर सौरभ ने किया 'विद्यार्थी दर्पण' के तृतीय अंक का विमोचन

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) विद्यार्थियों में ज्ञान, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने की दिशा में शैक्षिक पत्रिका ह्यविद्यार्थी दर्पणह्ल के तृतीय अंक का विमोचन जिलाधिकारी श्री समीर सौरभ ने किया। यह पत्रिका विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़कर ज्ञान-विज्ञान, समसामयिक घटनाओं और विविध शैक्षिक विषयों से जोड़ने की सार्थक पहल है। त्रिका में विज्ञान, इतिहास, भूगोल, कला-संस्कृति, पर्यावरण, तकनीक, खेल, बिहार विशेष एवं परीक्षा विशेष सहित विभिन्न विषयों को रोचक और ज्ञानवर्धक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में जिज्ञासा, अध्ययनशीलता और नवाचार की भावना विकसित करना है।

संक्षिप्त खबरें

न्यायिक अभिरक्षा से अभियुक्त के फरार होने पर एसपी ने दिया जांच का आदेश



अरवल (एनएसबी)। थाना कांड संख्या-400/26 में गिरफ्तार अभियुक्त रामबाबू, पिताझ गोरख चौधरी, निवासीझ बैदरबाद, थाना एवं जिलाझ अरवल को न्यायालय में उपस्थापन के उपरांत न्यायिक अभिरक्षा में केंद्रीय कारा, जहानाबाद भेजा गया था। उक्त अभियुक्त केंद्रीय कारा, जहानाबाद से पुलिस अभिरक्षा के दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। अभियुक्त के फरार होने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिए गए। उनके निदेशानुसार काको थाना में उक्त अभियुक्त के पुलिस अभिरक्षा से फरार होने के संबंध में कांड दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, अभियुक्त के फरार होने की घटना में लापरवाही बरतने वाले संबंधित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की भूमिका की जांच हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अरवल को जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने का आदेश दिया गया है।जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत दोषी पाए जाने वाले पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

डोभी स्थित इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में सड़क निर्माण रोकने का आरोपी गिरफ्तार, जेल

डोभी (एनएसबी)। बहेरा थाना क्षेत्र में अस्थाई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की अप्रोच सड़क निर्माण कार्य में बाधा डालने के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त नीतीश कुमार (22 वर्ष) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान खरौंटी टोला मौलानगर गांव निवासी भैरो यादव के पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है। बहेरा थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार ने गुरुवार की शाम पांच बजे बताया कि बहेरा थाना कांड संख्या 81/26 के प्राथमिकी अभियुक्त नीतीश कुमार को विधिवत गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में उपस्थापन के लिए भेजा गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि 12 मई 2026 को अस्थाई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में अप्रोच सड़क निर्माण कार्य रोकने, कार्य में लगे कर्मियों के साथ गाली-गलौज करने तथा निर्माण कार्य में बाधा डालने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में पूर्व में पांच नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अकबरपुर के समीप मारपीट में घायल युवक ने डोभी थाने में दिया आवेदन

दो नामजद के साथ दस लोगों के खिलाफ थाने में दिया आवेदन

डोभी। डोभी थाना क्षेत्र के अकबरपुर बाजार के समीप बुधवार की सुबह मारपीट की घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान सहदेव खाप निवासी सोहर मांझी के पुत्र सनोज कुमार के रूप में हुई है। घायल ने मगध मेडिकल कॉलेज में इलाज कराया। पीड़ित सनोज कुमार बताया बुधवार की सुबह करमौनी बाजार जा रहे थे। इसी दौरान दो अपाचे बाइक पर सवार युवक पहुंचे और उसके साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि दोनों युवक उसे मारते हुए गढ़ करमौनी स्थित अपने घर ले गए, जहां खटिया से बांधकर उसकी जमकर पिटाई की गई। किसी तरह वहां से निकलने के बाद घायल युवक ने मगध मेडिकल कॉलेज में इलाज कराया। घटना के संबंध में पीड़ित ने गुरुवार की दोपहर तीन बजे डोभी थाने में आवेदन दिया। आवेदन में गढ़ करमौनी निवासी अरविंद कुमार यादव और वीरेंद्र कुमार यादव समेत दस अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

स्मार्ट बाजार , गयाजी में चोरी की पुलिस ने की जांच

गयाजी (एनएसबी)। दिनांक-22.10.2026 को पुलिस महानिरीक्षक, मगध क्षेत्र, गया के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा पुलिस उपाधीक्षक, नगर-01 एवं संबंधित पुलिस पदाधिकारियों के साथ सिविल लाईन थाना अंतर्गत समीर तकिया स्थित स्मार्ट बाजार (रिलायंस) में हुई चोरी की घटना के संबंध में घटनास्थल पर पहुँचकर निरीक्षण किया गया तथा घटना की विस्तृत जाँच की गई। इस दौरान संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को घटना में संलिप्त अभियुक्तों की पहचान एवं गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा मामले के त्वरित उद्भेदन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

एसएसपी के जनता दरबार में आमजनों की शिकायतें सुनी गई

गयाजी (एनएसबी)।दिनांक 22.10.2026 को वरीय पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा जनता दरबार में आमजनों की शिकायतें सुनी गई। जिसमें फरियादी अपनी-अपनी समस्या लेकर उपस्थित हुए। वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के द्वारा सभी लोगों की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना गया और उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

डोभी के बांगवाड़ीह में मारपीट, छह जख्मी

डोभी (एनएसबी)। डोभी थाना क्षेत्र के औरवादोहर टोला बंगवाडीह में मंगलवार की शाम एक किशोर और उसके परिजनों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. पीड़ित पक्ष ने डोभी थाने बुधवार की दोपहर एक बजे आवेदन देकर गांव के कई लोगों पर लाठी-डंडे से हमला करने, किशोरी से छेड़छाड़ और महिलाओं के गहने छीनने का आरोप लगाया है. जिसका एक वीडियो भी सामने आया है। आवेदन के अनुसार, 20 अक्टूबर की शाम करीब साढ़े पांच बजे किशोर मुकेश कुमार अपनी चाची टुसी देवी के दरवाजे पर बैठा था.आरोप है कि इसी दौरान गांव के कुछ लोग नशे की हालत में पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उसे पीटने लगे.शोर सुनकर बचाने पहुंचीं उसकी मां शोभा देवी, चाची टुसी देवी, चमेली देवी, चचेरे भाई रंजीत कुमार और नाबालिग चचेरी बहन के साथ भी मारपीट की गई. पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने नाबालिग बहन को बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया और उसके साथ छेड़छाड़ की. वहीं, चमेली देवी की बायीं आंख पर लाठी से वार किया गया, जिससे आंख में काफी चोट लगी. आरोप है कि इस दौरान शोभा देवी के गले से सोने का जीतमोहन और चमेली देवी का सोने का आभूषण भी छीन लिया गया. आवेदन में बताया गया है कि ग्रामीणों ने डायल 112 पर सूचना दी. पुलिस के मौके पर पहुंचते ही आरोपित भाग निकले.पीड़ित पक्ष ने कार्रवाई की मांग की है। डोभी पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

डोभी में नम आंखों से मां दुर्गा एवं काली की प्रतिमाओं को दी गई विदाई



डोभी। डोभी नगर पंचायत सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा एवं मां काली की प्रतिमाओं का विसर्जन गाजे-बाजे के साथ किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को विदाई दी। विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तों ने जयकारे लगाते हुए मां दुर्गा एवं काली की प्रतिमाओं को विदाई दी। प्रतिमा विसर्जन के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। प्रशासन की निगरानी में विसर्जन का कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

एसपी ने लगाया जनता दरबार लोगों ने लगाई फरियाद

अरवल (एनएसबी)। पुलिस अधीक्षक के जनता दरबार में 10 फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की गई। त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को एसपी द्वारा निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों एवं अनुसंधानकताओं को मामलों में त्वरित एवं नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



फरियाद लगाते लोग।

जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों के आलोक में निम्नलिखित निर्देश दिए गए अरवल थाना कांड संख्या 431/25 में आवेदिका चिंता देवी के द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय से शिकायत की गई, पुलिस अधीक्षक, अरवल के द्वारा मामले को गंभीरता से लिया तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त कांड की समीक्षा करते हुए संबंधित अनुसंधानकर्ता से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। अरवल थाना क्षेत्र से स्कॉर्पियो वाहन की चोरी के मामले में थानाध्यक्ष, अरवल एवं संबंधित अनुसंधानकर्ता को 10 दिनों के अंदर कांड का उद्भेदन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। शिकायतकर्ता रितेश कुमार, पिताझ जोगेंद्र सिंह, द्वारा की गई शिकायत के आधार पर संबंधित मामले में

अंचल पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं अनुसंधानकर्ता से मांगा गया स्पष्टीकरण

आवश्यक कार्रवाई करने हेतु थानाध्यक्ष रामपुर चौरम थाना को निर्देश दिया गया। वरिष्ठ नागरिक महेश प्रसाद के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु थानाध्यक्ष, किंजर को निर्देशित किया गया। कलेर थाना कांड संख्या 106/26 में वादिनी शकुंतला देवी, ग्रामझ राजपुरा, थानाझ कलेर के द्वारा दिए आवेदन की समीक्षा करते हुए संबंधित अनुसंधानकर्ता को शीघ्र अनुसंधान पूरा करने तथा अंचल पुलिस निरीक्षक को यथाशीघ्र पर्यवेक्षण टिप्पणी निर्गत करने का निर्देश दिया गया। बंशी थाना कांड संख्या 58/26 में अंचल पुलिस निरीक्षक, कुर्था द्वारा समय पर पर्यवेक्षण टिप्पणी निर्गत नहीं किए जाने के संबंध में संबंधित अंचल पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं अनुसंधानकर्ता से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त जनशिकायतों का निष्पादन संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा अधिकतम 08 दिनों के अंदर सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब, लापरवाही अथवा उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित पदाधिकारियों को शिकायतों पर गंभीरतापूर्वक कार्रवाई करते हुए पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं



गयाजी (एनएसबी)। जिलाधिकारी, गया शशांक शुभंकर ने समाहरणालय में आये अनेकों फरियादियों को देख उनकी समस्याओं को सुना गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 50 से अधिक आमजनों की समस्याएँ सुनीं गयी। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, आरटीपीएस, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा। गया शहर के मगध मेडिकल कॉलेज थाना क्षेत्र अंतर्गत मगध कॉलोनी रोड के निवासी श्री मनोज प्रसाद ने अपने दोनों भाइयों पर बिना नक्शा पास कराए मकान निर्माण कराने तथा इस कार्य में स्थानीय पुलिस एवं नगर निगम के अमीन की कथित संलिप्तता का आरोप लगाते हुए जिला पदाधिकारी, गया से उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है, जिसपर जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त, गया नगर निगम, गया जी को मामले की जांच करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आवेदिका पूनम कुमारी द्वारा गया हवाई अड्डा विस्तार परियोजना (कैट-1 लाइट अधिष्ठापन) के तहत भूमि अधिग्रहण में गंभीर अनियमितताओं को लेकर जिला पदाधिकारी, गया को आपत्ति आवेदन सौंपा गया, जिसपर जिलाधिकारी ने जिला भू अर्जन पदाधिकारी, गया को मामले की गंभीरतापूर्वक जांच करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने का निदेश दिया। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और सभी विभागीय पदाधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें।

समस्याओं का हुआ ऑन द स्पॉट निवारण

प्रधानमंत्री सूर्य योजना को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

अरवल (एसएमबी)। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक। अरवल में अब तक 163 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के तहत जिले में रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना में तेजी लाने एवं अधिकाधिक घरेलू उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करने, पात्र उपभोक्ताओं को योजना के प्रति जागरूक करने तथा रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से अधिक बिजली खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित करने और योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

जिले में अब तक कुल 163 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। योजना के अंतर्गत पात्र उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार की ओर से अधिकतम ₹78,000 तथा बिहार सरकार की ओर से अधिकतम ₹20,000 तक की वित्तीय सहायता का प्रावधान है। इस प्रकार,



बैठक करते डीएम।

निर्धारित पात्रता एवं शर्तों के अनुसार अधिकतम ₹98,000 तक का अनुदान मिल सकता है। इसके अतिरिक्त, पात्र उपभोक्ताओं को लगभग 5.75 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर बैंक ऋण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। बैठक में बताया गया कि सामान्य परिस्थितियों में 1 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर संयंत्र प्रतिदिन लगभग 4 यूनिट, 2 किलोवाट का 8 यूनिट, 3 किलोवाट का 12 यूनिट, 4 किलोवाट का 16 यूनिट तथा 5 किलोवाट का 20 यूनिट बिजली उत्पन्न कर सकता है। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली बिल में बचत करने तथा पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करने में मदद मिल सकती है। वास्तविक उत्पादन मौसम, धूप एवं संयंत्र की कार्यक्षमता पर निर्भर करता है। जिला पदाधिकारी ने योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जिले में सोलर मेले का आयोजन करने तथा इसमें अधिकाधिक उपभोक्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मेले के माध्यम से उपभोक्ताओं को अनुदान, बैंक ऋण, ऑनलाइन आवेदन एवं रूफटॉप सोलर संयंत्र की स्थापना से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। जिला प्रशासन एवं विद्युत विभाग ने अरवल जिले के सभी घरेलू उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं और अपनी छतों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित कर बिजली खर्च में बचत के साथ स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा दें। बैठक में उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता, अरवल ई. सोमनाथ पासवान सहित सभी सहायक विद्युत अभियंता, कनीय विद्युत अभियंता एवं सोलर वेंडर उपस्थित रहे।

26 अक्टूबर को होगा सतर्कता अभिचेतनासप्ताह का आयोजन

अरवल (एनएसबी)। समाहरणालय परिसर में 26 अक्टूबर को आयोजित होगा सतर्कता अभिचेतना सप्ताह। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी, समाहरणालय के सभी शाखा प्रभारी तथा संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। सतर्कता अभिचेतना सप्ताह का आयोजन प्रत्येक वर्ष प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही, ईमानदारी और नैतिक आचरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जाता है। इस अवसर पर सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार की रोकथाम, जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, नागरिकों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने तथा प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाने पर विशेष बल दिया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सरकारी कार्यालयों एवं सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता, ईमानदारी, जवाबदेहीं तथा नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। साथ ही, भ्रष्टाचार के प्रति जन-जागरूकता विकसित करना तथा भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की स्थापना के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रेरित करना है। कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों को भी यह संदेश दिया जाएगा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध सामूहिक जागरूकता और सक्रिय सहभागिता आवश्यक है।

सतर्कता अभिचेतना सप्ताह के दौरान पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने कार्यों में निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा और कर्तव्यपरायणता बनाए रखने का संकल्प दिलाया जाएगा। सरकारी सेवाओं के निष्पादन में किसी भी प्रकार की अनियमितता, पक्षपात, विलंब या भ्रष्ट आचरण को स्वीकार नहीं करने तथा नियमों एवं निर्धारित प्रक्रियाओं का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम में भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों, इसके कारणों तथा इसकी रोकथाम के उपायों पर भी चर्चा की जाएगी। सतर्कता अभिचेतना सप्ताह के माध्यम से ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के महत्व को रेखांकित करते हुए सरकारी कार्यों के निष्पादन में पारदर्शिता बनाए रखने, अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध सजग रहने का संदेश दिया जाएगा। साथ ही, सभी संबंधितों को यह भी प्रेरित किया जाएगा कि वे किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा भ्रष्टाचार की जानकारी मिलने पर सक्षम प्राधिकार को सूचित करें और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर आयोजित कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें तथा सतर्कता, पारदर्शिता और ईमानदारी के मूल्यों को अपने कार्य व्यवहार में अपनाएं। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने कार्यालयों में भी सतर्कता एवं नैतिक प्रशासन से संबंधित गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता का प्रसार करें। जिला प्रशासन भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रशासन द्वारा नागरिकों को बेहतर, निष्पक्ष एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ सुशासन के मूल्यों को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सतर्कता अभिचेतना सप्ताह इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच विश्वास, सहयोग एवं जवाबदेही की भावना को और सुदृढ़ किया जाएगा।

अतिक्रमण और आवारा पशुओं के खिलाफ नगर निगम का विशेष अभियान में 8.19 लाख रुपये जुमार्ना की हुई वसूली

गयाजी (एनएसबी)। पितृपक्ष मेला एवं दशहरा पर्व के दौरान शहर में बेहतर यातायात व्यवस्था बनाए रखने, सड़कों को अतिक्रमणमुक्त करने और आवारा पशुओं पर नियंत्रण के लिए गया नगर निगम की ओर से विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत नगर निगम की टीम ने बीते 3 सितंबर से 21 अक्टूबर तक कार्रवाई करते हुए कुल 8 लाख 19 हजार 600 रुपये का दंड शुल्क वसूल किया। अभियान के दौरान अतिक्रमण करने वालों के साथ-साथ सड़कों पर खुले में पशुओं को छोड़ने वाले पशुपालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। नगर निगम की ओर से इस विशेष अभियान के संचालन के लिए सिटी मैनेजर को नोडल पदाधिकारी बनाया गया था। उनके नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी, जो लगातार शहर के विभिन्न इलाकों में अभियान चला रही थी। टीम की ओर से सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण करने वालों को चिह्नित कर दंड शुल्क वसूला जा रहा था। वहीं, सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं को पकड़कर निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जा रही थी।

नगर निगम से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 3 सितंबर से 21 अक्टूबर तक अतिक्रमण के मामलों में कुल 6 लाख 75 हजार 500 रुपये का दंड शुल्क वसूला गया। वहीं, आवारा पशुओं के



अतिक्रमण से 6.75 लाख तो आवारा पशुओं से 1.44 लाख रुपये की वसूली

खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत 1 लाख 44 हजार 100 रुपये की वसूली की गई। इस प्रकार दोनों अभियानों को मिलाकर नगर निगम ने कुल 8 लाख 19 हजार 600 रुपये का दंड शुल्क वसूल किया। आवारा पशुओं को पकड़कर गोरक्षणी में रखा गया। शहर की सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं को पकड़ने के बाद नगर निगम की ओर से गोरक्षणी में रखा जाता था। इसके बाद संबंधित पशुपालकों को निर्धारित दंड शुल्क जमा करने पर अपने पशुओं को छुड़ाने की अनुमति दी जाती थी। इस कार्रवाई का उद्देश्य पशुओं को सड़कों पर खुला छोड़ने की प्रवृत्ति पर रोक लगाना और आम लोगों को होने वाली परेशानियों को कम करना था। सड़कों पर आवारा पशुओं के घूमने से यातायात बाधित होने के साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। खासकर व्यस्त सड़कों और बाजारों में पशुओं की मौजूदगी से वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में नगर निगम की ओर से चलाया गया यह अभियान शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण रहा। पितृपक्ष मेला और दशहरा पर्व के दौरान शहर में आम दिनों की तुलना में अधिक भीड़ रहती है। पितृपक्ष मेले में देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में तीर्थयात्री पिंडदान और तर्पण के लिए गयाजी पहुंचते हैं। वहीं, दशहरा पर्व के दौरान बाजारों, प्रमुख सड़कों और पूजा स्थलों पर लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में सड़कों को अतिक्रमणमुक्त रखना और आवारा पशुओं पर नियंत्रण करना नगर निगम के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। नगर निगम की ओर से चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान अतिक्रमण हटाने के

दुर्गा पूजा की छुट्टियों के बाद खुले विद्यालय, पहले दिन विद्यार्थियों की उपस्थिति रही कम

मेहंदिया (एनएसबी)। दुर्गा पूजा की छुट्टियां समाप्त होने के बाद गुरुवार को प्रखंड सहित आसपास के क्षेत्रों के विद्यालय एक बार फिर से खुल गए। हालांकि, छुट्टियों के बाद विद्यालय खुलने के पहले दिन विद्यार्थियों की उपस्थिति काफी कम रही। सामान्य दिनों की अपेक्षा विद्यालयों में बच्चों की संख्या कम देखने को मिली। बताया जाता है कि दुर्गा पूजा की छुट्टियों के दौरान कई विद्यार्थी अपने परिवार के साथ त्योहार मनाने और घूमने के लिए बाहर गए थे। वहीं, कुछ विद्यार्थियों का गृहकार्य भी पूरा नहीं हो पाया है। ऐसे में छुट्टियों के बाद विद्यालय खुलने पर भी बच्चों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम रही। हालांकि, विद्यालय प्रबंधन को उम्मीद है कि आगामी सोमवार से विद्यार्थियों की उपस्थिति में सुधार होगा और विद्यालयों में पहले की तरह चहल-पहल देखने को मिलेगी। छुट्टियों के बाद नियमित पढ़ाई शुरू होने के साथ ही विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां भी गति पकड़ने लगेंगी। विद्यालय प्रबंधन की ओर से अभिभावकों से अपील की जा रही है कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें, ताकि उनकी पढ़ाई बाधित न हो और शैक्षणिक कार्य समय पर पूरा किया जा सके।

बेहतर शिक्षा के बावजूद भी सरकारी विद्यालय के शिक्षकों के बच्चों का निजी स्कूलों में नामांकन पर उठ रहे सवाल

कुर्था (एनएसबी)। सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध होने के बावजूद प्रखंड क्षेत्र के कई सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के बच्चों का निजी विद्यालयों में पढ़ने की बात सामने आ रही है। सूत्रों के अनुसार कई शिक्षक अपने बच्चों को गया, पटना जहानाबाद व कुर्था के निजी विद्यालयों में शिक्षा दिला रहे हैं। इस स्थिति ने सरकारी शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता और उस पर अभिभावकों के भरोसे को लेकर चर्चा छेड़ दी है। वहीं जानकारों के माने तो सरकारी शिक्षकों के बच्चों के नामांकन के लिए निजी विद्यालयों के चयन के पीछे अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई, अनुशासन, अतिरिक्त शैक्षणिक गतिविधियां, बेहतर शैक्षणिक माहौल और पारिवारिक परिस्थितियां जैसे कई कारण हो सकते हैं। हालांकि कई शिक्षक अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में भी शिक्षा दिलाते हैं और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में योगदान देते हैं। शिक्षकों के बच्चों का निजी विद्यालयों में नामांकन सवाल यह है कि जब सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी शिक्षकों और शिक्षा विभाग की है तो वे सरकारी विद्यालय के शिक्षक अपने बच्चों के लिए निजी विद्यालयों को प्राथमिकता क्यों देते हैं? क्या इसके पीछे अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई, नियमित शैक्षणिक गतिविधियां, अनुशासन और बेहतर सुविधाओं की अपेक्षा है या फिर सरकारी विद्यालयों में उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों को और मजबूत करने की जरूरत है?

संक्षिप्त खबरें

महनार में राजस्व न्यायालय की नई पहल, मोबाइल पर लिंक से होगी सुनवाई

महनार/एनएसबी। महनार में अब राजस्व मामलों की सुनवाई के लिए पक्षकारों को बार-बार न्यायालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। डीसीएलआर न्यायालय में ऑनलाइन सुनवाई की व्यवस्था शुरू की गई है। डीसीएलआर सुधांशु शेखर ने बताया कि यह व्यवस्था पिछले 15 दिनों से चल रही है। इसके माध्यम से पक्षकार घर बैठे वर्चुअल रूप से सुनवाई में शामिल होकर अपना पक्ष रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था से दाखिल-खारिज अपील, भूमि विवाद समेत अन्य राजस्व मामलों से जुड़े लोगों को राहत मिलेगी। खासकर दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले, अस्वस्थ और किसी कारणवश न्यायालय पहुंचने में असमर्थ पक्षकारों को सुविधा होगी। इससे समय और आने-जाने के खर्च की बचत होगी। डीसीएलआर ने बताया कि सुनवाई में शामिल होने के लिए संबंधित वाद में दर्ज पंजीकृत मोबाइल नंबर पर विभागीय पोर्टल के माध्यम से लिंक भेजा जाएगा। पक्षकार और उनके अधिवक्ता निर्धारित तिथि और समय पर लिंक के जरिए ऑनलाइन जुड़कर सुनवाई में भाग ले सकेंगे। इस व्यवस्था का लाभ महनार अनुमंडल के महनार, देसरी और सहदेई बुजुर्ग अंचल के पक्षकारों को मिलेगा। ऑनलाइन सुनवाई से दूरी और आवागमन की परेशानी कम होगी। साथ ही राजस्व न्यायालय की कार्यवाही में शामिल होना अधिक आसान बनेगा।

अधिकारों और सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों को दी गई हेल्पलाइन की जानकारी

हाजीपुर/एनएसबी। बाल अधिकारों के संरक्षण, बाल विवाह की रोकथाम तथा बच्चों को बाल मजदूरी, शोषण, तस्करी और ऑनलाइन यौन उत्पीड़न जैसी गंभीर



समस्याओं से बचाने के उद्देश्य से दौलतपुर चांदी पंचायत में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में तथा जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया सोहन राय ने की, जबकि संचालन अधिकार मित्र संतोष कुमार ने किया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य आयोजक, स्वर्गीय कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान के सचिव एवं जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के निदेशक डॉ. सुधीर कुमार शुक्ला ने बाल अधिकारों और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी।

मानवता की सेवा ही धर्म है : राज्यपाल

पटना सिटी/एनएसबी। शहीद भगत सिंह चौक पर पांच दिवसीय दशहरा सेवा शिविर मारवाड़ी सेवा समिति की ओर से लगाया गया. शिविर में उपस्थित नागलैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव ने कहा कि मानवता की सेवा ही धर्म है. समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा की अध्यक्षता व सचिव राजकुमार गोयनका के संचालन में लगे शिविर में शिविर में विधाक रतनेश कुमार,डॉ शशि भूषण प्रसाद,पूर्व उपमहापौर संतोष मेहता,शशि शेखर रस्तोगी,राजू सुल्तानियां, डीएसपी अशोक पांडे व शिव शंकर कुमार,आशीष सिन्हा,बलराम चौधरी व राजेश राय समेत अन्य शामिल हुए. अतिथियों का स्वागत संयोजक राजेश चौधरी व सह संयोजक सुभाष पोदर ने की. आयोजन में अशोक बंका, नितेश मोदी, प्रकाश सुल्तानिया, राजेश देवड़ा, पप्पू कमलिया, रमेश टेकरीवाल, मनोज खेतान, ललित अग्रवाल, शिव प्रसाद मोदी, डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा, प्रफुल पांडे,सोनू लोयलका, कन्हैया झुनझुनवाला समेत अन्य सक्रिय थे.हिन्दू मुस्लिम एकता विचार मंच की ओर से पश्चिम दरवाजा में सेवा शिविर संयोजक शमशेर खान की अध्यक्षता में लगाया गया. शिविर का उद्घाटन एसडीओ कशिश बक्शी, एएसपी राजकिशोर सिंह व डीएसपी शिव शंकर कुमार ने की.शिविर में संजय अलबेला, डॉ. फिरोज अहमद, मो इलियास बाबर, मो मुख्तार, प्रफुल पांडे, डॉ. शोएब, मो हिदायत अहमद, अली इमाम, शारीफ अहमद रंगरेज, फिरोज हसन, मिथिलेश सिंह, रामबाबू, अंजू सिंह, वीरेंद्र साहू, गुड्डू खान समेत अन्य सक्रिय थे. इस दौरान पूजा समिति के पदाधिकारियों को सम्मानित करने,चिकित्सा सुविधा व भीड़ प्रबंधन का कार्य किया गया.

मजलिस ए अय्याम फातमिया में तकरीर व सीनाजनी

पटना सिटी/एनएसबी। गुलामाने शहजादी-ए-कौनैन की ओर से मोगलपुरा छोटी बाजार स्थित इमामिया मसजिद इमामबाड़ा में आयोजित चार दिनों की मजलिस ए अय्याम फातमिया के जीवन दर्शन पर गुरुवार को उत्तर प्रदेश के लखनऊ से आये मौलाना सैयद मो हसनैन बाकरी की तकरीर की. कमेटी के महासचिव सैयद अनीस हसन ने बताया कि सात वर्षों से हो रहे आयोजन में तकरीर के उपरांत नौहाखानी व सीनाजनी जायरीनों ने की. महासचिव ने बताया कि 24 अक्तूबर को महिलाओं की मजलिस की मजलिस के उपरांत शबीहे ताबूत शहजादी-ए-कौनैन बरामद किया जायेगा.

रेलवे के जन संवाद में यात्री सुविधा बढ़ाने पर बल

पटना सिटी/एनएसबी। पटना साहिब स्टेशन पर गुरुवार को पूर्व मध्य रेलवे की ओर से जनसंवाद का आयोजन किया गया. जनसंवाद में उपस्थित पूर्व मध्य रेलवे के वाणिज्य मुख्य महाप्रबंधक अमिताभ प्रभाकर व दानापुर रेलड मंडल के वाणिज्य प्रबंधक प्रदीप कुमार के समक्ष यात्रियो व दैनिक यात्री संघ ने स्टेशन यात्री सुविधा बढ़ाने और ट्रेनों के ठहराव देने की मांग रखी. दैनिक यात्री संघ के डॉ विनोद अवस्थी,मुन्ना गुप्ता,बुद्धू साव समेत अन्य ने स्टेशन के बाहर पार्किंक की व्यवस्था कराने,स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो का शेड बढ़ाने और यात्री सुविधा उक्त प्लेटफार्म पर मुहैया कराने और ख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन प्रबंधक हरजीत सिंह ने सौंपा. इसमें जनवरी में आयोजित होने वाले श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व पर संगतों को सुविधा देने की मांग रखी. जन संवाद में स्टेशन प्रबंधक उपेंद्र कुमार, आरपीएफ इंस्पेक्टर अवनीश कुमार जीआरपी इंस्पेक्टर व नितिन व्यास रेलवे के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे. इससे पहले स्टेशन पहुंचे अधिकारियों ने स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्था को देखा. इसके उपरांत जन संवाद में लोगों की बातों को सुना.

दशहरा मेला में युवक की हत्या में पुलिस ने आरोपितों को किया चह्नित

पटना सिटी/एनएसबी। खाजेकला थाना के गुजरी बाजार सेल टैक्स ऑफिस के समीप दशहरा मेला की भीड़ के बीच बुधवार की रात मोगलपुरा टिकिया टोली मुहल्ला निवासी नागेंद्र ठाकुर के 22 वर्षीय कुंदन कुमार को चाकू मार हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपितों को चिह्नित कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. डीएसपी द्वितीय शिव शंकर कुमार ने बताया कि हत्याकांड के उदभेदन के लिए उनके नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया है. जो घटना को कारित करने वालों की पहचान कर कार्रवाई कर रही है. डीएसपी के अनुसार मेहंदीगंज थाना के रसूलपुर स्थित पूजा समिति के विसजर्न शोभायात्र के दौरान घटना हुआ था. घटना के बाद पूजा समिति के लोग प्रतिमा को छोड़ फरार हो गये थे. प्रतिमा का विसजर्न प्रशासन की ओर से करायी गयी. बताते चले कि गाजा बजाने को लेकर हुए विवाद में कुंदन पर तीन चार की संख्या में बदमाश को सेल्स टैक्स आफिस के सामने गली ताबडतोड चाकू से चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में प्रहार कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। इसके बाद वहां से गली के रास्ते से फरार हो गये।0. नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलजा ने बताया कि घटना चाकू से हुई है फिर गोली मारी गयी है और घटना के कारणों की पुलिस जांच कर रही है.

खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई, साहू होटल का खाद्य लाइसेंस निलंबित

किचन में गंदगी और खुले में खाद्य पदार्थों का भंडारण मिलने पर कार्रवाई; बिना वैध लाइसेंस संचालन पर रोक

हाजीपुर/एनएसबी। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने तथा आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा के उद्देश्य से जिला प्रशासन, वैशाली द्वारा खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में, मेसर्स साहू होटल, राजेन्द्र चौक, हाजीपुर के तड़का में कॉकरोच मिलने की शिकायत खाद्य संरक्षा आयुक्त कार्यालय, पटना को प्राप्त हुई । शिकायत के आलोक में वैशाली जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा उक्त प्रतिष्ठान का



निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान होटल का किचन अस्वच्छ स्थिति में पाया गया तथा तैयार खाद्य पदार्थों को खुले में एवं गंदे स्थान पर भंडारित किया गया था।

उक्त अनियमितताएं खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत निर्धारित अनुसूची-4 एवं गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस के प्रावधानों का उल्लंघन हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए अभिहित अधिकारी-सह-लाइसेंसिंग प्राधिकरण द्वारा आज से प्रतिष्ठान का खाद्य लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, बिना वैध लाइसेंस के प्रतिष्ठान के संचालन पर रोक लगा दी गई है।साथ ही, वैध लाइसेंस के बिना प्रतिष्ठान के संचालन पर रोक लगा दी गई है। जिला प्रशासन ने सभी खाद्य कारोबारियों से निर्धारित स्वच्छता मानकों का पालन करने, रसोई एवं खाद्य भंडारण स्थलों को स्वच्छ रखने तथा आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की अपील की है।

प्रशासनिक सुरक्षा के बीच देवी प्रतिमाओं का होता रहा विसर्जन

पटना सिटी/एनएसबी। प्रशासनिक सुरक्षा व्यवस्था के बीच देवी प्रतिमाओं का विसजर्न लगातार तीन दिनों से गुरुवार को भी देर रात के चलता रहा. प्रशासनिक सुरक्षा के बीच भद्र घाट, गायघाट व लॉ कॉलेज घाट पर देर रात तक प्रतिमा का विसजर्न चलता रहा. प्रतिमा विसजर्न के लिए अनुमंडल प्रशासन ने विसजर्न स्थल भद्र घाट व गायघाट पर अस्थायी थाना खोला था. जहां पर तैनात दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी के साथ नगर पुलिस अधीक्षक शैलजा,एसडीओ कशिश बक्शी,एएसपी राजकिशोर सिंह ,डीएसपी शिव शंकर कुमार डीसीएलआर अभिलाषा कुमारी वरीय उप समाहर्ता के साथ प्रशासन व पुलिस के आलाधिकारी, अर्ध सैनिक बल के जवान देर रात तक डटे थे. एसडीओ ने बताया कि दो दिनों के अंदर करीब 321 प्रतिमाओं का विसजर्न किया गया है.देवी प्रतिमाओं का विसजर्न का सिलसिला मंगलवार से निरंतर चल रहा है. इस दौरान प्रमुख पूजा समिति की ओर से स्थापित देवी प्रतिमाओं का विसजर्न किया गया.

राजापाकर औद्योगिक क्षेत्र के लिए 485.50 एकड़ भूमि का दखल-कब्जा आईडीए को हस्तांतरित

316 करोड़ रुपये मुआवजा भुगतान

हाजीपुर/एनएसबी। जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंहने बताया कि राजापाकर औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए भूमि अर्जन एवं मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। अब तक कुल आठ मौजों की 485.50817 एकड़ भूमि का दखल-कब्जा आईडीए, पटना को सौंपा जा चुका है। शेष भूमि का दखल-कब्जा भी निर्धारित समय-सीमा के भीतर सौंपने का लक्ष्य है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि राजापाकर औद्योगिक क्षेत्र के लिए कुल 11 मौजों में 1,234.42497 एकड़ भूमि अर्जित की जा रही है। प्रथम चरण में पांच मौजों की 159.46515 एकड़ भूमि का दखल-कब्जा 3 अक्टूबर 2026 को आईडीए को सौंपा गया था। इसके बाद 21 अक्टूबर 2026 को तीन और मौजों की 326.04302 एकड़ भूमि का दखल-कब्जा हस्तांतरित किया गया। शेष तीन मौजों—बहसी दामोदर, बहसी सैदपुर एवं जाफरपट्टी—की कुल 748.9167 एकड़ भूमि का दखल-कब्जा 31 अक्टूबर 2026 तक सौंपने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान के लिए अब तक लगभग 4,900 रैयतों से करीब 600 एकड़ भूमि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से लगभग 3,800 रैयतों को कुल 316 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि का भुगतान किया जा चुका है। शेष पात्र रैयतों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया लगातार जारी है। कुछ रैयतों द्वारा मुआवजा दर एवं संरचना से संबंधित आपत्तियां भी प्राप्त हुई हैं। इन मामलों की जांच के लिए जिला स्तर पर समिति गठित की गई है। समिति के जांच प्रतिवेदन के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने कहा कि भूमि अर्जन एवं मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया पारदर्शी और त्वरित तरीके से पूरी की जा रही है। इस कार्य में स्थानीय रैयतों का सहयोग मिल रहा है, जिसके लिए जिला प्रशासन उनके प्रति आभार व्यक्त करता है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि राजापाकर औद्योगिक क्षेत्र बिहार में औद्योगिक विकास की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके विकसित होने से औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होने तथा आर्थिक गतिविधियों के विस्तार की उम्मीद है। इससे क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी।

सड़क हादसे में मृत युवकों के परिजनों से मिले महुआ के पूर्व विधायक मुकेश रौशन

महुआ/एनएसबी। महुआ में दुर्गा पूजा के मेला घूम कर लौट कर आने के दौरान हुई सड़क दुर्घटना में एक साथ एक ही मुहल्ले के तीन तीन युवकों की हुई मौत के बाद इलाके में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। तीनो घरों में कई दिनों से चूल्हे तक नहीं जले हैं। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों के साथ-साथ उसके नाते रिश्तेदारों एवं अन्य लोगों में भी शोक का माहौल बना हुआ है।

वहीं घटना की खबर सुनकर मातम पुरसी करने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है। इसी कड़ी में गुरुवार को महुआ के पूर्व विधायक डॉ. मुकेश रौशन मृत बच्चों के परिवारों से मिले और उन्हें सांत्वना दी। मिली जानकारी के अनुसार इस हादसे में जान गंवाने वाले छात्र सोहन राय के अभिषेक कुमार (17), विनोद राय के अमन कुमार (17) और आलोक राय के प्रीतम कुमार (16) थे। तीनों सोमवार शाम महानवमी का मेला देखकर लौट रहे थे, तभी महुआ मेडिकल कॉलेज के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया था। शोक संतप्त परिवार के सदस्यों से मिल कर डॉ. रौशन ने पीड़ित परिवारों से मिलकर दुख जताया।

इस मौके पर उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि घायल प्रीतम को समय पर इलाज न मिलने से उसकी मौत हो गई। उन्होंने एसपी, डीएसपी व अस्पताल अधिकारियों से फोन पर बात कर लापरवाही की जांच व दोषी वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग की। इस मौके पर उनके साथ महुआ सिंह राय के पैक्स अध्यक्ष रामाशंकर यादव, रणविजय यादव, श्रीकांत यादव आदि के साथ-साथ अनेकों लोग मौजूद थे।

धूमधाम से मनाया गया सरोज सेवा संस्थान का वार्षिकोत्सव

महनार/एनएसबी। महनार प्रखंड के बघनोचा गांव स्थित सरोज सेवा संस्थान, वैशाली का नवम वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित



किया गया। कार्यक्रम में भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त कमांडर केके जायसवाल अपनी पत्नी मंजू औहलिया के साथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। संस्थान के संस्थापक लेफ्टिनेंट कर्नल मनमोहन ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन सुचिका श्रीवास्तव ने किया।

कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत से हुई। इसके बाद सरोज देवी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रिया राज ने गणेश वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि सलोनी कुमारी ने मिथिला संस्कृति की झलक दिखाई। पूर्व सांसद रामकिशोर सिंह ने कर्नल मनमोहन ठाकुर के निःस्वार्थ सेवा भाव की सराहना की। अंतरराष्ट्रीय कवि प्रीतम कुमार झा ने बेटी, शिक्षा और राष्ट्रसेवा पर विचार रखे। कवयित्री एवं बिहार दूरदर्शन की एंकर डॉ. रजनी प्रभा ने स्वरचित कविता सुनाई। कार्यक्रम में डॉ. पवन कुमार मिश्रा, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. राजीव नयन झा, आंचल सिंह और कुंकुम वर्मा समेत कई अतिथि शामिल हुए। बच्चों ने छठ पूजा की प्रस्तुति, नाटक और भाषण से सबका मन मोह लिया। ऑनलाइन कक्षा के विद्यार्थियों ने युवा वर्ग के कर्तव्यों पर विचार रखे। अतिथियों को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

मानवता की सेवा हीं धर्म है: राज्यपाल नंदकिशोर यादव

पटना सिटी/एनएसबी। सेवा ही धर्म है। इसे चरितार्थ करता है मारवाड़ी सेवा समिति। जिस प्रकार मारवाड़ी समाज मानवता की सेवा में विश्वास रखता है, वह अपने आप में मिशाल है। उक्त बातें नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव ने मारवाड़ी सेवा समिति पटना सिटी द्वारा आयोजित 27 वां पांच दिवसीय दशहरा सेवा शिविर में मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए कही। श्री बड़ी देवी जी अभिनंदन समारोह के अवसर पर राज्यपाल नंदकिशोर यादव, बिहार विधानसभा के सचेतक सह पटना साहिब के विधायक रत्नेश कुशवाहा, डॉक्टर शशि भूषण प्रसाद, पूर्व उप महापौर संतोष मेहता, वरिष्ठ समाजसेवी शशि शेखर रस्तोगी, युवा समाजसेवी राजू सुल्तानिया, डीएसपी अशोक पांडेय, डीएसपी शिव शंकर सिंह, डीएसपी गुप्ता आशीष सिन्हा, बलराम चौधरी, राजेश राय आदि उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा ने किया।



उन्होंने बताया कि इस पांच दिवसीय दशहरा सेवा शिविर का समापन अर्ध रात्रि में हुआ। इस अवसर पर बिछड़े हुए 260 बच्चों को परिवार से मिलाने का काम किया। 510 लोगों को मेडिवर्सल हॉस्पिटल के सहयोग से चिकित्सा सेवा दी गई। लाखों लोगों ने जल ग्रहण किया। थकान को दूर करने के लिए चाय की व्यवस्था प्रदान की गई। महानवमी की अवसर पर राजेश बागला के सहयोग से महाप्रसाद का वितरण किया गया। समारोह को सफल बनाने में संयोजक राजेश चौधरी, सहसंयोजक सुभाष पोद्दार, अशोक बंका, सचिव राजकुमार गोयनका, नितेश मोदी, प्रकाश सुल्तानिया, राजेश देवड़ा, पप्पू कमलिया, रमेश टेकरीवाल, मनोज खेतान, ललित अग्रवाल, शिव प्रसाद मोदी, डाक्टर त्रिलोकी प्रसाद गोरवाला, राजेश देवड़ा, सोनू लोयलका, कन्हैया झुनझुनवाला सक्रिय थे।

पटना सिटी में विजयदशमी पर चाकूबाजी में युवक की मौत

- प्रतिमा और डीजे ट्रॉली छोड़ भागे आयोजक

पटना/एनएसबी। खाजेकलां थाना क्षेत्र के अशोक राजपथ स्थित पश्चिम दरवाजा के पास विजयदशमी के दिन चाकूबाजी में कुंदन कुमार नामक युवक की मौत हो गई। मृतक टिकिया टोली निवासी नागेंद्र कुमार का पुत्र बताया जा रहा है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के लिए आयोजक भद्रघाट जा रहे थे। इसी दौरान पश्चिम दरवाजा के पास जुलूस में शामिल लोगों के बीच हुई घटना में कुंदन पर चाकू से हमला कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल युवक को नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद जुलूस में शामिल लोग डीजे ट्रॉली और प्रतिमा सड़क पर छोड़कर भाग गए। इससे अशोक राजपथ पर करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। सूचना पर डीएसपी शिव शंकर पुलिस बल के साथ पहुंचे और स्वयं ट्रैक्टर चलाकर प्रतिमा को विसर्जन के लिए आगे बढ़ाया।

समरसता संकल्प अभियान के तहत 14 प्रखंडों की 41 पंचायतों में संत रविदास विकास शिविर आयोजित

1,008 आवेदनों में से 711 का निष्पादन

हाजीपुर/एनएसबी। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज के 650वें जन्म वर्ष के उपलक्ष्य में बिहार सरकार के निर्देश के आलोक में वैशाली जिले में समरसता संकल्प अभियान के तहत अनुसूचित जाति के पात्र परिवारों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से शत-प्रतिशत आच्छादित करने के उद्देश्य से संत रविदास विकास शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक जिले के 14 प्रखंडों की 41 पंचायतों में संत रविदास विकास शिविर आयोजित किए गए।

जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित इन शिविरों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों की समस्याओं का समाधान करने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से



संबंधित आवेदनों का यथासंभव मौके पर ही निष्पादन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। शिविर से पूर्व विभिन्न योजनाओं से संबंधित 318 आवेदन प्राप्त हुए थे, जबकि शिविर के दौरान 690 आवेदन प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 1,008 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 711 आवेदनों का निष्पादन किया गया। शेष आवेदनों को आवश्यक कार्रवाई एवं निष्पादन के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया है तथा उनका निष्पादन जल्द से जल्द सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

शिविर में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा प्राप्त आवेदनों एवं समस्याओं की जांच करते हुए ऑन-द-स्पॉट समाधान यथासंभव सुनिश्चित किया गया तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत उनकी पात्रता के अनुरूप लाभ उपलब्ध कराने की कार्रवाई की गई। इस पहल का उद्देश्य पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आने वाली कठिनाइयों को दूर करते हुए उन्हें योजनाओं से सीधे जोड़ना है। इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी, वैशाली सहित संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। शिविरों में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति से लाभार्थियों को एक ही स्थान पर योजनाओं से संबंधित जानकारी, आवेदन करने की सुविधा तथा आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई।

संक्षिप्त खबरें

सारण शिक्षक निर्वाचन-कुचायकोट में मतदान की तैयारी पूरी, 214 शिक्षक करेंगे मतदान

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) सारण शिक्षक निर्वाचन को लेकर शुक्रवार को होने वाले मतदान की तैयारियां कुचायकोट प्रखंड में पूरी कर ली गई हैं।मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष को मतदान केंद्र बनाया गया है, जबकि कार्यालय के बाहर बरामदे में मतदान कर्मियों और पोलिंग एजेंटों के बैठने की व्यवस्था की गई है। प्रखंड में कुल 214 शिक्षक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 185 पुरुष और 29 महिला मतदाता शामिल हैं।मतदान सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी आदित्य प्रकाश ने बताया कि मतदान केंद्र के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी।मतदान केंद्र परिसर में केवल अधिकृत मतदाताओं को ही प्रवेश की अनुमति होगी।उन्होंने स्पष्ट किया कि शाम चार बजे तक मतदान के लिए कतार में खड़े सभी मतदाताओं को वोट डालने का अवसर दिया जाएगा।बीडीओ ने बताया कि मतदान प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।प्रशासन की ओर से मतदान केंद्र पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।मतदान के दौरान पूरी प्रक्रिया पर लगातार नजर रखी जाएगी, ताकि निर्वाचन शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके।



गंडक नदी में नाव से 333 लीटर देशी शराब बरामद



कुचायकोट(दैनिक नवसंदेश) विशंभरपुर थाना क्षेत्र के धूप सागर गांव के पास बुधवार की शाम उत्पाद विभाग की टीम ने गंडक नदी के किनारे एक नाव से 333 लीटर देशी शराब बरामद की।इस दौरान तस्करों की एक बाइक भी जब्त की गई। हालांकि, विभाग की कार्रवाई की भनक लगते ही नाव पर सवार तस्कर मौके से फरार हो गए।मिली जानकारी के अनुसार, उत्पाद विभाग की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि गंडक नदी के रास्ते शराब की बड़ी खेप जिले में लाई जाने वाली है। सूचना के आधार पर टीम ने धूप सागर गांव के पास नदी में निगरानी शुरू की।इसी दौरान नदी में एक संदिग्ध नाव दिखाई दी। उत्पाद विभाग की टीम को देखते ही नाव पर सवार तस्कर उसे नदी किनारे छोड़कर फरार हो गए।इसके बाद टीम ने नाव की तलाशी ली, तो उसमें रखे 37 कार्टन से 333 लीटर देशी शराब बरामद हुई। मौके से तस्करों की एक बाइक भी जब्त की गई।इस मामले में उत्पाद विभाग ने तस्करों की पहचान कर नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

313.6 लीटर शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, बोलेरो पिकअप व बाइक जब्त



कुचायकोट (दैनिक नवंसेदश) कुचायकोट शराब तस्करी के खिलाफ मंगलवार की शाम उत्पाद विभाग की टीम और गोपालपुर पुलिस ने अलग अलग कार्रवाई करते हुए 313.6 लीटर शराब बरामद की।इस दौरान तीन तस्करों को गिरफ्तार करने के साथ एक बोलेरो पिकअप और एक बाइक भी जब्त की।मिली जानकारी के अनुसार, उत्पाद विभाग की टीम कुचायकोट थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव के पास वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान एक बोलेरो पिकअप की तलाशी लेने पर उसमें छिपाकर रखी गई 270 लीटर शराब बरामद हुई। टीम ने मौके से पिकअप चालक समेत दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पहाड़पुर छांगुर गांव निवासी पुनीत कुमार और कुचायकोट निवासी रंजय कुमार के रूप में हुई है।वहीं, दूसरी कार्रवाई में गोपालपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के रामपुर खुर्द गांव के पास एक बाइक सवार तस्कर को 43.6 लीटर शराब के साथ पकड़ा है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान भोरे थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी रुदल शाह के रूप में हुई है।दोनों कार्रवाइयों में जब्त शराब के साथ बोलेरो पिकअप और बाइक को जब्त कर। गिरफ्तार तस्करों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय में भेज दिया।

पेटभरिया में अधेड़ की हत्या के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

रुपये के लेनदेन के विवाद में हत्या की आशंका

कुचायकोट (दैनिक नवंसदेश) स्थानीय थाना क्षेत्र के पेटभरिया गांव के पास नाले से अधेड़ का शव बरामद होने के मामले में पुलिस ने एक नामजद आरोपित को गिरफ्तार किया है।मृतक की पहचान विशंभरपुर थाना क्षेत्र के बाजार मटिहनिया गांव निवासी सिराजुल शाह के रूप में हुई थी।मामले में रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद के बाद हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।पुलिस अन्य आरोपितों की भूमिका की भी जांच कर रही है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 18 अक्टूबर को पेटभरिया गांव के पास नाले से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया था।जांच के दौरान मृतक के स्वजनों ने पुलिस को बताया कि इम्तियाज आलम और गुलशन उसे बछड़ा खरीदने के बहाने अपने साथ ले गए थे।रात में जब स्वजनों ने मृतक से संपर्क करने का प्रयास किया तो उसका मोबाइल बंद मिला। अगले दिन स्वजनों को उसके साथ मारपीट कर हत्या किए जाने की सूचना मिली।इस मामले में 19 अक्टूबर को कुचायकोट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपित कुचायकोट थाना क्षेत्र के बावड़ा खुर्द गांव निवासी इम्तियाज मियां को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ के दौरान आरोपित ने मृतक को फोन कर बुलाने की बात स्वीकार की है।पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।घटनास्थल से जुड़े साक्ष्यों, एफएसएल जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं, मामले में अन्य आरोपितों की संलिप्तता की जांच के साथ उनकी गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जा रही है।

दो पक्षों के बीच मारपीट, पांच महिलाओं समेत आठ घायल

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट थाना क्षेत्र के बथना गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में पांच महिलाओं समेत आठ लोग घायल हो गए।घटना के बाद सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया।मिली जानकारी के अनुसार, बथना गांव निवासी अमित कुमार और अनिल साह के परिवारों के बीच जमीन को लेकर पूर्व से विवाद चल रहा था।बताया जाता है कि बुधवार को दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई,जिसके बाद विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों के कुल आठ लोग घायल हो गए।घायलों में एक पक्ष के अमित कुमार, सुनील साह, प्रमिला देवी और पुनीता देवी शामिल हैं।वहीं, दूसरे पक्ष के अनिल साह, अंजलि कुमारी, अनु कुमारी और तनुश्री घायल हुई हैं।घटना के बाद परिवार वाले स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज हुआ।

मां दुर्गा की प्रतिमाओं को दी गई विदाई, विसर्जन संपन्न

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) शारदीय नवरात्र के समापन के बाद शुरू हुआ मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला गुरुवार को संपन्न हो गया।शाम तक क्षेत्र के लगभग सभी पूजा पंडालों की प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया गया।इस दौरान ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के बीच श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी। विसर्जन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।प्रतिमा विसर्जन के लिए प्रशासन ने पहले से ही मार्ग निर्धारित कर दिए थे।जुलूस के साथ मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की गई थी।गुरुवार को दाहा नदी पुल, काला मटिहनिया स्थित गंडक नदी, कुचायकोट पोखरा सहित विभिन्न नदियों और जलाशयों के घाटों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती रही।पूजा समितियों के सदस्य ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे

निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराएं सारण शिक्षक निर्वाचन : जिलाधिकारी

निर्वाचन की पारदर्शिता एवं मतपेटिकाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता



(बैठक में मौजुद डीएम व एसपी)

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) बिहार विधान परिषद् के 03-सारण शिक्षक निर्वाचन 2026 दिनांक 23 अक्टूबर 2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी, समीर सौरभ, पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी की संयुक्त अध्यक्षता में ब्रीफिंग आयोजित की गई। इसमें प्रतिनियुक्त सुपर जोनल, जोनल दंडाधिकारियों, पीठासीन पदाधिकारियों , माइक्रो आब्जर्वर तथा संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को निर्वाचन संबंधी दायित्वों एवं आवश्यक दिशा-निदेर्शों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी समीर सौरभ ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारी पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए। सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी आपसी समन्वय बनाए रखते हुए निर्वाचन कार्यों का सुचारू रूप से संचालन करें। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का पूर्णतः पालन किया जाए। किसी भी प्रकार की समस्या अथवा अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल वरीय पदाधिकारियों को सूचित करते हुए नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मतदान समय पर प्रारंभ कराने, मतपेटिकाओं एवं मतपत्रों की समुचित सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा मतदान केन्द्रों पर निर्धारित नियमों का सख्ती से अनुपालन कराने पर विशेष जोर दिया। उल्लेखनीय है कि गोपालगंज जिले में कुल 1297 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग संबंधित 14 मतदान केंद्रों पर करेंगे। मतदान का समय पूर्वाह्न 8 बजे से अपराह्न 4 बजे तक है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान केन्द्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी तथा निर्धारित परिधि के भीतर अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ऑनलाइन रिपोर्टिंग एवं सूचनाओं के समयबद्ध अद्यतीकरण का निर्देश देते हुए कहा कि डिस्पैच सेंटर से प्रस्थान करने से पूर्व प्राप्त निर्वाचन सामग्री का चेकलिस्ट से अनिवार्य रूप से मिलान कर लिया जाए, ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो। उन्होंने पी-1, पी-2 एवं पी-3 मतदान कर्मियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके दायित्वों के समुचित निर्वहन पर बल दिया। साथ ही, वायलेट रंग के पेन के उपयोग, मतदाता पहचान पत्रों के सत्यापन तथा मतदान के पश्चात मतपेटिकाओं को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जमा कराने सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर विस्तृत निर्देश दिए। इस दौरान माइक्रो आब्जर्वर के दायित्वों पर बल देते हुए मतदान प्रक्रिया की सतत वीडियोग्राफी कराने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक, गोपालगंज श्री विनय तिवारी ने कहा कि निर्वाचन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही या चूक नहीं होनी चाहिए। सभी पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करें तथा अपने दायित्वों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करें। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्धारित समय पर अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर पहुंचने तथा शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं भयमुक्त वातावरण में निर्वाचन सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। संयुक्त ब्रीफिंग में उप विकास आयुक्त, गौरव कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. शशि प्रकाश राय, अनुमंडल पदाधिकारी गोपालगंज डॉ. प्रेरणा सिंह सहित जिला स्तरीय जोनल दंडाधिकारी एवं अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश

दुगार्पूजा को लेकर डीएम-एसपी ने की संयुक्त ब्रीफिंग

सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात एवं अफवाहों पर विशेष निगरानी के निर्देश।



उचकागांव में सारण शिक्षक निर्वाचन को लेकर नवादा परसौनी महावीरी अखाड़ा जुलूस को लेकर समय में बदलाव

फोटो 9 (बैठक में मौजुद अधिकारी व अन्य)

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के नवादा परसौनी गांव में आगामी 22 और 23 अक्टूबर को आयोजित होने वाले महावीरी अखाड़ा जुलूस और मेले के समय में बदलाव करने को लेकर नवादा परसौनी पंचायत भवन में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार झा ने नवादा परसौनी गांव से 23 अक्टूबर को निकलने वाले महावीरी अखाड़ा जुलूस व मेले और उचकागांव प्रखंड मुख्यालय पर सारण शिक्षक निर्वाचन 2026 के मतदान की तिथि में टकराव को देखते हुए प्रशासन के निर्देश पर महावीरी अखाड़ा जुलूस के समय में बदलाव करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उचकागांव प्रखंड मुख्यालय पर 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान व मतदान के पूर्व प्रशासन की तैयारी को देखते हुए नवादा परसौनी में 22 अक्टूबर की रात्रि निकलने वाले महावीरी अखाड़ा जुलूस को अखाड़ा समिति द्वारा हर हाल में चार बजे भोर से पूर्व संपन्न कराना होगा। वही 23 अक्टूबर को मतदान की समाप्ति के पश्चात गांव से महावीरी अखाड़ा जुलूस संध्या पांच बजे से निकल कर मेले के लिए प्रस्थान करेगा। ऐसा करने से प्रशासन व अखाड़ा समिति के बीच सामंजस्य भी बना रहेगा। वहीं महावीरी अखाड़ा मेला व सारण शिक्षक विधान पार्षद निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण कराने में प्रशासन को काफी सहयोग मिलेगा। चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति के पश्चात प्रशासन के देखरेख में गांव से निकलने वाले महावीरी अखाड़ा जुलूस व मेला को शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाएगा। अखाड़ा जुलूस की निगरानी ड्रोन कैमरों से की जाएगी। साथ ही संवेदनशील और विवादित स्थलों पर बैरिकेडिंग की जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। जुलूस में सभी वालंटियर्स को अपना आधिकारिक पहचान पत्र पहनना अनिवार्य होगा। साथ ही अपनी पहचान छिपाने के लिए जुलूस में कोई भी व्यक्ति मास्क पहनकर शामिल नहीं होगा। जुम्मे की नमाज के समय दोपहर एक से दो बजे तक डीजे के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बैठक में समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों से अखाड़े का प्रतिनिधित्व करने की अपील की गई।अंत में सभी ने हिंदू-मुस्लिम सिख-ईसाई आपस में हैं भाई-भाई के संदेश के साथ मिलकर त्योहार मनाने और शांति व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प लिया। मौके पर अपर थानाध्यक्ष टिंकू कुमार, दरोगा आनंद कुमार सिंह, मुखिया अकलू यादव, सरपंच सोहराब आलम, समाजसेवी मुन्ना अंसार, रंजीत यादव, जफर सिद्दीकी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

सड़क हादसे में आशा कार्यकर्ता की मौत, चार बच्चों के सिर से उठा मां का साया



(मृत आशा कार्यकर्ता की फाईल फोटो)

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट थाना क्षेत्र के सासामुसा पेट्रोल पंप के सामने एन एच-27 पर बुधवार की देर शाम सड़क हादसे में बाइक सवार आशा कार्यकर्ता की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार वह ड्यूटी समाप्त होने के बाद अपने बेटे के साथ बाइक से गोपालगंज स्थित घर लौट रही थीं।इसी दौरान अज्ञात वाहन की ठोकर से वह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।हादसे के बाद मृतका के परिवार में मातम पसरा हुआ है। मां की मौत से चार बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।मृतका की पहचान गोपालपुर थाना क्षेत्र के बंजरिया वार्ड संख्या 14 निवासी मनोज कुमार मिश्रा की 40 वर्षीय पत्नी टुन्नी देवी के रूप में हुई। वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट में आशा कार्यकर्ता के पद पर कार्यरत थीं।उनके पति मनोज कुमार मिश्रा हरनौत रेलवे कारखाने में काम करते हैं। टुन्नी देवी अपने चार बच्चों के साथ गोपालगंज के बंजारी के पास रहती थीं।मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार की शाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट में ड्यूटी समाप्त करने के बाद टुन्नी देवी अपने बेटे के साथ बाइक से घर लौट रही थीं। इसी दौरान सासामुसा पेट्रोल पंप के पास एन एच-27 पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर लगने से बाइक अनियंत्रित हो गई और टुन्नी देवी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।हादसे की सूचना मिलते ही कुचायकोट पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को तत्काल सदर अस्पताल गोपालगंज पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार वाले अस्पताल पहुंचे।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।गुरुवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।इसके बाद परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से अंतिम संस्कार किया। आशा कार्यकर्ता टुन्नी देवी की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। चार बच्चों के सिर से मां का साया उठ जाने से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद गांव में भी शोक का माहौल है।

श्रीपुर के युवक की दुबई में मौत, स्वजन में मचा कोहराम

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) श्रीपुर थाना क्षेत्र के सेमरौना गांव निवासी एक युवक की दुबई में मौत हो गई। मृतक की पहचान देवनारायण सिंह के 40 वर्षीय पुत्र संत राज सिंह के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है।स्वजन से मिली जानकारी के अनुसार, संत राज सिंह करीब दो माह पूर्व रोजी-रोटी की तलाश में दुबई गए थे। वहां एक कंपनी में काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। तीन दिन पूर्व कंपनी में कार्य करने के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद कंपनी के कर्मियों और स्थानीय कामगारों के सहयोग से उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की सूचना कंपनी के अधिकारियों ने मोबाइल फोन के माध्यम से स्वजन को दी। इसके बाद से परिवार में मातम पसरा हुआ है। कंपनी के अधिकारियों के समन्वय से मृतक का शव पैतृक गांव लाया गया।घटना की जानकारी मिलने पर गुरुवार को पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह, स्थानीय मुखिया दिलीप बैठा सहित कई गणमान्य लोग मृतक के घर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

सफियाबाद पहुंची दो किशोरों का शव, गांव में पसरा मातमी सन्नाटा, चीख में डूबे परिजन

गैस कांड-18 लोग झुलसे थे, 10 वें दिन मौत से जंग हार गये दो किशोर, मृतकों की संख्या आठ पहुंची, दो की हालत अभी नाजुक



गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) चर्चित सफियाबाद गांव में गैस रिसाव से लगी आग से मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले दो दिनों में चार लोगों की मौत हो चुकी है। गुरुवार को दो और मृतकों की शव बीआरडी मेडिकल कॉलेज से पहुंचा। जिसमें लक्षुमण शर्मा के पुत्र 16 वर्षीय छोटन कुमार शर्मा व राजेश शर्मा के पुत्र 17 वर्षीय कुंदन कुमार शर्मा शामिल थे। 10 दिनों तक मौत से जंग लड़ने के बाद जीवन का जंग हार गये। शव के पहुंचने के साथ ही गांव में मातम पसरा है। जैसे मौत की खबर आ रही कि गांव में चीत्कार मच जा रहा। छोटन की मौत बुधवार को ही हो गयी थी। जबकि बुधवार की आधी रात को कुंदन की भी मौत की खबर गांव में पहुंची। छोटन की शव का गुरुवार को गांव में गम और गुस्से के बीच अंत्येष्टी की गयी। ग्रामीणों की माने तो अभी दो और लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। गोरखपुर में मेडिकल कॉलेज में इलाजरत है। इन्फेक्शन का खतरा बढ़ा हुआ है।

महिलाएं एक-दूसरे को सिंदूर लगा कर, नम आंखों से किया मां दुर्गा की विदाई



गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) मां दुर्गा के दरबार में आस्था के रंग अनेक हैं। कहीं ढाक की थाप पर देवी का आह्वान व विदाई हुआ तो कहीं सुहाग की लंबी उम्र की कामना के साथ महिलाएं मां की गोद में खोईछा भरी। तो सिंदूर की लालिमा के बीच नम आंखों से मां को विदाई दी। गोपालगंज की दुगार्पूजा की खूबसूरती केवल भव्य पंडालों और आकर्षक प्रतिमाओं में नहीं, बल्कि उन परंपराओं में भी बसती है, जिन्हें पीढ़ियां सहेजती आई हैं। कालीस्थान रोड़ में रोड में रोड में डॉ नंदी ग्रेस स्कूल में मां के दरबार में कोहड़ा अर्पित करने की परंपरा हो या स्टेशन रोड में राजा दल, बंजारी में न्यू राजदल में में खोईछा भरने के लिए महिलाओं की लंबी कतार, हर रस्म अपने भीतर धार्मिक विश्वास और सामाजिक जुड़ाव की कहानी समेटे है। यही विविधता अंग की धरती पर दुर्गोत्सव को विशिष्ट पहचान देती आ रही है। 10 दिनों तक अराधना पूजा के साथ अब विसर्जन किया गया। शारदीय नवरात्र के समापन पर गुरुवार को मीरगंज में मां दुर्गा की 45 प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा और भक्ति के माहौल में हुआ. मां की विदाई के दौरान श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। जयकारों, भक्ति गीतों और गाजे-बाजे के बीच निकली विसर्जन शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार प्रतिमाओं का विसर्जन इटवा स्थित बाणगंगा नदी (दाहा नदी) में किया गया। विसर्जन के लिए घाट पर क्रेन की व्यवस्था की गई थी। आकर्षक पंडालों में उमड़ी भीड़ मीरगंज शहर में पांच दिनों तक दुर्गोत्सव की धूम रही। थाना मोड़ स्थित कालीघाट मंदिर की तर्ज पर बने पंडाल, कुशवाहा चैक की दुर्गा प्रतिमा, मिल रोड, सोनार टोली चैक और राजमोहन कॉलोनी के आकर्षक पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने रहे। सुबह से देर रात तक दर्शन-पूजन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ती रही। बाजारों और प्रमुख चैक-चैराहों पर भी चहल-पहल बनी रही. विभिन्न स्थानों पर आयोजित भंडारों में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। विसर्जन से पहले पूजा पंडालों में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए.सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक सिंदूर खेला की रस्म निभाई। मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर महिलाओं ने खोइछा भरा और परिवार की सुख-समृद्धि व अखंड सौभाग्य की कामना की। इसके बाद प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए रवाना किया गया। शोभायात्रा में श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते और मां के जयकारे लगाते नजर आए। प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन सतर्क रहा। मीरगंज के सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इटवा स्थित विसर्जन घाट पर सुरक्षा के मद्देनजर गोताखोरों को लगाया गया था। प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए क्रेन की भी व्यवस्था की गई थी। एसडीएम हथुआ संतोष कुमार और एसडीपीओ हथुआ राजेश प्रसाद लगातार सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे। मीरगंज थानाध्यक्ष राजीव रंजन भी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

पुलिस पदाधिकारियों के साथ अभद्रता करना युवक को पड़ा महंगा, गया जेल

विजयीपुर (दैनिक नवसंदेश) विजयीपुर में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जगह जगह पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। शान्ति पूर्वक पूजा समिति के सदस्यों द्वारा विसर्जन भी किया जा रहा था कि इसी बीच पुलिस पदाधिकारियों से एक युवक उलझ गया और सरकारी कार्य में बांधा उत्पन्न करते हुए अमार्यादित भाषा का प्रयोग किया। सुचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और थाना लाया। गिरफ्तार युवक का नाम अमन यादव है जो थाना क्षेत्र के बिलरूआ गांव निवासी फुलेश्वर यादव का लड़का है। थानाध्यक्ष गुलाम मुर्तजा ने गिरफ्तार युवक के विरुद्ध सरकारी कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने, पुलिस पदाधिकारी के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने सहित अन्य सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई हेतु गुरुवार को पुलिस अभिरक्षा में गोपालगंज न्यायालय में भेज दिया।